रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 7 अगस्त 2020 पृष्ठ-12 वर्ष-04, अंक-350 मूल्य 3.00 ₹




## क्विक न्यूज

### पूर्व विधानसभा अध्यक्ष की पत्नी, बेटा- बहु समेत संपर्क में आए 11 लोग संक्रमित

**रायपुर।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल के कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद अब उनके परिवार के अन्य सदस्यों सहित संपर्क में आने वाले 11 लोग भी संक्रमित पाए गए है। गौरी शंकर के अलावा उनकी पत्नी, बेटा, बहु, बड़ी बेटी, दामाद के अलावा अन्य शामिल हैं। बेटे नितिन अग्रवाल और बहु संध्या अग्रवाल ने सोशल मीडिया में बयान जारी कर संक्रमित होने की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि पॉजिटिव पाए ➤शेष पेज 8 पर

### मनोज सिन्हा जम्मू-कश्मीर के नए उपराज्यपाल होंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व रेल राज्य मंत्री मनोज सिन्हा (61) जम्मू-कश्मीर के नए उपराज्यपाल होंगे। राष्ट्रपति भवन ने यह जानकारी दी है।



सिन्हा मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में रेल राज्य मंत्री और संचार राज्य मंत्री रह चुके हैं। हालांकि, पिछले साल गाजीपुर सीट से लोकसभा चुनाव हार गए थे। यूपी में 2017 के विधानसभा चुनाव के बाद उनका नाम मुख्यमंत्री उम्मीदवार ➤शेष पेज 8 पर

### भारत ने सुरक्षा परिषद में कश्मीर मसला उठाने की चीन की कोशिश की खारिज

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कश्मीर का मसला उठाने की चीन की कोशिश गुरुवार को खारिज करते हुए इसे देश का आतंरिक मामला बताया और चीन से इस तरह के विफल प्रयासों से सबक लेने का अनुरोध किया। भारत ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब चीन ने सुरक्षा परिषद में कश्मीर मसला उठाने का प्रयास किया है। उन्हें हालांकि इस पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय से कुछ खास समर्थन नहीं मिला है।

# राजधानी में नहीं लगेगा लॉकडाउन

## बाजार आज से खुलेंगे, रविवार को बंद रहेंगी सभी दुकानें

### दुकानों के खुलने और बंद करने का समय हुआ निर्धारित

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी रायपुर में कोरोना के संक्रमण में भले ही लगातार इजाफा हो रहा है, लेकिन अब लॉकडाउन आगे नहीं बढ़ेगा. लॉकडाउन न बढ़ाकर जिला प्रशासन ने दुकानों के खोलने और बंद करने का समय निर्धारित किया है. इसी निर्धारित समय के अनुसार व्यापारियों को दुकानें खोलनी होगी. इस तरह प्रतिदिन 8 घंटे दुकानें खोले जाएंगे. इसके साथ ही सप्ताह में एक दिन रविवार को सभी व्यवसाय बंद रहेगा. यह फैसला व्यापारिक संगठन और जिला प्रशासन की बैठक में लिया गया है.

इसके अलावा दुकानों के सामने सोशल डिस्टेसिंग का पालन करना होगा. दुकानदारों को 50 मास्क कम से कम अपने पास रखना होगा. अगर कोई ग्राहक बिना मास्क के आता है, तो दुकानदारों को उसको मास्क देना अनिवार्य होगा. नियम तो?ने वाले दुकानदार की दुकान 15 दिनों के लिए सील कर दी जाएगी. संक्रमण को देखते हुए दुकानों के समय ब?ाने और घटाने पर 15 दिनों के बाद फिर रिव्यू किया जाएगा।



**रायपुर में दुकानें खुलने का समय हुआ निर्धारित**

- सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक - सब्जी, डेयरी, मटन, मछली की दुकानें खुलेंगी.
- सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक - किराना, जनरल, प्रोविजन की दुकानें.
- दोपहर 11 बजे से रात 7 बजे तक - अन्य समस्त व्यवसाय खुलेंगी.
- सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक- रेस्टोरेन्ट होटल में बैठकर खाना खा सकेंगे.
- रात 8 बजे से रात 10 बजे तक - खाने की होम डिलीवरी होगी.
- सुबह 6 से 9 बजे तक और शाम 5 से रात 8 बजे तक - ठेले पर खाद्य सामग्री (गुपगुच, मोमोस, चाट आदि)
- रविवार को सिर्फ सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक- डेयरी की दुकान खुलेगी।

### लॉकडाउन के संबंध में निर्णय लेने के लिए जिला कलेक्टर अधिकृत : भूपेश

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है की लॉकडाउन के संबंध में निर्णय लेने के लिए जिला कलेक्टरों को अधिकृत किया गया है।



कलेक्टर जिले की परिस्थितियों और जिले में कोरोना संक्रमण की स्थिति को ध्यान में रखते हुए और इस संबंध में वे स्थानीय व्यापारियों और लोगों से चर्चा कर निर्णय लेंगे। श्री बघेल ने कहा है कि कोरोना से बचाव में ही सुरक्षा है। सभी लोगों को इस संकट से बचने के लिए फिजिकल डिस्टेंसिंग, मास्क लगाना, समय-समय पर हाथ धोने जैसे उपायों का कड़ाई से पालन करना चाहिए। साथ ही अति आवश्यक होने पर ही भीड़ भाड़ वाले स्थान पर जाना चाहिए।

# इधर...लॉकडाउन खुलने से एक दिन पहले...

### रायपुर सेंट्रल जेल में कोरोना ब्लास्ट, एक ही दिन में 39 कैदी व 2 अफसर सहित 41 मरीज मिले

### राजधानी में शाम तक 174 नये केस, प्रदेश भर में अब तक 395 से पार मरीजों का आंकड़ा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर सेंट्रल जेल में कोरोना का ब्लास्ट हुआ है। आज एक ही दिन में सेंट्रल जेल से 41 कोरोना पॉजेटिव मिले हैं। जेल में मिले कोरोना पॉजेटिव मरीजों में 39 कैदी हैं, जबकि 2 ट्रेनी असिस्टेंट जेलर शामिल हैं। राजधानी के जेल में 41 नये कोरोना मरीज मिलने के बाद अब राजधानी में हड़कंप मच गया है। ये आंकड़े उस वक्त सामने आये हैं, जब आज ही लॉकडाउन को खोलने का ऐलान छत्तीसगढ़ में किया गया है। जेल में मिले सभी कैदी ब्लाक-3 में थे। अब उस ब्लाक के आसपास के सभी कैदियों का कोरोना टेस्ट कराया जा रहा है।

राजधानी रायपुर में अगर कुल मरीजों की संख्या की बात करें तो आज 174 नये केस सामने आये हैं। वहीं पूरे प्रदेश में ये आंकड़ा 395 के पार पहुंच गया है। राजधानी रायपुर के 174 मरीजों के अलावे




बिलासपुर में अभी तक 36 नये मरीज सामने आये हैं, 17 दुर्ग, 20 बस्तर सहित कई जिलों से भी काफी संख्या में मरीज मिले हैं।

### स्वास्थ्य विभाग द्वारा 2 अगस्त की स्थिति में रेड, ऑरेंज और ग्रीन जोन वाले क्षेत्रों की अधिसूचना जारी

**रायपुर।** राज्य शासन के स्वास्थ्य विभाग ने रेड, ऑरेंज और ग्रीन जोन वाले क्षेत्रों की नई सूची अधिसूचित की है। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के मुताबिक प्रदेश के सभी विकासखंडों और शहरी क्षेत्रों में कोविड-19 के सि य मामलों की संख्या, इनके दोगुने होने की दर तथा प्रति एक लाख जनसंख्या पर सैंपल जांच की ताजा स्थिति के आधार पर उन्हें रेड, ऑरेंज और ग्रीन जोन में पुनः वर्गीकृत किया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 2 अगस्त की स्थिति के आधार पर यह वर्गीकरण किया गया है।

## निगम-मंडल समेत संगठन के शेष पदों पर पुनिया के साथ होगी चर्चा, सूची अगले हफ्ते संभव

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी पीएल पुनिया कल 7 अगस्त को रायपुर दौरे पर आएंगे। उनका 8 अगस्त की रात दिल्ली लौटने का कार्यक्रम है। उनके आने के साथ ही निगम-मंडल और संगठन के शेष पदों पर नियुक्तियों को लेकर अंतिम चर्चा होगी। इसके बाद दो-तीन दिन के भीतर निगम-मंडल, आयोगों के पदाधिकारियों की सूची घोषित की जाएगी। इसमें करीब 110 लोगों के शामिल होने की संभावना है।



दरअसल एक सप्ताह पहले सीएम भूपेश की अध्यक्षता में हुई बैठक में निगम-मंडल और आयोगों के नाम लगभग तय कर लिए गए हैं। प्रदेश प्रभारी पुनिया की सहमति मिलते ही नाम घोषित किए जाएंगे। पहली खेप में प्रदेश के 26 सरकारी उपक्रमों के पदों पर नियुक्तियां की गई थी अभी लगभग 23 उपक्रमों में नियुक्तियां शेष हैं। सरकार ➤शेष पेज 8 पर

### मंत्रिमंडलीय उप समिति की बैठक 10 अगस्त को

**रायपुर।** राज्य शासन द्वारा धान खरीदी एवं कस्टम मिलिंग नीति की समीक्षा कर सुझाव देने के लिए गठित मंत्रिमंडलीय उप समिति की बैठक 10 अगस्त को दोपहर 12 बजे से मंत्रालय महानदी भवन में होगी। बैठक में आगामी खरीफ वर्ष की धान खरीदी एवं कस्टम मिलिंग नीति की समीक्षा की जाएगी। खाद्य मंत्री अमरजीत भगत की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उप समिति के सदस्यों में परिवहन एवं वन मंत्री, स्कूल शिक्षा मंत्री, कृषि मंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री शामिल होंगे।

- **धान खरीदी एवं कस्टम मिलिंग नीति की होगी समीक्षा**

# कोरोना से विश्व में 7 लाख से अधिक की मौतें

वार्ता ➤ बीजिंग/जिनेवा/नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

वैश्विक महामारी कोरोना वायरस (कोविड-19) का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है और इसके कारण अब तक 1.87 करोड़ से ज्यादा लोग संक्रमित हुए हैं तथा सात लाख से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।




कोविड-19 के संक्रमितों के मामले में अमेरिका दुनिया भर में पहले, ब्राजील दूसरे और भारत तीसरे स्थान पर है। वहीं इस महामारी से हुई मौतों के मामले में अमेरिका पहले, ब्राजील दूसरे, मेक्सिको तीसरे और ब्रिटेन चौथे स्थान पर है जबकि भारत मृतकों की संख्या के मामले में पांचवें स्थान पर है। अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केन्द्र (सीएसएसई) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार कोरोना से विश्वभर में 18,738,350 लोग संक्रमित हुए हैं तथा 706,342 लोगों की मृत्यु हुई है। विश्व महाशक्ति माने जाने वाले अमेरिका में कोरोना से अब तक 4,821,296 लोग कोरोना वायरस से संक्रमित हो चुके हैं तथा 158,170 लोगों की मौत हो चुकी है। ब्राजील में अब तक 2,859,073 लोग इसकी चपेट में आ चुके हैं जबकि 97,256 लोगों की मौत हो चुकी है।

### देश में कोरोना संक्रमण के 56 हजार से अधिक नये मामले

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** देश में कोरोना सं मण की भयावह होती स्थिति के बीच पिछले 24 घंटों में 56 हजार से अधिक नये मामले सामने आने से सं मितों की संख्या 19.64 लाख के पार हो गयी है तथा 904 लोगों की मौत से मृतकों की संख्या 40,699 पर पहुंच गयी है। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी आंक?ों के मुताबिक पिछले 24 घंटों में 52,050 लोगों के सं मित होने से सं मितों की संख्या 19,64,537 हो गयी। राहत की बात यह रही कि इस दौरान 46,121 लोग सं मणमुक्त भी हुए हैं जिससे स्वस्थ होने वालों की संख्या 13,28,337 हो गयी है। मंत्रालय के अनुसार स्वस्थ होने वालों की दर 67.62 प्रतिशत पर पहुंच गयी है और मृत्यु दर 2.07 प्रतिशत है। नौ राज्यों में स्वस्थ होने वालों की संख्या बढ़ने के बावजूद देश में सि य मामले 9,257 बढ़े हैं जिससे ➤शेष पेज 8 पर

**भारत-चीन विवाद : रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, चीन के साथ गतिरोध लंबे अरसे तक बने रहने की आशंका**

# रक्षा मंत्रालय की रिपोर्ट में लद्दाख में चीन की घुसपैठ का जिक्र, फिर प्रधानमंत्री ने झूठ क्यों बोला : राहुल

- **राहुल गांधी पहले भी केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते रहे हैं**

एजेंसी ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच जारी तनाव के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। रक्षा मंत्रालय के एक दस्तावेज का हवाला देकर राहुल ने कहा- रक्षा मंत्रालय चीन की तरफ से सीमा उल्लंघन की बात मान रहा है। तो फिर प्रधानमंत्री झूठ क्यों बोल रहे हैं?

दरअसल, चीन की सेना की घुसपैठ पर रक्षा मंत्रालय ने एक डॉक्यूमेंट जारी किया है। इसमें पूर्वी लद्दाख के पैंगोंग त्सो,



गोगरा और कुंगरांग नाला में चीनी घुसपैठ की जानकारी दी गई है। इसमें कहा गया है कि चीन 5 मई से ही आक्रामक रुख अपना रहा था। राहुल ने इस बारे में एक मीडिया रिपोर्ट शेयर करते हुए प्रधानमंत्री से सवाल पूछा और उन पर झूठ बोलने का आरोप लगाया।

### रक्षा मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर अपलोड की रिपोर्ट

रक्षा मंत्रालय ने हाल ही में अपनी वेबसाइट पर सीमा विवाद से जुड़े डॉक्यूमेंट अपलोड किए हैं। इनके मुताबिक- एलएसी और खासकर गलवान घाटी में 5 मई से चीन की आक्रामकता बढ़ रही थी। उसने 17-18 मई को कुंगरांग नाला, गोगरा और पैंगोंग झील के उत्तरी किनारे पर घुसपैठ की थी। मंत्रालय ने पहली बार चीनी घुसपैठ की बात मानी है।

### दोनों देशों के बीच अब तक 5 मीटिंग हुई

मंत्रालय के मुताबिक, तनाव कम करने के लिए दोनों पक्षों में कोर कमांडर लेवल की फ्लैग मीटिंग 6 जून 2020 को हुई थी। हालांकि, 15 जून 2020 को दोनों देशों के बीच हिंसक झड़प हुई। इसके बाद दूसरी कोर कमांडर की बैठक 22 जून को हुई। इसमें सैनिकों के पीछे हटाने की प्रक्रिया पर चर्चा हुई। तीसरी बैठक 30 जून को हुई और यह लगभग 12 घंटे तक चली। बैठक के दौरान, शांति बहाली के लिए तनाव वाले सभी इलाकों पर चर्चा हुई। इसमें चीन पैंगोंग त्सो से पीछे हटने को तैयार हो गया था। हालांकि, उसके सैनिक पीछे नहीं हटे।

**राजस्थान का सियासी संकट**

# बसपा विधायकों के कांग्रेस में जाने पर हाईकोर्ट से स्टे मिलेगा या नहीं, इस पर 11 को फैसला

एजेंसी ➤ जयपुर
www.dailypioneer.com

- **कोर्ट ने कहा कि जैसलमेर जिला जज के जरिए नोटिस तामील करवाए जाएंगे विधायक वहीं होटलों में रुके हैं**
- **बसपा के 6 विधायक 9 महीने पहले कांग्रेस में गए थे, भाजपा और बसपा ने इसे चुनौती दी है**

राजस्थान की सियासी उठापटक के बीच बसपा विधायकों के मामले में हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने गुरूवार को फैसला दिया कि विधायकों को सिंगल बेंच से जारी नोटिसों की 8 अगस्त तक तामील करवाई जाएगी। इसकी जिम्मेदारी जैसलमेर जिला जज को दी जाएगी। जरूरत पड़ने पर वे पुलिस की मदद भी ले सकेंगे।

**डिवीजन बेंच ने सिंगल बेंच से कहा- 11 अगस्त को सुनवाई पूरी कर फैसला दें-** डिवीजन बेंच ने विधायकों के दलबदल पर टेंपरेरी स्टे का फैसला सिंगल बेंच पर ही छोड़ दिया। सिंगल बेंच में 11 अगस्त को सुनवाई होगी। डिवीजन बेंच ने निर्देश दिया है कि उसी दिन सुनवाई पूरी फैसला सुना दिया जाए।

**नोटिस जैसलमेर-बाड़मेर के अखबारों में भी पब्लिश होंगे-** गहलोत गुट के विधायक जैसलमेर में बाड़ेबंदी में हैं। बसपा से कांग्रेस में गए 6 विधायक भी उनमें शामिल हैं।

अब जैसलमेर और बाड़मेर के प्रमुख अखबारों में भी नोटिस पब्लिश करवाया जाएगा। इस मामले में भाजपा विधायक मदन दिलावर और खुद बसपा ने भी हाईकोर्ट की सिंगल बेंच के आदेश को डिवीजन बेंच में चुनौती दी थी। सिंगल बेंच ने विधायकों के दलबदल पर तुरंत स्टे देने की बजाय 30 जुलाई को नोटिस जारी किए थे।

### दिलावर और बसपा ने कहा था- नोटिस तामील कैसे होंगे?

उनका कहना था कि सिंगल बेंच ने स्टे नहीं दिया और रही नोटिस की बात तो बाड़ेबंदी में विधायकों को नोटिस कैसे तामील हो पाएंगे? डिवीजन बेंच ने कहा कि सिंगल बेंच ने स्टे की अर्जी खारिज नहीं की है, इसलिए हम स्टे नहीं दे सकते। लेकिन, नोटिस तामील करवाने की व्यवस्था कर रहे हैं।

## डेढ़ लाख से ज्यादा पौधे रोप रही है सरकार, पर्यटकों को वनौषधियों के भी होंगे दर्शन

# सुगंधित फूलों और मीठे फलों से भरा होगा राम वनगमन मार्ग

- तीर्थ के साथ जैव विविधता का भी ले सकेंगे लुत्फ
- पर्यटन-तीर्थों में सुंदर वाटिकाएं बनाई जाएंगी

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com






भगवान राम के एक पड़ाव से दूसरे पड़ाव तक ले जाने वाले मार्ग के दोनों किनारों पर नाना प्रकार के फूलों और फलों के वृक्ष रोपित किए जा रहे हैं। इस मार्ग पर पर्यटकों को अनेक तरह की वनौषधियों के भी दर्शन होंगे। पूरे राम वन गमन पथ पर ऐसा वातावरण निर्मित किया जा रहा है, जिससे राम के वनवास काल का मनोरम छत्तीसगढ़ सजीव हो उठे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर इसी महीने काम शुरु हो जाएगा।

राम के वनवास काल से संबंधित 75 स्थानों को चिन्हित कर उन्हें नये पर्यटन सर्किट के रुप में आपस में जोड़ा जा रहा है। पहले चरण में उत्तर छत्तीसगढ़ में स्थित कोरिया जिले से लेकर दक्षिण के सुकमा जिले तक 9 स्थानों का सौंदर्यीकरण तथा विकास किया जा रहा है। इस पर 137 करोड़ 75 लाख रुपये खर्च होंगे। ये सभी स्थान पहले ही प्राकृतिक दृश्यों से भरपूर हैं। अब इन्हें और भी हराभरा किया जाएगा। सभी चयनित पर्यटन-तीर्थों पर सुगंधित फूलों वाली सुंदर वाटिकाएं तैयार की जाएंगी। राम वन गमन के 528 किलोमीटर मार्ग के दोनों किनारों पर डेढ़ लाख से अधिक पौधे रोपित करने की जिम्मेदारी वन विभाग को दी गई है।



मूल परियोजना पर काम शुरु होने से पहले ही विभाग ने अपना 90 प्रतिशत काम पूरा भी कर लिया है। पूरे मार्ग पर पीपल, बरगद, आम, हर्रा, बेह?ा, जामुन, अर्जुन, खम्हार, आंवला, शिशु, करंज, नीम आदि के पौधों का रोपण किया जा रहा है। इन पौधों की सुरक्षा के लिए बांस से बने विशेष तरह के ट्री-गार्डों का उपयोग किया जा रहा है, जो पूरी तरह से पर्यावरण के अनुकूल हैं। इनका निर्माण महिला स्व सहायता समूहों द्वारा किया गया है।

राम वन गमन पथ के माध्यम से दुनियाभर के सामने राज्य जैव विविधता का प्रदर्शन भी किया जाएगा। यह परिपथ कोरिया स्थित गुरुघासीदास राष्ट्रीय उद्यान, सूरजपुर स्थित तमोर पिंगला अभयारण्य, बलरामपुर के सेमरसोत अभयारण्य, जशपुर के बादलखोल अभयारण्य, रायगढ़ के गोमर्डा अभयारण्य, मुंगेली के अचानकमार अभयारण्य, कवर्धा के भोरमदेव अभयारण्य, बलौदाबाजार स्थित बारनवापारा अभयारण्य, धमतरी स्थित सीतानदी अभयारण्य, गरियाबंद के उदंती अभयारण्य, बस्तर जिले में स्थित कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान, बीजापुर के इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान, पामेड़ और भैरमगढ़ अभयारण्यों को भी एक-दूसरे के करीब लाएगा।

इनमें से उदंती तथा सीतानदी अभयारण्यों को 2009 से टाइगर रिजर्व घोषित किया जा चुका है।

# ताम्रध्वज साहू को जन्मदिन की बधाई देने निवास पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



गृहमंत्री मंत्री ताम्रध्वज साहू को जन्मदिन पर बधाई देने के लिए आम लोगों के साथ ही खास लोग भी उनके निवास पहुँचे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी गृहमंत्री साहू को बधाई देने उनके सरकारी आवास पहुँचे। मुख्यमंत्री ने गृहमंत्री को गुदस्ता भेंट करते हुए उनके स्वस्थ, सुदीर्घ और खुशहाल जीवन की कामना की. इस दौरान दोनों ही नेता कुछ देर तक आपस में हास-परिहास भी करते रहे।

ताम्रध्वज साहू का जन्म 06 अगस्त 1949 को बेमेतरा जिले के बेरला विकासखंड स्थित पतोरा गाँव में हुआ था. वे आज अपना 71वाँ जन्मदिवस मना रहे हैं. वे एक सफल राजनेता के साथ ही रामचरित मानस के अच्छे वक्ता और जानकार हैं। राजनीति के साथ साहू समाज में भी बेहद सक्रिय हैं। वे अविभाजित दुर्ग जिले के तत्कालीन धमधा विधानसभा से विधायक और मंत्री रह चुके हैं। 2014 से 2018 तक सांसद रह चुके हैं। कांग्रेस के ओबीसी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष का दायित्व संभाल रहे हैं. अखिल भारतीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य हैं. वहीं वर्तमान भूपेश सरकार में गृह मंत्रालय के साथ लोक निर्माण विभाग और धर्मस्व मंत्री की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

गृहमंत्री साहू ने कहा कि कोरोना (कोविड 19) महामारी के बढ़ते संक्रमण के दौर में मैने अपना जन्मदिन नहीं मनाने का निर्णय लिया था. दूरसंचार व सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों से आप सभी का शुभकामना संदेश मिला जिसके लिए हृदय से आभार. आप लोगों के इस प्रेम और अपनेपन से अभिभूत हूं. मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप लोगों का स्नेह और सहयोग सदैव निरंतर बना रहेगा।

# गैरेज संचालक पर हमला, 3 दिनों में चाकूबाजी की 5 वीं घटना

**रायपुर।** राजधानी के राजेन्द्र नगर थाना इलाके में चाकूबाजी की घटना सामने आई है। ऑटो गैरेज संचालक हरीश तांडी पर बदमाशों ने ताबड़तोड़ अंदाज में हमला किया है। देर रात 4 बाइक सवार बदमाशों ने हत्या की नीयत से ऑटो गैरेज संचालक हरीश तांडी पर हमला किया है।

# लॉकडाउन खत्म होने के बाद भी नहीं चलेगी यात्री बसें

## सात सूत्रीय मांग को लेकर गृहमंत्री को सौंपा है ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर जिले में लॉकडाउन का आज अंतिम दिन है। पिछले कई दिनों से बसें शुरू होने की बाट जोह रहे यात्रियों को अभी और मुसीबत झेलनी होगी। बस संचालकों ने लॉकडाउन के बाद बसें संचालित करने में अपनी असमर्थतता जाहिर कर आज गृहमंत्री को ज्ञापन सौंपा है।

राजधानी के बस मालिकों ने एक स्वर में घाटे में रहकर बस चलाने से इंकार कर दिया है। बम मालिकों के समूह ने सर्वसम्मति से तय किया है कि जब तक उनकी सात सूत्रीय मांगे पूरी नहीं होगी वे बस नहीं चलाएंगे। ज्ञात हो कि शासन ने सख्त दिशा-निर्देश देकर बस संचालित करने के लिए पूर्ण में अनुमति दी थी। इसमें यात्रियों के मध्य एक सीट का अंतर रखने, क्षमता से आधी सवारी बिठाने, यात्रियों की स्क्रीनिंग करने, सेनेटाइजिंग की व्यवस्था करने जैसी कई बातें शामिल थी।

बस संचालकों ने कुछ दिनों तक बसें संचालित की लेकिन इसके बाद उन्हें लगातार हो रहे आर्थिक नुकसान के चलते बसों के पहिए थम गए थे। बताया जाता है कि बस केवल 14 से 15 दिन ही चल पाई थी कि बस मालिकों ने लगातार हो रहे नुकसान को देखते हुए बसें नहीं चलाने का फैसला किया था। इसके बाद से ही बसों के पहिए थमे हुए हैं। इधर राज्य के कई इलाके ऐसे हैं जहां केवल बसों से ही आवाजाही की जा सकती है। ऐसे क्षेत्र के यात्री बेसब्री से बसें चलने का इंतजार कर रहे हैं। लेकिन ऐसे यात्रियों को अभी और मुसीबत झेलनी होगी।

बस मालिकों ने अपनी 7 सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर वर्तमान में बसें नहीं चलाने का फैसला किया है। बस मालिकों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर आज गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू को ज्ञापन सौंपकर अपनी बात रखी है। अब देखने वाली बात है कि शासन-प्रशासन बस मालिकों की मांगों पर क्या कदम उठाती है।

# स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2020 में फाइनल राउंड तक पहुंची थी बीआईटी रायपुर, छात्रों का प्रदर्शन भी रहा सराहनीय

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2020 में बीआईटी रायपुर के छात्रों का प्रदर्शन सराहनीय रहा है. छत्तीसगढ़ से सभी कॉलेज के छात्रों ने इसमें भाग लिया था जिसमें कुछ ही कॉलेज के टीम सेलेक्ट हुई और फाइनल राउंड आते तक 5 टीम ही छत्तीसगढ़ से सिलेक्ट हुई. जिसमें से एक टीम बीआईटी रायपुर की थी।

इंटरनल राउंड में 12 टीमें बीआईटी रायपुर से भाग लिए, जिसमें से 6 को चुना गया. उसके बाद एक्सटर्नल राउंड में कंप्यूटर साइंस डिपार्टमेंट से एक टीम चयनित हुई और फाइनल राउंड तक पहुंची. फाइनल राउंड में पहुंचने वाले छात्रों में कुणाल देवांगन, अभिनव तिवारी, अभिषेक कश्यप, प्रीति प्रधान, प्रियंका जोशी, चंद्रप्रकाश देवांगन, यह सभी कंप्यूटर साइंस अंतिम वर्ष के छात्र हैं और इनके मेंटर प्रोफेसर नरेंद्र देवांगन और प्रोफेसर आदित्य तिवारी थे।

चयनित छात्रों ने अपने प्रोजेक्ट के बारे में बताया कि सरकार के लिए सिक्किम में निर्माण की प्रगति का प्रबंधन और अवलोकन करने के लिए कोई ऑनलाइन मंच नहीं है. योजनाएं जैसे गरीब आवास योजना, हमारी परियोजना ऐसे निर्माण कार्य की निगरानी के लिए एक विशेष प्रबंधन सूचना प्रणाली है. जिसमें निर्माण कार्य कहां पर हो रहा है और कहां तक पहुंचा है इसकी जानकारी दी जाती है। यदि यह परियोजना व्यावहारिक रूप से लागू होती है, तो गरीब आवास योजना जैसी योजनाओं के लिए पैसे की मंजूरी के लिए परेशानी ऑफ़लाइन काम को कम कर देगी. साथ ही लाभार्थी अपने घरों के निर्माण की वास्तविक समय की प्रगति देख सकेंगे. यह समय की बचत है और सभी डेटा को डेटाबेस में सुरक्षित रूप से संग्रहित किया जाएगा। 1 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी राज्यों के प्रतिभागियों को संबोधित किया और आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में सभी को कुछ अच्छा करने की प्रेरणा दी. संस्था के प्राचार्य डॉ. टी रामाराव ने सभी छात्रों एवं उनके मेंटर को फाइनल राउंड तक पहुंचने के लिए बधाई दी।

## महंत के निवास पहुँचे मुख्यमंत्री बघेल, सत्र को लेकर हुई चर्चा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण के बीच आयोजित होने वाले मानसून सत्र को लेकर चर्चा करने आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत के निवास पहुँचे. इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री रविन्द्र चौबे भी मौजूद रहे. 25 अगस्त से शुरू होने वाला यह सत्र किस तरह से होगा इस पर बातचीत हुई। कोरोना के मद्देनज़र इस बार यह सत्र कई मायनों में खास रहेगा. सत्र को लेकर यह तय हुआ कि विधानसभा में सिर्फ विधायकों को ही अनुमति रहेगी. उनके साथ न तो कार्यकर्ता अंदर प्रवेश करेंगे न ही उनके सहायक. सिर्फ एक गार्ड को उनके साथ अंदर जाने की अनुमति होगी। वहीं इस बार विधासनभा में मीडिया को भी अनुमति नहीं रहेगी. मीडिया कवरेज पर प्रतिबंध रहेगा. मीडियाकर्मी विधानसभा के बाहर से ही कवरेज कर सकेंगे। गौरतलब है कि विधानसभा का मानसून सत्र 25 अगस्त से 28 अगस्त आयोजित है।

# एक तिहाई मैनपावर के साथ शुरू होगा कामकाज, बाकी वर्क फ्रॉम होम रहेंगे

## 5 कर्मचारियों के कोरोना के बाद से महानदी और इंद्रावती को बंद कर दिया गया

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों पर नियंत्रण के लिए लागू किए गए लॉकडाउन का आज आखिरी दिन है. जरूरी दिशा-निर्देशों के साथ 7 अगस्त से प्रतिबंध हटा लिए जाएंगे. इस बीच मंत्रालय (महानदी भवन) और विभागाध्यक्ष कार्यालय (इंद्रावती भवन) में भी एक तिहाई कर्मचारी-अधिकारियों के साथ कामकाज दोबारा शुरू किया जाएगा।

गौरतलब है कि लॉकडाउन घोषित किए जाने के साथ ही महानदी भवन और इंद्रावती भवन के संचालन पर भी रोक लगाई गई थी. सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी करते हुए लॉकडाउन अवधि में वर्क फ्राम होम के निर्देश दिए थे. बीते हफ्ते इंद्रावती भवन में पांच कर्मचारी कोरोना पॉजीटिव पाए गए थे।

17 जुलाई को श्रम विभाग में कार्यरत 45 वर्षीय एक कर्मचारी की कोरोना से मौत के बाद उसके प्राइमरी कांटेक्ट में आने वाले अन्य कर्मचारी संक्रमित पाए गए थे. साथ ही उनके संपर्क में आने वाले 36 कर्मचारियों की भी लिस्ट जारी करते हुए उन्हें टेस्ट कराने के निर्देश दिए गए थे. कर्मचारी संघ की ओर से भी मंत्रालय और इंद्रावती भवन के संचालन में रोक लगाने की मांग की गई थी।

सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव डी डी सिंह ने लल्लूराम डाट काम से कहा कि- एक तिहाई कर्मचारियों के साथ कामकाज शुरू किया जा रहा है. अवर सचिव से लेकर ऊपर रैंक के सभी अधिकारियों की मौजूदगी होगी. इधर यह भी बताया गया है कि बाकी अधिकारी-कर्मचारियों को फोन पर सतत संपर्क रखते हुए वर्क फ्राम होम के निर्देश दिए गए हैं. जरूरत पड़ने की स्थिति में बुलाया जा सकता है।

# गोधन न्याय योजना से दूध के अलावा गोबर से भी आमदनी

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

गोधन न्याय योजना के अन्तर्गत गोबर विक्रय का लाभ पशुपालकों को मिलना प्रारंभ हो गया है। गाय, भैंस पालने वाले पशुपालकों को पहले केवल दूध से ही आमदनी होती थी। अब हर पंद्रह दिनों में गोबर बेचने का पैसा भी मिलेगा। राज्य सरकार ने गोधन न्याय योजना के तहत 2 रूपए प्रति किलो की दर से गोबर खरीदना प्रारंभ किया है।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा बुधवार को जांजगीर-चांपा जिले के 2,216 पशुपालको से क्रय किये गये 2 लाख 97 हजार 607 किलो गोबर का 05 लाख 95 हजार 214 रूपए आनलाईन भुगतान किया गया। जिले के नवागढ़ ब्लाक के ग्राम पचेड़ा निवासी सूरज कश्यप को 5 अगस्त को 40 मवेशियों से एकत्र किये 2,917 किलो गोबर बेचने पर 5,834 रूपए का आनलाइन भुगतान प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया पहले गोबर का उपयोग पारंपरिक तरीके से गोबर खाद बनाने में करते थे, जिससे नगद लाभ नहीं मिल पाता था। अब गोधन न्याय योजना से दूध के अलावा गोबर से भी नगद आमदनी प्राप्त होने लगी है।

श्री सूरज ने कहा कि उसने कभी सोंचा नहीं था कि गोबर से भी नगदी आय होगी। उन्होंने बताया कि गोबर बेचने से मिलने वाली इस अतिरिक्त आय का उपयोग वे डेयरी और खेती-किसानी का विस्तार करने में लगाएंगे। सूरज ने कहा कि गोधन न्याय योजना से पशुपालकों का उत्साह बढ़ा है। उन्होंने इस योजना को प्रारंभ करने के लिए राज्य सरकार को धन्यवाद दिया है।

## नाकोड़ा जैन भवन चातुर्मास साध्वी वर्या की कलम से जिनवाणी संदेश

# पाप से अर्जित धन अपने साथ बीमारियां बुराइयां लेकर आता है : साध्वी चंदनबाला

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



भैरव सोसायटी पचपेड़ी नाका स्थित नाकोड़ा भैरव भवन में परम पूज्य साध्वीवर्या चंदनबालाश्रीजी महाराज साहब ने श्रद्धालुओं के लिए अपनी कलम से अभिव्यक्त जिनवाणी संदेश में मौन साधना की महत्ता प्रकाश डालते हुए कहा कि पाप से अर्जित धन अकेला नहीं आता वह अपने साथ बहुत सी बीमारियां और बुराइयां लेकर आता है। इन्सान को बेईमानी, मिलावट, धोखाधड़ी और अनुचित मार्ग से धन कमाकर पाप का बंध नहीं करना चाहिए, क्योंकि बांधे हुए पाप कर्म जब उदय में आते हैं, उसका भुगतना बड़ा कठिन पड़ता है।

एक बुढ़िया के परिवार में कोई नहीं था, दूध बेचकर अपनी आजीविका चलाती थी। एक दिन वह दूध की मटकी लेकर दूध बेचने जा रही थी। वृद्धावस्था के कारण वह थकान सा अनुभव करने लगी। एक किनारे तालाब के पास वह पेड़ के नीचे बैठ गई। पास में रखी मटकी की ओर देखा तो दूध कम दिखाई दिया और सोचा मुझे अभी घरों में दूध देना है। सहसा उसको अच्छा समाधान मिल गया और चुपके से तालाब में से पानी लेकर मटकी में डाल दिया। समस्या एक दिन की थी, परन्तु समाधान ने स्थायी रूप ले लिया। भगवान महावीर ने कहा है- जहां लाहो, तहां लोहो, लाहो लोहो पवडढ्ई। जैसे-जैसे लाभ होता है वैसे-वैसे लोभ बढ़ता जाता है। अब बुढ़िया की प्रतिदिन की आदत बन गई थी कि तालाब पर रूकना और दूध की मटकी में पानी मिलाना। इन्सान पाप पहले तो मजबूर होकर करता है, किन्तु सफ्लता मिलने पर बार-बार पाप करता है। एक दिन बुढ़िया गांव में दूध बेचकर पैसा इक्ट्ठा करके अपने घर की ओर लौट रही थी। गर्मी के दिन थे और उसे प्यास लग रही थी। उसने क्षणभर के लिए पैसे की पोटली और मटका रखा और झुक कर पानी पीने लगी। पेड़ पर एक बन्दर था, उसने मौका देखकर पैसे की पोटली उठाई और पेड़ पर चढ़ गया। सोचा शायद खाने की वस्तु होगी। लेकिन उसमें तो पैसे मात्र थे। पानी पीते ही बुढ़िया ने नजर डाली तो पोटली गायब। चारों ओर देखा कोई भी दिखाई नहीं दिया, अचानक पेड़ पर बैठे बन्दर के हाथ में पोटली देखी तो बोली- हाय! मैं लूट गई। बन्दर ने बुढ़िया के चिल्लाने पर एक सिक्का टोकरी में डाला, दूसरा तालाब में डाल दिया। बन्दर के लिए यह एक खेल हो गया, वह बारी-बारी से एक सिक्का टोकरी में दूसरा पानी में डालने लगा। बन्दर ने सचमुच दूध का दूध-पानी का पानी कर दिया। कहते हैं- पाप का फ्ल मिले बिना रह नहीं सकता। इसलिए संसार में कहावत चल पड़ी है- दूध का दूध, पानी का पानी।

### अखंड आयम्बिल तप का क्रम जारी

परम पूज्य साध्वीवर्या विजयप्रभाश्रीजी महाराज साहब एवं परम पूज्य साध्वीवर्या चंदनबालाश्रीजी महाराज साहब की पावन निश्रा में चातुर्मास के प्रारंभ से अखण्ड आयम्बिल तप का क्रम लगातार जारी है। आयम्बिल करने वाले तपस्वियों के नाम हैं- प्रकाश लुंकड़, शिल्पा बरलोटा, किरण देवी चोपड़ा, मृदुला मोमाया, तरूणा बेगानी, कु. सुरभी-शानु झाबक, लीलावती देवी परिवार, लक्ष्मीदेवी चोपड़ा, किरण देवी झाबक, तृप्ती लुंकड़ व निशा देवी गोलछा।

### वाट्सएप जैन प्रश्न मंच में निर्मला प्रथम, नेहा द्वितीय व संगीता तृतीय

श्रीनाकोड़ा भैरव जैन श्वेताम्बर चातुर्मास समिति के सलाहकार जितेंद्र गोलछा, महामंत्री कमल लोढ़ा व तनय लुनिया ने बताया कि गुरुवर्या साध्वी चंदनबालाश्रीजी की प्रेरणा से विचक्षण ज्ञान गागर कार्य म के अंतर्गत चातुर्मास समिति द्वारा जारी जैन प्रश्न मंच में बुधवार, 5 अगस्त की प्रतियोगिता के विजेता रहे- प्रथम निर्मला जैन, द्वितीय नेहा जैन व तृतीय संगीता कोटड़िया भाटापारा। जैन वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से जारी इस प्रश्न मंच प्रतियोगिता में पूज्य गुरूवर्याश्री के मार्गदर्शन में प्राप्त प्रश्नों को भेजा जा रहा है, जिनके उत्तर प्रतिभागियों द्वारा मध्यान्ह 3 से शाम 6 बजे मध्य व्हाट्सएप नंबर 7000398329 पर दिए जा रहे हैं। जैन प्रश्न मंच को लेकर समाजजनों में भारी उत्साह है। अधिकतम सही जवाब देने वाले प्रथम तीन प्रतिभागियों को ही पुरस्कृत किया जा रहा है। विजेताओं की घोषणा स्पर्धा के अगले दिन की जा रही है।

# निजी क्लीनिक, नर्सिंग होम में इलाज करवाने वाले संदिग्ध मरीजों की कराएं कोरोना जांच

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्य शासन ने निजी क्लिनिकों, नर्सिंग होम्स एवं अस्पतालों में इलाज करवाने वाले कोविड-19 के सभी संदिग्ध मरीजों की कोरोना जांच कराने कहा है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की सचिव श्रीमती निहारिका बारिक सिंह ने इंडियन मेडिकल एसोशिएशन, छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष को पत्र लिखकर निजी चिकित्सालयों में इलाजरत कोविड-19 के संदिग्ध मरीजों की तत्काल जांच कराने कहा है, जिससे कि इसके पीड़ितों की पहचान कर तुरंत उपचार शुरू किया जा सके। विभाग ने कहा है कि अस्पताल में इलाज करा रहे किसी मरीज के कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने पर अस्पताल को भारत सरकार, आईसीएमआर एवं राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरुप निसंक्रमित कर 24 घंटे के बाद पुनः शुरू किया जा सकता है। स्वास्थ्य सचिव ने आईएमए को लिखे पत्र में कहा है कि प्रदेश वर्तमान में कोविड-19 संक्रमण की महामारी से जूझ रहा है। यहां अब तक कुल दस हजार से अधिक व्यक्ति इससे संक्रमित हो चुके हैं। कोविड-19 का संक्रमण अन्य रोग/रोगों से ग्रस्त व्यक्तियों में गंभीर बीमारी के रुप में परिलक्षित होता है। समय पर जांच, पहचान और उपचार नहीं होने पर मृत्यु होने की संभावना भी अधिक होती है। प्रदेश में अभी तक कोविड-19 से संक्रमित कुल 69 व्यक्तियों की मृत्यु हो चुकी है। इनमें से 51 व्यक्ति किसी अन्य बीमारी से ग्रसित रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग ने पत्र में लिखा है कि कोविड-19 संक्रमित व्यक्तियों की मृत्यु के संबंध में यह संज्ञान में आया है कि इनमें से अधिकतर अस्पताल में उपचार तो ले रहे थे।

# गोधन न्याय योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए मुख्यमंत्री भूपेश ने की सराहना

पायनियर संवाददाता < सुकमा
www.dailypioneer.com

गोधन न्याय योजना को लेकर बस्तर संभाग में सुकमा जिले ने बेहतर काम किया जिसकों लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेन ने प्रशंसा की साथ ही गोधन न्याय योजना का पहला भुगतान किया गया और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की ग्रामीणों से मुख्यमंत्री भूपेश बघेन ने बातचीत की।

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना के तहत गोबर संग्राहकों को पहली बार भुगतान किया गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश के ग्रामीणों से बातचीत की और योजना के संबंध में लोगों के विचार जाने। उन्होंने इस योजना को गोठान समितियों और महिला स्व सहायता समूहों तथा चरवाहों से बातचीत की। साथ ही मुख्यमंत्री ने गोधन न्याय योजना का बस्तर संभाग में सबसे बेहतर क्रियान्वयन करने के लिए सुकमा जिले की प्रशंसा की। उल्लेखनीय है कि गोधन न्याय योजना के अन्तर्गत सुकमा जिले में संचालित 85 गोठानों में 1693 पशुपालकों से 1,095 क्विंटल से भी अधिक गोबर खरीदा गया है। उनके साथ इस अवसर पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टीएस सिंहदेव, कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, वन मंत्री मोहम्मद अकबर, उद्योग मंत्री कवासी लखमा, नगरीय प्रशासन मंत्री शिव डहरिया, महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया सहित मंत्रीपरिषद के अन्य सदस्य, संसदीय सचिव वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी, कलेक्टर चंदन कुमार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नूतन कुमार कंवर, सहित ग्राम पंचायत चिपुरपाल के सरपंच, ग्रामीण तथा अधिकारी गण उपस्थित थे।



**गोधन न्याय योजना का पहला भुगतान, मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की ग्रामीणों से संवाद**



-गोधन न्याय योजना ग्रामीण इलाकों के लिए वरदान साबित हो रहा है। ग्रामीण व खासकर चरवाहों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल व मंत्री कवासी लखमा की पहल रंग ला रही है। अब गांव-गांव में गोठान बनेगा जिसका लाभ किसानों को मिलेगा। प्रदेश सरकार ने पशुओं की सुरक्षा और पशुपालकों को रोजगार देने का काम किया है।

**- हरीश कवासी,** जिप अध्यक्ष



-राज्य शासन की महत्वकांशी योजना गोधन न्याय योजना का क्रियान्वयन बेहत ढंग से किया जा रहा है। शासन की मंशा अनुरूप ग्रामीण इलाकों के ज्यादा से ज्यादा ग्रामीणों को योजना का लाभ देने का प्रयास किया जा रहा है। आने वाले दिनों में गोबर की खरीदी में इजाफा होगा और अंतिम व्यक्ति तक गोधन न्याय योजना का लाभ मिलेगा।

**- चंदन कुमार,** कलेक्टर सुकमा

### हर गांव में बनेगा गोठान

मुख्यमंत्री ने गोधन न्याय योजना को ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने गोठानों को रोजगार ठउर के रुप में विकसित करने पर भी जोर दिया जहां ग्रामीण महिलाओं द्वारा विभिन्न आजिविकामूलक कार्य किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोधन न्याय योजना से गोठानो के निर्माण में तेजी आई है और आगे चलकर हर गांव में गोठान बनाए जाएंगे। उन्होंने गोधन न्याय योजना के तहत खरीदे गए गोबर को खाद बनाने के लिए आवश्यक मात्रा में वर्मी टांका का निर्माण करने के निर्देश दिए।

### चरवाहों को मिलेगा अधिक पारिश्रमिक- ग्रामीण

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सुकमा जिले के ग्राम पंचायत चिपुरपाल के गोबर विक्रेता बुधराम व श्रीमति माहेश्वरी से बातचीत की। हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री से बातचीत के दौरान गोधन न्याय योजना से मिल रहे लाभ के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि 153 किलो गोबर वि य किया जिसके तहत उन्हें 306 रुपए का अतिरिक्त आय हुई है, उन्होंने इस योजना को गांव के चरवाहों के लिए लाभदायक बताते हुए कहा कि इस योजना से अब चरवाहों को अधिक पारिश्रमिक मिल पाएगा। वही श्रीमती माहेश्वरी ने 85 किलो गोबर का विक्रय कर 170 रुपए का लाभ कमाया और कहा कि इस योजना से महिलाओं को भी आर्थिक मदद मिल रही है। हितग्राहियों ने इस योजना को किसानों के लिए लाभकारी बताते हुए मुख्यमंत्री बघेल के प्रति आभार व्यक्त किया।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस समारोह के संबंध में बैठक

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com

- कोरोना वायरस के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस
- स्वतंत्रता दिवस में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं परेड का नहीं होगा आयोजन

कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों के संबंध में बैठक हुई। बैठक कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में हुई। बैठक में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि वर्तमान में कोरोना के बढ़ते संक्रमण को ध्यान में रखते हुए कोविड 19 के रोकथाम हेतु शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत मास्क एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए स्वतंत्रता दिवस मनाया जायेगा। कलेक्टर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह शासकीय बालक उच्त्तर मध्यमिक विद्यालय नारायणपुर में आयोजित किया जायेगा। स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले सांस्कृतिमक कार्यक्रम एवं परेड का आयोजन नही होगा। कार्यक्रम में गॉर्ड ऑफ ऑनर दी जायेगी। मुख्य समारोह में ध्वजारोहण पश्चात कार्यक्रम में कोरोना वारियर्स डाक्टरों, पुलिस कर्मियों, स्वास्थ्य कर्मियों एवं स्वच्छता कर्मियों को विशेष रूप से आमंत्रित कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में आने वाले सभी लोगों को मास्क पहनना और सामाजिक दूरी आदि का पालन करना अनिवार्य होगा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री राहुल देव, एएसपी श्री जयंत वैष्णव, एसडीएम श्री दिनेश कुमार नाग, डिप्टी कलेक्टर सर्वश्री गौरीशंकर नाग, धनराज मरकाम, वैभव क्षेत्रज्ञ, फागेश सिन्हा, निधी साहू सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल आयोजन हेतु मैदान की तैयारी, मंच व्यवस्था, माईक, पुष्पगुच्छ एवं गुब्बारे की व्यवस्था, मंच संचालन, पेयजल, चिकित्सा सुविधा, आमंत्रण कार्ड, मुख्य अतिथियों का स्वागत, पण्डाल एवं कुर्सी की व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, पुरस्कार व्यवस्था, सहित अन्य जरूरी कार्यों को समयपूर्व करने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को अलग-अलग दायित्व सौंपे। कलेक्टर ने सभी विभाग एवं कार्यालय प्रमुखों को अपने-अपने कार्यालय में सोशल डिस्टेनसिंग का पालन और मास्क का उपयोग करते हुए ध्वजारोहण का कार्यक्रम प्रातः 8 बजे आयोजित करने कहा। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को अपने कार्यालयों में ध्वजारोहण कर प्रातः 9 बजे तक ध्वजारोहण स्थल पर उपस्थित होने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोरोना के बढ़ते प्रभाव को ध्यान में रखते हुए इस बात स्वतंत्रता दिवस के पूर्व आयोजित की जाने वाली सद्भावना दौड़ और मशाल जुलुस का आयोजन नहीं किया जायेगा।

# अच्छी बारिश के लिए मेंढ़क-मेंढ़की की कराई शादी

**आदिवासी संस्कृति से की गई शादी, नाच-गाने में उमड़ा पूरा गांव**

पायनियर संवाददाता < सुकमा
www.dailypioneer.com



पूरा सावन सूखा चला गया मानसून सत्र बीत रहा है लेकिन जिले में पिछले वर्षो की अपेक्षा बारीश नहीं हो रही है। ऐसे में ग्रामीणों ने अच्छी बारीश के लिए मेंढ़क-मेंढ़की की शादी कराई और मन्नत मांगी। गाजे-बाजे के बीच हुई शादी में पूरा गांव उमड़ पड़ा और जमकर नाच-गाना हुआ। ऐसी मान्यता है कि इस विवाह के बाद अच्छी बारीश होती है।

जिले के छिन्दगढ़ ब्लाक के कांजीपानी गांव में मंगलवार को मेंढ़क-मेंढ़की की शादी धूमधाम से सम्पन्न की गई। ऐसी मान्यता है कि इस शादी के बाद अच्छी बारीश होती है। दरअसल इस सीजन में जिले में औषतन बारीश हुई है। जबकि हर साल अच्छी बारिश होती है।

इधर कांजीपानी गांव में बारीश के लिए ग्रामीणों ने पारंपरिक प्रथाओं का सहारा लिया है। बारीश देवता को खुश करने के लिए गाजे-बाजे के साथ मेंढ़क-मेंढ़की की शादी का आयोजन किया गया।

आयोजन में शामिल होने वो लोगों का मानना है कि बारीश के देवता खुश होंगें और जल्द ही अच्छी बारिश होगी।

# राम मंदिर निर्माण को लेकर घर- घर दीप जला कर मनाई गई खुशियां

पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com



अयोध्या में 5 अगस्त को राम मंदिर निर्माण के भूमिपूजन को लेकर शहर ही नहीं पूरे जिले में उत्साह का माहौल है। तैयारियां ऐसी की बुधवार शाम ही दीपावली की तरह दीपोत्सव का नजारा देखने को मिला। दिनभर मंदिरों में हनुमान चालीसा का पाठ, महाआरती व लड्डू और हलवा बंटे, तो शाम को घर-घर, मंदिर, मोहल्लों और चौराहा पर दीपक जलाकर खुशियां मनाई गई।

सरकारी अमला भी अलर्ट की भूमिका में तैयार रही अफसरों की टीम के साथ पुलिस टीम गश्त करती रही । इस अवसर पर कोंडागांव बस स्टैंड में महेश चौहान के अगुवाई में समस्त बस स्टैंड के व्यापारी गण एवं मित्रों के साथ मिलकर पूरी दुकानों के सामने में 1151 दीपक जलाकर खुशियां मनाते हुए आतिशबाजी की गई। तो राम मंदिर इसान सिंह ठाकुर ने 200 दीपक जलाएं, और अन्य लोगों का भी दीपक प्रज्वलित करने का तांता लगा रहा, माँ दंतेश्वरी कॉलोनी में एडवोकेट गोपाल दीक्षित की अगुवाई में सभी कॉलोनी वालों ने हनुमान मंदिर में, रामायण पाठ, हनुमान चालीसा, पूजा आरती के साथ ही प्रसाद वितरित किया गया। एडवोकेट गोपाल दीक्षित ने बताया कि 492 साल से लंबे अंतराल के बाद राम मंदिर का बनना हमारे युग के लिए एक महानतम उपलब्धि है। माननीय सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद राम मंदिर निर्माण होना हम सब के लिए एक गर्व की बात है। आज तक हम सभी यही सोचते आये थे कि अयोध्या में राम लला मंदिर हमारे जीते जी बन पाएगा कि नही, पर आज शिलान्यास होने के बाद हम बहुत ही ज्यादा उत्साहित है।

# सुरक्षा बल के जवानों को सफलता दो नक्सली गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < सुकमा
www.dailypioneer.com



नक्सल मोर्च पर सुरक्षा बल के जवानों को बड़ी सफलता मिली है। सर्चिंग के दौरान दो नक्सलियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी मिली है। दोनो नक्सली पिछले कई सालों से नक्सल संगठन में सक्रिय थे और कई घटनाओं में शामिल थे। गिरफ्तार के बाद न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक जिले के किस्टाराम थाने से जिला बल, डीआरजी, एसटीएफव कोबरा 208 की संयुक्त पार्टी एरिया डोमिनेशन व डी-माईनिंग हेतु वेलकनगुड़ा की और रवाना हुई थी। अभियान के दौरान लिंगनपल्ली के जंगलों में कुछ संदिग्ध जवानों को देख भागने की कोशिश कर रहे थे लेकिन जवानों ने घेराबंदी कर दो संदिग्ध को पकड़ लिया। पुछताछ करने पर सोढ़ी भीमा डाक्टर कमेटी अध्यक्ष टेटेमड़गू व माड़वी पाण्डू स्कूल कमेटी अध्यक्ष टेटेमड़गू के रूप में अपनी पहचान बताई। दोनो के पास से कोर्डेक्स वायर, इलेक्ट्रोनिक डेटोनेटर, जिलेटिन राड, वर्दी समेत सामग्री बरामद हुई। दोनो को पुछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया।

# पुलिया निर्माण के लिए किया गया भूमिपूजन



**किरंदुल।** नगर के वार्ड क्र 01 में पुलिया निर्माण हेतु भूमिपूजन किया गया। आपको बता दे इससे पूर्व में जो पुलिया निर्मित गई थी वह काफी संकरी व छोटी थी जिससे रामाबूटी झरने से आ रही पानी बारिश के पानी के साथ मिलकर कूड़ा कचरा मलवा जमकर सड़कों पर आ जाती है। परिणामस्वरूप लोगों को वर्षा ऋतु में आवागमन के लिए काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा था। जिसका निराकरण करते हुए नगरपालिका द्वारा अधो संरचना मद से 05 लाख 28 हजार की लागत राशि से पुलिया निर्माण की जाएगी जिसका भूमिपूजन आज सम्पन्न हुआ। भूमिपूजन के दौरान पार्षद रतनी मंडावी, राजेंद्र मृणाल राय, इंजीनियर संतोष नेगी, तपन दास, प्राण गोविंद दास, विश्वनाथ विश्वास, सुशांत राय, कमलेश वर्मा, भुवन राय उपस्थित थे।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कोर कमेटी की बैठक

**लॉकडाउन के दिशा-निर्देशों का पालन नहीं करने वालों पर होगी कार्यवाही-कलेक्टर**

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com

नोवल कोरोना वायरस कोविड-19 के प्रसार को देखते हुए इसे रोकने के लिए सामाजिक अलगाव को अपनाने जिले में लॉकडाउन लगया गया था। 6 अगस्त को लॉकडाउन खत्म हो गया। लॉकडाउन के बाद लोग जो कोविड 19 के दिशा निर्देशों का पालन मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नही करेंगे उन पर कार्यवाही तेज करने की बातें कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कोरोना वायरस कोविड-19 के संक्रमण एवं रोकथाम के लिए गठित जिला स्तरीय कोर कमेटी की बैठक में कही। बैठक कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में हुई। बैठक में अनुविभगीय अधिकारी राजस्व दिनेश कुमार नाग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयंत वैष्णव, डिप्टी कलेक्टर धनराज मरकाम, वैभव क्षेत्रज्ञ, मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी ए.आर. गोटा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि बाहर से आने वाले प्रवासी श्रमिकों एवं लोगों को रखने के लिए जिले में क्वारांटाइन सेन्टरों की संख्या में बड़ी संख्या में बनाई गई है। खाली हुए



क्वारंटीन सेंटर को सेनेटाइज करके नए लोगो को रखने की कार्यवाही करें, पहले से रह रहे लोगो के साथ रखने से कोरोना का चैन बनने की संभावना है इसलिए पुराने क्वारंटाइन सेंटरों में नए लोगो को न रखें। जिले में कोविड केयर सेंटर में कोरोना वायरस संक्रमित लोगों का इलाज किया जा रहा है। कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने संक्रमित मरीजों को खाने-पीने की व्यवस्था की जानकारी ली।

उन्होंने इलाज में लगे स्वास्थ्य कर्मियों के ठहरने एवं भोजन व्यवस्था के बारे में भी पूछा। उन्होंने बताया कि जिले में कोरोना संक्रमित व्यक्ति पाए जाने पर समय-समय पर जारी आदेशों के तहत जिले के 3 क्षेत्रों एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छोटेडोंगर, ग्राम कुम्हारबेड़ा और अटल आवास कॉलोनी नारायणपुर, को कंटेनमेंट जोन घोषित किया गया था। इस कंटेनमेंट जोन में सक्रिय प्रकरणों की संख्या शून्य होने के उपरांत 14 दिन से अधिक अवधि गुजर जाने एवं उक्त क्षेत्र में एक्टिव सर्विलेंस की गतिविधि पूर्ण होने के उपरांत कंटेनमेंट मुक्त क्षेत्र घोषित कर दिया गया है।

# श्री राम मंदिर का स्वागत, घरों में दीये जलाकर की आतिशबाजी



**किरंदुल।** पूरे देश की तरह दंतेवाड़ा की लौह नगरी किरंदुल में भी श्री राम भक्तों ने बड़े हर्षोल्लास के साथ अयोध्या में श्री राम मंदिर बनने का स्वागत करते हुए अपने घरों में दिये जलाये आतिशबाजी करते हुए मिठाईयां बांटी। तेज मूसलधार बारिश ने भी लोगों के उत्सह को कम नहीं कर पाया। रिया राजबंशी ने कहा कि आज 500 वर्ष बाद हमारा सपना साकार हुआ है हम आज दीवाली मना रहे है पूरे नगर की जनता ने अपने अपने घरों को दिया से सजाया है।मैंने अयोध्या में बन रहे श्री राम मंदिर की रंगोली डाली है। लॉक डाउन होने के कारण आज हम पूरा दिन एक दुसरो को फोन पर बधाई देते रहे और शाम अपने घर मे दिये जला कर इस खुशी में शामिल हुए भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को भी धन्यवाद देती हूं। उन्होंने इतने वर्षों के सपनो को साकार कर दिया।

**किसानों के धान बोनस का पैसा भी नही दे पा रही : जैनेद्र सिंह**

# कांग्रेस की भूपेश सरकार अपने किये गए वादों से मुकर रही

पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव भाजपा के शहर अध्यक्ष जैनेद्र सिंह ठाकुर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कांग्रेस प्रवक्ता एवं महिला महासचिव डॉ शिल्पा देवांगन द्वारा भूपेश सरकार के लगभग 20 महीनों की योजना और जनता की खुशहाली की बात का खंडन करते हुए कहा, की शिल्पा जी आप कौन सी खुशहाली और योजना की बात कह रही है, एक तरफ कांग्रेस की भूपेश सरकार अपने किये गए वादों से मुकर रही है, और साथ में किसानों के धान बोनस का पैसा भी नहीं दे पा रही है, व बेरोजगारों के लिए बेरोजगारी भत्ता 2500 रूपये देने की बात कही थी, अगर बेरोजगारों को 2500 रूपए भत्ता दिया होता तो एक बेरोजगारी युवक हरदेव सिन्हा को मुख्यमंत्री निवास के सामने आत्मदाह नही करना पड़ता।

भाजपा शहर अध्यक्ष जैनेद्र सिंह ठाकुर ने आगे बताया कि शिल्पा जी आप किस खुशहाली की बात करती है। एक बात और याद दिला दूँ आप के प्रदेश अध्यक्ष के गृहग्राम की एक महिला प्रेरक ने एक गीत बनाकर व्हाट्सएप में डाला था जो कि पूरे प्रदेश में काफी वायरल हो चुका है, उसे सुन कर आप के प्रदेश की खुशहाली की जानकरी आप लोगों को मिल जाएगी । कांग्रेस की प्रदेश सरकार ने खुशहाली और विकास के नाम पर प्रदेश की जनता के साथ विकास और खुशहाली के नाम पर सिर्फ वादा और धोखेबाजी ही की है। और आप प्रदेश की जनता व किसानों की खुशहाली की बात करते हो। दूसरी बात आप ने भाजपा के साथ छलावा कहा, शिल्पा मैडम जी एक बार आप सिलसिरेवार भाजपा के 15 वर्षो के मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व मे पूरे प्रदेश में जो विकास की गंगा बही वह आप के सामने है।

### रोका-छेका के नाम पर एक ही कमरे मे 55 गायों की मौत

उसके बाद सरकार के द्वारा रोकाछेका योजना लायी गयी। जिसका जीता जागता उदाहरण शहर की हर गली और चौराहों में आज भी देख लीजिए। जहाँ पर गायों का जमावड़ा रहता है, और हमेशा किसी ना किसी प्रकार की दुर्घटना की आशंका रहती है। इसके अलावा रोका छेका के नाम पर एक ही कमरे मे 55 गायों को भर दिया गया जहां पर गायों की मौत हो गई। आज इन 55 गौ हत्या की जिम्मेदारी भी आप की भूपेश सरकार की है। यही है आपकी विकास योजना और खुशहाली। आपकी सरकार के द्वारा फिर गोधन न्याय योजना लायी गयी। जिसमे बड़ी-बड़ी सौगातें पशुपालकों के लिए लाई गई। अरे जो किसान अपने खेतों में गोबर खाद सही तरीके से नहीं पहुंचा पाता वह किसान कहाँ से आपको गोबर लाकर देगा, यह योजना एक लाभ योजना है जो प्रदेश की जनता व किसानों और बेरोजगारों को छलने की योजना है।

### पूर्व मुख्यमंत्री के नेतृत्व में माता बहने, व बच्चों के चेहरे में आई थी खुशहाली

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में प्रदेश में जो योजनाएं लायी गयी, उससे प्रदेश के किसान, श्रमिक, माता बहने, व बच्चों के चेहरे में खुशहाली थी। मगर आपके कांग्रेस की भूपेश सरकार ने सत्ता के लालच में प्रदेश की जनता से इतना ज्यादा झूठा वादा किया, व इतना लालच दिया कि मजबूर होकर जनता से आपको वोट देकर सत्ता में बैठा दिया। परन्तु 1 वर्ष में ही कोंडागांव शहर की जनता ने आपके झूठे वादों से उबर कर आपको एक झटके में पालिका चुनाव में हार का मुंह दिखा दिया।

### भूपेश सरकार ने गोठान की योजना जारी की जो पूरी तरह से फेल

पूर्व मुख्यमंत्री छ ग डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में विकास की जो योजनाये बनाई गई। ऐसी योजना जो माँ के बच्चे की पैदाईस से लेकर मनुष्य के मृत्यु तक की योजनाए रही हैं ये सारी योजनाएं डॉ. रमन सिंह जी के कार्यकाल में आई थीं। मैं आप से यह पूछना चाहता हूँ की आपकी सरकार की एक भी ऐसी चुनिंदा योजना बता दीजिये जो प्रदेश के किसान, बेरोजगार और आम जन के लिए राम बाण साबित हो। मगर नहीं बल्कि भूपेश सरकार ने गोठान की योजना जारी की जो पूरी तरह से फेल है।

# जय श्री राम के जयकारे लगाकर आतिशबाजी कर मिठाइयां बांटी



दिलीप महेश्वरी < किरंदुल
www.dailypioneer.com

पिछले 800 वर्षों से लंबित पड़ी भगवान श्री रामचंद्र की मंदिर अयोध्या में बनने जा रही हैं जिसकी भूमिपूजन बुधवार को सनातन धर्म की पूरे विधि विधान के साथ किया गया। अयोध्या में बनने जा रही भगवान श्रीरामचंद्र की मंदिर भूमिपूजन की इस पावन अवसर पर लौह नगरी किरंदुल के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष और वर्तमान पार्षद शैलेन्द्र सिंह परिवार के नौनिहालों ने अपने निवास स्थान पर इस पावन दिन पर मिनी दीपावली सा आयोजन किया। इस अवसर पर शैलेन्द्र सिंह परिवार के नौनिहालों ने नये-नये कपड़े पहने साथ ही पूरे घर व आंगन को चारो ओर से दीप जलाकर दीपों से सजाया गया तत्पश्चात इन बच्चों के द्वारा जय श्री राम की जय कारे लगाकर आतिशबाजी भी किया गया और लोगों को मिठाईयां भी बाँटी। इस पावन दिन पर किरंदुल के बंगीय समाज के द्वारा पूरे बंगाली कैंप परिसर को दीपों से सजा कर लोगों को मिठाइयां बांटे और पूरा बंगीय समाज जय श्रीराम के जयकारों से गूंज रहा था।

# संयंत्रों के आसपास बसे ग्रामीणों ने संकट उत्पन्न करने का लगाया आरोप

## स्थानीय बेरोजगार श्रमिकों की जानबूझकर उपेक्षा

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदा बाजार
www.dailypioneer.com

क्षेत्रीय विधायक प्रमोद शर्मा ने एक संक्षिप्त चर्चा में स्थानीय कुछ सीमेंट संयंत्र प्रबंधन पर कोरोना काल में जानबूझकर लापरवाही बरतने और प्रशासन को अन्य राज्यों से आने वाले मजदूरों की सूची न देकर सीमेंट संयंत्रों के आसपास बसे ग्रामीणों के जीवन पर संकट उत्पन्न करने का आरोप लगाया है. उन्होंने जिला प्रशासन से ऐसे सीमेंट संयंत्रों की जांच कर कोरोना प्रोटोकाल तोड़ने वाले संयंत्र प्रबंधन पर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग किया है।

विधायक प्रमोद शर्मा ने कहा है कि वर्तमान में वैश्विक महामारी कोरोना के चलते पूरे विश्व में सुरक्षित रहने कड़े कदम उठाए जा रहे है. वही अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र रावन सहित जिले के कुछ प्रमुख सीमेंट संयंत्रों में बड़ी लापरवाही सामने आ रही है. उन्होंने कहा कि अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र में फिलहाल लाक डाउन चल रहा है. जहां अन्य राज्यों से लगभग 200 मजदूरों को काम पर रखा गया है. प्रबंधन द्वारा शासन के नियमों की अवहेलना करते हुए श्रमिकों को क्वारेंटाईन में रखे बिना ही उनसे काम लिया जा रहा है. अभी जिस तरह से छत्तीसगढ़ सहित बलौदाबाजार जिले में कोरोना के आंकड़े बढ़ रहे हैं ऐसे में इस तरह की लापरवाही बड़ी समस्या को जन्म दे सकती है. शासन यहां सभी से सामाजिक दूरी बनाये रखने, मास्क का उपयोग करने जैसे नियमों का पालन करने की अपील कर रहा है. वहीं एक बड़े संयंत्र द्वारा इस तरह की लापरवाही क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी मुसीबत खड़ा कर सकती है. उन्होंने अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र रावन प्रबंधन पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों एवं बाहर से आये मजदूरों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने की बात कहा है. विधायक शर्मा ने आसपास के सभी संयंत्रों को आगाह करते हुए कहा कि यदि वे अन्य राज्यों से श्रमिकों को बुलाकर कर काम लेना चाहते है तो वे पहले शासन के निर्देशानुसार उनकी जानकारी स्थानीय प्रशासन को दे ताकि उनका स्वास्थ्य परीक्षण और क्वारन्टीन किया जा सके।



विधायक शर्मा ने कहा कि वर्तमान में कोरोना के चलते छत्तीसगढ़ से अन्य प्रांतों में गये कुशल श्रमिक छत्तीसगढ़ लौट चुके है. जिनमें से बहुत से श्रमिक आज भी बेरोजगार हैं. वे बड़ी कठिन परिस्थितियों में अपना व परिवार का जीवन यापन कर रहे हैं. ऐसे में उद्योगों को स्थानीय मजदूरों को रोजगार में प्राथमिकता देनी चाहिए. यदि संयंत्र स्थानीय लोगों व श्रमिकों को रोजगार देने से पीछे हटेगा तो मजबूरन प्रबंधन के खिलाफआंदोलन करना होगा. उन्होंने जिला प्रशासन से अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र समेत अन्य कुछ सीमेंट संयंत्र जो अन्य प्रांतों से श्रमिक बुलाकर भी इसकी जानकारी जिला प्रशासन को नहीं दे रहे हैं, उनपर महामारी एक्ट के तहत धारा 188 का मामला प्रबंधन के खिलाफदर्ज करने की मांग किया है।
वहीं मामले के संबंध में विधायक द्वारा लगाये गये आरोप पर अल्ट्राटेक सीमेंट प्रबंधन से चर्चा करने पर कहा गया कि फिलहाल प्लांट में शट डाऊन होने की वजह से अन्य राज्यों से कुछ लोग आये हुए हैं लेकिन ये इंजीनियर अथवा कुछ बडे' तकनीकी अधिकारी है. प्रबंधन द्वारा वर्तमान में यहां पहुंचे सभी लोगों की आवश्यक जांच करायी जा रही है. ताकि बाहर से आये लोगों की सूची भी प्रशासन को उपलब्ध कराया जा सके।
श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान अग्रणी भूमिका निभाने वाले कार सेवकों का अभिनंदन भाजपा कार्यालय में किया गया। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर पीएम नरेन्द्र मोदी द्वारा श्रीराम मंदिर का भूमि पूजन सभी भारतीयों के लिए ऐतिहासिक भावपूर्ण क्षण रू डॉ. सनम जांगड़े
बलौदाबाजार, अयोध्या विवादित ढांचा विध्वंस के लिए भारी संख्या में बलौदाबाजार के आस-पास एवं नगर से कारसेवकों ने कूंच किया था, जहाँ उन्हें काफी परेशानी उठानी पड़ी थी। अब भगवान श्रीराम के मंदिर का शिलान्यास होने जा रहा है। ऐसे में बुधवार को पूर्व विधायक एवं जिलाध्यक्ष भाजपा डॉ. सनम जांगड़े सहित समस्त भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कार सेवकों के सम्मान में जिला भाजपा कार्यालय बलौदाबाजार में अभिनंदन समारोह आयोजित किया। इस दौरान कार सेवक लखेपाल जायसवाल, राजेश केशरवानी, रमेश गुप्ता, निरंजन जायसवाल, कोमल किशोर मिश्रा का गमछा, श्रीफल और तिलक लगाकर सम्मान किया गया। इस शुभ अवसर पर उपस्थित सभी ने प्रभु श्री रामचन्द्र जी के छायाचित्र पर एवं श्री राम मंदिर, बजरंग मंदिर जाकर मत्था टेककर आशीर्वाद लेते हुए देश के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की तत्पश्चात मिष्ठान वितरण एवं भाजपा कार्यालय के सामने फटाके फोड़ कर आतिशबाजी एवं शाम में दिप प्रज्वलित किया गया। उक्त कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री भाजपा कृष्णा अवस्थी ने किया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा डॉ. अजय राव, नपा अध्यक्ष चित्तावार जायसवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय केशरवानी, भाजपा नेता टेसूलाल धुरंधर, अशिवक्ता धनंजय साहू, जिला मंत्री श्रीमती सुनीता वर्मा, जिला मीडिया प्रमुख भाजपा रितेश श्रीवास्तव, डोमन वर्मा, नरेश केशरवानी, धनसिंह बघेल, अधिवक्ता रेवाराम साहू, वेदप्रकाश पारवानी, डी. आर .साहू, अनुपम बाजपेयी, प्रणव अवस्थी, आदित्य बाजपेयी, विकास अग्रवाल, श्यामलाल वर्मा, मनीष कश्यप, अभिषेक तिवारी, अमन तिवारी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# आज बहुलाचौथ व्रत हलषष्ठी व्रत रविवार को



पायनियर संवाददाता ◄ सरसींवा
www.dailypioneer.com

हमारा देश अनेकता में एकता का देश है जहाँ विभिन्न प्रकार के व्रत त्यौहार मनाये जाते हैं। संतान की लम्बी उम्र के लिए रखी जानी वाला व्रत बहुलाचौथ आज शुक्रवार को है वही हलषष्ठी व्रत रविवार को हैं।

इन दोनों ही व्रत में माताओ द्वारा विशेष प्रकार से पूजा की जाती है जिसमे विशेष प्रकार की पूजन सामाग्री की आवश्यकता होती है।

भाद्रपद के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को बहुला चौथ मनाया जाता है। इसे बहुला गणेश चतुर्थी भी कहते हैं। इस दिन महिलाएं संतान की लंबी आयु की कामना के लिए उपवास रखती हैं। इस साल यह व्रत आज शुक्रवार 7 अगस्त 2020 को है। शास्त्रों के अनुसार, बहुला चतुर्थी के दिन व्रत रखने से संतान के सारे कष्ट दूर हो जाते हैं और लंबी आयु की प्राप्ति होती है। बहुला चतुर्थी व्रत में गाय-बछड़े की पूजा का विशेष महत्व है। इस दिन महिलाएं निराहार व्रत रखती हैं। शाम के समय गाय और बछड़े की पूजा करती हैं। शाम को पूजा में कई तरह के पकवान बनाए जाते हैं। जिन्हें बहुला को अर्पित किया जाता है। इस भोग को बाद में गाय और बछड़े को खिला दिया जाता है। कहते हैं कि बहुला चतुर्थी के दिन भगवान गणेश की पूजा का भी विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन उनकी पूजा करने से सुखों की प्राप्ति होती है। कहते हैं कि बहुला चतुर्थी व्रत संतान को मान-सम्मान और ऐश्वर्य प्रदान करने वाला होता है। निसंतान को संतान सुख की प्राप्ति होती है।

## प्रभा फाउंडेशन ने मित्रता दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण कर सार्थक संदेश दिये



**डोंगरीडीह।** मानवसेवी संस्था प्रमा फाउंडेशन शाखा-मोपर (बलौदा बाजार) ने प्रकृति के प्रति अपना कर्तव्य निभाते हुए मित्रता दिवस के अवसर पर प्रकृति और मानव की मित्रता के प्रतीक के रूप वृक्षारोपण कार्य कार्य किया गया और साथ उनकी रक्षा का शपथ लिया गया। प्रमा फाउंडेशन मोपर के कार्यक्रम प्रभारी मोनू यदु ने बताया कि प्रमा फाउंडेशन मोपर के साथियों, गांव के प्रमुखों और ग्रामीण युवा साथियों के सहयोग से गायत्री मंदिर और शमशान घाट परिसर में 100 पौधे रोपे गये साथ ही प्रमा फाउंडेशन के सदस्यों ने इनकी सुरक्षा और देखभाल की शपथ ली। कार्यक्रम में विशेष रूप से गाँव प्रमुखों में पूर्व जनपद सदस्य डॉ मन्नू लाल कैवर्त्त, सरपंच प्रतिनिधि योगेश साहू, शिव देवांगन, मुरलीधर यदु, गीता निषाद, धीराजी निषाद ग्रामीण युवाओं में बिरसिंग सोनवानी, गोलू देवांगन, लोकेश ध्रुव, प्रहलाद निषाद, लोकेश साहू, रमेश साहू, महेश्वर, उमेश उपस्थित थे।

## श्री राम मंदिर निर्माण भूमिपूजन, रामभक्तों में जबरदस्त उत्साह का नजारा रहा

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरीडीह
www.dailypioneer.com



बलौदाबाजार जिले के ग्राम पंचायत तुरमा (लवन) में अयोध्या में राम मंदिर निर्माण की बुधवार को भगवान श्री राम के जन्म स्थली आयोध्या में भूमि पूजन होने से अंचल के गॉवों में जबरदस्त उत्साह का माहौल बना हुआ है लोगो का कहना कि बरसो का सपना अब जाके पूरा हुआ आज भूमि पूजन को लेकर खुशी की लहर देखने को मिला वही व्हाट्सएप ग्रुप हमर सुग्घर गांव तुरमा के तत्वावधान में हिन्दू रैली व तुलसीदास जी कृत रामचरित मानस का पाठ कर प्रसाद वितरण किया गया साथ ही 5 दीप जलाकर राम मंदिर निर्माण कार्य का आवाहन किया जिसमे परस देवांगन (सलाहकार),प्रकाश पैकरा(अध्यक्ष), डेविड प्रजापति (उपाध्यक्ष), जनकराम पैकरा (कोषाध्यक्ष), प्रेम नरायण ध्रुव (सचिव), एवं ग्रुप के सभी सदस्य गुरुचरण साहू, सोमू निषाद, उमाशंकर पैकरा, शिवकुमार साहू, हरप्रसाद दीवान, कामता दीवान, अमित पैकरा, केशव साहू, शितेंद्र देवांगन, जनकु पैकरा, हीमेश देवांगन, रोहित साहू ,हेमकिरण साहू टिक्कू देवांगन, चूढ़ामणि देवांगन, लवकुमार साहू, संजू साहू,विशेष सहयोग सरपंच प्रतिनिधि करन ध्रुव ,उपसरपंच प्रतिनिधि रतिराम साहू, बाबू राम साहू, नन्दराम देवांगन, जगेश्वर प्रजापति, राजू पैकरा एवं ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना कर बांटी मिठाई

## नगर के सभी मंदिरों में मत्थाटेके एवं दीपक, बाती और तेल वितरण किया

**कसडोल।** अयोध्या ही नहीं बल्कि पूरे देश को गौरवान्वित करने वाला है सारा भारत इस पल का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। आखिर आज वह घड़ी आ गई, इससे पूरे देश में हर्षल्लास का वातावरण देखने को मिला।

आज से 5 अगस्त का दिन सदा के लिए इतिहास के सुनहरे पन्नों में दर्ज हो जाएगा, क्योंकि लगभग 500 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद आज अयोध्या में भगवान श्रीराम के जन्म भूमि पर भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण का भूमि पूजन कर शुरुआत किए। कोरोना काल होने से सभी अपने अपने घरों से ही इस पल की साक्षी बने और अपने अपने ढंग से गांवों में ही दिन भर पूजा पाठ का सिलसिला चलता रहा। इसी कड़ी में आज कसडोल नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय साहू धर्मशाला भवन में मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार पटेल की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने भगवान श्रीराम, माता सीता, भाई लक्ष्मण एवं परम भक्त हनुमान की पूजा अर्चना कर एक दूसरे को मिठाई खिलाए एवं शुभकामनाएं दीं।

तत्पश्चात नगर भ्रमण करते हुए नगर के सभी देवी देवताओं के मंदिरों में मत्था टेके और शाम को प्रज्वलित करने हेतु दीए, बाती और तेल भेंट किए गए। साथ ही कार्यकर्ताओं द्वारा नगर के घरों में जाकर शाम को अपनी सामर्थ्य के अनुसार दीपावली जैसा दीपक जलाने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार पटेल, प्रदेश मंत्री (महिला मोर्चा) श्यामबाई साहू, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजकुमार जायसवाल, जिला मंत्री राजकुमार साहू, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष भीखम प्रसाद कैवर्त्य, मंडल उपाध्यक्ष संतोष वैष्णव, कोषाध्यक्ष सुदीप मानिकपुरी महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुश्री भारती बाला मैथ्यूज, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण पटेल, मीडिया प्रभारी पुरुषोत्तम कैवर्त्य, पार्षद कुमारी कमल कैवर्त्य, पार्षद प्रतिनिधि विमल वैष्णव, पूर्व पार्षद सेवक राम धेनिसेवक, नागेश्वर साहू, कमल श्रीवास, जगदीश घृतलहरे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शिव सैनिकों ने गार्डन चौक में आरती कर खुशियां मनाई

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

बलौदाबाजार जिला के शिव सैनिको ने जिलाध्यक्ष संतोष यद्धु की अध्यक्षता जिला मुख्यालय के गार्डन चौक में दीपदान कर महाआरती का आयोजन किया। जिसमें सभी रामभक्त शिव सैनिक भगवा गमझा लिये सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए एक दूसरे से दूरी बनाकर मंदिर चबूतरा के चारों ओर दीपक से सजाया था जैसे ही अयोध्या में भगवान रामचंद्र के भव्य मंदिर का भूमिपूजन किया गया वैसे ही शिव सैनिकों ने महाआरती कर जय श्रीराम का जयकारा लगाते हुए चौक को श्रीरामचंद्र जी के नारों से गूंजायमान कर दिया। आयोजन को देखते हुए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के तगड़े इंतजाम किये गये थे। चौक चौराहों में भारी पुलिस बल की तैनाती किया गया था सुबह से ही थाना सिटी कोतवाली के



दल बल पुजा स्थल पहुंच चुके थे लेकिन कार्य म में किसी प्रकार का हो हल्ला नहीं हुआ। शांतिपुर्ण तरीके से कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसके लिए सभी शिवसैनिक एवं शासन प्रशासन के अधिकारी व आम जनता को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए जिलाध्यक्ष संतोष यद्धु ने आज के दिन को गौरवशाली बताया। कई सौ सालो के इंतजार के बाद रामलला को आज उनका मंदिर मिल रहा है। जिसके लिए कई कार सेवको ने अपनी प्राण की आहुति दिया था जिसमें प्रमुख रूप से कई संगठनों के साथ शिवसैनिकों ने भी बाबरी मस्जिद का ढांचा गिराने में अहम भूमिका निभाया था, लेकिन बात कई नेता पीछे हट गये, तब बाला साहेब ने आगे जाकर झंडा गाड़ दिया। अगर बाबरी मस्जिद शिवसैनिकों ने गिराया हैं तो मुझे अपने शिवसैनिक पर गर्व हैं। गार्डन चौक से कार्य म के बाद सभी शिवसेना के कार्यालय पहुंचे जहाँ पर भी दीपदान कर खुशियाँ मनाई गई। जिसमें प्रमुख रूप से शिवसेना जिला महासचिव मनहरण साहु, जिला सचिव ओमकार वर्मा, जिला उपाध्यक्ष मुकेश साहु, मनोहर वर्मा, सुहेला ब्लॉक अध्यक्ष शिवचंद निर्मलकर, नगर अध्यक्ष भूपेन्द्र मानिकपुरी, उपाध्यक्ष जय प्रकाश सोनवानी, सचिव विशाल महिलांगे, भोला नागवानी, दिपक सेन, राजु सेन, विक्की सेन, उकेश देवादास, ईश्वर निषाद, राजेश यादव, दशरथ यादव, श्रवन यादव, प्रहलाद निषाद, सोनु सेन, डामंड देवादास, अजित यादव एवं सैकड़ो शिवसैनिक शामिल हुए।

# लॉक डाउन की मियाद नहीं बढ़ेगी आगे

**बलौदाबाजार/भाटापारा।** कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिये जिले में जारी लॉक डाउन की मियाद 6 तारीख के बाद आगे नहीं बढ़ाई जाएगी। दुकानें और व्यापारिक प्रतिष्ठान कल 7 तारीख से कोरोना की रोकथाम के नियमों का पालन करते हुये संचालित हो सकेंगी। दुकानें सवेरे 8 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक खुली रह सकती हैं। जिला कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने बताया कि कोरोना महामारी का संकट अभी टला नहीं है। रोजाना बड़ी संख्या में प्रकरण सामने आ रहे हैं। इसलिये हम सभी को पहले से और ज्यादा सजग और सावधान रहने की जरूरत है। संक्रमण की रोकथाम में सामुदायिक भागीदारी की अहम भूमिका है। सभी को मास्क पहनने और सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन करना अनिवार्य है। कोरोना से बचाव का यही एक प्रभावी उपाय है। लोगों में कोरोना के बचाव से सम्बंधित तमाम उपायों के बारे में पर्याप्त जागरूकता हो चुकी है। बावजूद इसके पालन नहीं किये जाने पर जान बुझकर कानून की अवज्ञा किये जाने के आरोप में कठोर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने व्यापारियों को भी बगैर मास्क पहने सामान लेने आये ग्राहकों को सामग्री नहीं बेचने के निर्देश दिए हैं।

**सवेरे 8 से शाम 5 बजे तक खुलेंगी दुकानें**

# मदनपुर में किशोरी स्वास्थ्य पर आधारित प्रशिक्षण और परिचर्चा का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

मदनपुर में राज्य स्वास्थ्य संसाधन केन्द्र रायपुर के निर्देशानुसार ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति तथा ग्राम पंचायत मदनपुर के सहयोग से किशोर स्वास्थ्य पर आधारित प्रशिक्षण और स्वास्थ्य परिचर्चा का आयोजन रखा गया। जिसमें किशोरी अवस्था में होने वाले मानसिक ,शारीरिक और सामाजिक परिवर्तन के बारे में विस्तृत चर्चा किया गया।

साथ में महावारी चक्र, स्वच्छता और सेनीटरी नेपकीन के उपयोग के बारे में उपस्थित किशोरी बालिकाओ और उनके माताओ को जानकारी दी गयी और निःशुल्क सेनीटरी नेपकीन बांटा गया। प्रशिक्षण के दौरान मौसमी बीमारी उल्टी दस्त, बुखार, निमोनिया, बीमार नवजात बच्चों की देखभाल, सांस की तकलीफ, मलेरिया, तथा वर्तमान में विश्वव्यापी महामारी कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव तथा रोकथाम के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। सभी को मास्क का उपयोग करने, बारबार साबुन से हाथ धोने और भीड़ वाली जगहों में जाने से बचने तथा लोगों से सुरक्षित दूरी बनाकर बातचीत करने के बारे में बताया गया। किशोरी बालिकाओ को शारीरिक विकास और सामाजिक सहभागिता हेतु खेल गतिविधियो के रूप में कुर्सी दौड, रस्सी खीच, मटका फोड का आयोजन कर विजेताओ को पुरूस्कार प्रदान किया गया।

इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत मदनपुर के सरपंच मोतीलाल दीवान, उपसरपंच वेदराम यादव,पंचगण, सचिव, मितानीन कार्यक्रम के जिला समन्वयक बसंत जैन, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, मितानिन सहित ग्राम की किशोरी बालिकायें व माताये उपस्थित थी।

**समारोह में न होंगे बच्चे और न ही सांस्कृतिक कार्यक्रम**

# कोरोना के साया में गरिमापूर्ण तरीके से मनाया जायेगा स्वतंत्रता दिवस समारोह

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त को गरिमापूर्ण माहौल में अत्यंत हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया जायेगा। जिला स्तरीय मुख्य समारोह स्थानीय पण्डित चक्रपाणि हायर सेकेण्डरी स्कूल के खेल मैदान में आयोजित होगा। कोरोना संक्रमण के बीच आयोजित राष्ट्रीय समारोह के कार्यक्रमों में इस बार खासा बदलाव किया गया है। कलेक्टर सुनील कुमार जैन के निर्देशानुसार बदले हुए माहौल में कार्यक्रमों की रूपरेखा निर्धारण के लिए अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। इस दफा मुख्य समारोह सहित तमाम स्कूल-कॉलेजों में बच्चों की गैर मौजूदगी में संक्षिप्त कार्यक्रम होंगे। कोई सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं होंगे। इस अवसर पर कोरोना की जंग में लोहा ले रहे वारियर्स का मुख्य अतिथि द्वारा सम्मान किया जायेगा। बैठक के बाद अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण भी किया। मुख्य समारोह पण्डित चक्रपाणि स्कूल मैदान में सवेरे 9 बजे से शुरू होगा। इसके पहले जिले की सभी सरकारी कार्यालयों, नगरपालिका सहित संस्थाओं में ध्वजारोहण संपन्न हो जायेगा। जिला पंचायत की सीईओ डॉ. फरिहा आलम एवं अपर कलेक्टर राजेन्द्र गुप्ता ने बैठक में बताया कि कोरोना संक्रमण को देखते हुये राज्य शासन के निर्देशानुसार अनेक कार्यक्रमों में कटौती की गई है। उन्होंने बताया कि इस बार पुलिस और नगर सेना की टुकड़ियों द्वारा राष्ट्रध्वज एवं मुख्य अतिथि को केवल सलामी दी जायेगी। उनके द्वारा मार्च पास्ट नहीं किया जायेगा। और न ही अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण किया जायेगा। सलामी कार्यक्रम में केवल पुलिस बल एवं नगर सेनानी की टुकड़िया शामिल होंगी। एनसीसी एवं स्काउट एवं गाईड के बच्चे इसमें शामिल नहीं होंगे। स्कूल एवं कॉलेजों में प्राचार्य एवं प्रधान पाठकों के द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा। विद्यार्थी कार्यक्रमों में शामिल नहीं होंगे। मुख्य समारोह स्थल को सेनिटाईज किया जायेगा। समारोह में पहुंचने वाले प्रत्येक व्यक्ति की स्वास्थ्य विभाग द्वारा जांच किया जायेगा। सोशल डिस्टेंसिंग को ध्यान में रखते हुये बैठक व्यवस्था रखी जा रही है। राष्ट्रीय पर्व की गरिमा के अनुरूप स्थल की साफ-सफाई एवं साज-सज्जा के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये।

**कोरोना से लोहा ले रहे वारियर्स का होगा सम्मान**



# पार्षद डहरिया डीआरएस कॉलेज के जनभागीदारी के अध्यक्ष नियुक्त

## नेताओं ने दी बधाईयां, कॉलेज एवं छात्र हित में काम करने की बात कही

पायनियर संवाददाता ◄ कसडोल
www.dailypioneer.com

स्व . दौलत राम शर्मा शासकीय महाविद्यालय कसडोल के जनभागीदारी समिति के पार्षद रामखिलावन डहरिया को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है । डहरिया को अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं छात्र नेताओं ने उन्हें बधाई दी है ।

क्षेत्रीय विधायक शकुंतला साहू की अनुशंसा एवं जिले के प्रभारी मंत्री टी एस सिंहदेव के अनुमोदन के बाद जिला कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने स्व . दौलत राम शर्मा शासकीय महाविद्यालय कसडोल के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष पद पर नगर पंचायत कसडोल के वार्ड क्र 14 के पार्षद रामखिलावन डहरिया को नियुक्त किया है।



रामखिलावन डहरिया को जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर नगर पंचायत अध्यक्ष नीलू चन्दन साहू , उपाध्यक्ष ऋत्विक मिश्रा , पार्षद गण सेवती कैवर्त्य , नीलिमा अजय , खिलेश्वरी क्षत्रिय, विकास यादव , युंका जिलाध्यक्ष मानस पांडेय, युंका विधानसभा अध्यक्ष चन्दन साहू , ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अशोक यादव ,महामंत्री नीरेन्द्र क्षत्रिय , युवा नेता गोविन्द मिश्रा , हरिराम कैवर्त्य, सुयश तिवारी , भावेश यादव आदि ने उन्हें बधाई दी है।

अपने नियुक्ति पर पार्षद रामखिला वन डहरिया ने क्षेत्रीय विधायक एवं संसदीय सचिव शकुंतला साहू, प्रभारी मंत्री टी एस सिंहदेव सहित वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए हमेशा महाविद्यालय के विकास एवं छात्रों के हित में कार्य करने की बात कही।

## क्विक न्यूज

### नये जिला शिक्षा अधिकारी ध्रुव ने संभाला काम-काज



**भाटापारा।** जिले के नए जिला शिक्षा अधिकारी सीएस ध्रुव ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। ध्रुव बेमेतरा से स्थानांतरित होकर यहां आये हैं। वे वहां जिला शिक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। ध्रुव कार्यभार ग्रहण करने के बाद कलेक्टर सुनील कुमार जैन और जिला पंचायत सीईओ डॉ फरिहा आलम से सौजन्य मुलाकात की और उनसे मार्गदर्शन प्राप्त किया। ज्ञातव्य है कि यहां पदस्थ जिला डीईओ आरके वर्मा का तबादला उप संचालक के पद पर लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर हुआ है। वे रायपुर के लिए भारमुक्त हो गये हैं।

### जिले में अब तक 566.7 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**भाटापारा।** मानसून के दौरान जिले के सभी 6 तहसीलों में आज सबेरे समाप्त 24 घंटे के दौरान समान्य वर्षा दर्ज की गई है। इस दौरान सर्वाधिक 10 मिली मीटर वर्षा सिमगा, भाटापारा एवं पलारी तहसील मे दर्ज की गई है। इसे मिलाकर जिले में 1 जून से 6 अगस्त तक 566.7 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। कलेक्टर कार्यालय भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक कसडोल तहसील में सर्वाधिक 820 मिली मीटर औसत वर्षा, भाटापारा तहसील मे 654 मिली मीटर औसत वर्षा, सिमगा तहसील मे 583 मिली मीटर औसत वर्षा, बलौदाबाजार तहसील में 518.5 मिली मीटर औसत वर्षा, एवं पलारी तहसील में 408 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### राम मंदिर निर्माण की खुशी में पूरा नगर रोशनी से जगमगा उठा

**तिल्दा नेवरा।** अयोध्या में राम मंदिर निर्माण की खुशी में पूरा नगर रोशनी से जगमगा उठा। श्री राम मंदिर के अयोध्या में भूमि पूजन के उपलक्ष में नगर में व आसपास के अंचल में भी दीपावली त्यौहार जैसे हालात देखने को मिला गांधी चौक नेवरा के श्री जगन्नाथ मंदिर के सामने हनुमान जी के प्रतिमा के पास श्री राम भक्तों के द्वारा भव्य दीप उत्सव का आयोजन किया गया एवं दिन भर श्री राम जी की पूजा अर्चना किया गया इसी प्रकार नगर के वार्ड नंबर 3 भैरवगढ़ धाम मैं भी युवाओं के द्वारा भव्य दीप उत्सव का आयोजन किया गया एवं आतिशबाजी किया गया पूरा शहर भगवा में व श्री राम के जयकारों से राम में हो गया जिस गली में जाओ उसी गली में त्यौहार जैसा माहौल देखने को मिला खासकर युवाओं में बहुत ही ज्यादा उत्साह देखने को मिला इसी तरह तिल्दा के मौली मंदिर में भी युवाओं के द्वारा पूरा मंदिर को सजाया गया और जय श्री राम, भारत माता की जय ,नरेंद्र मोदी जिंदाबाद जैसे नारा लगाए गए।

# मोहल्ला क्लास हो रहा है सफल, कक्षा संचालन में मदद कर रहें युवा

पायनियर संवाददाता < अम्बिकापुर
www.dailypioneer.com



फाइल फोटो

मैनपाट में कोरोना वायरस से उतपन्न संकट के दौरान बच्चों का पढाई पिछड़ न जाये इस हेतु शाशन और शिक्षकों द्वारा नित नए नए पहल किये जा रहें है। इसी कड़ी में मैनपाट के स्थानीय युवक युवतिया भी अपने गांव मोहल्लों में शिक्षा दूत बनकर काम कर रहें हैं। गौरतलब है कि लाकडाउन के दौर में सोशल डिस्टेसिंग सहित अन्य नियमो का पालन भी जरूरी है। इसे देखते हुए मैनपाट के कई स्कूल की पढाई स्थानीय युवक युवतियों ने आगे बढ़ कर सम्भाला है। शिक्षको के साथ साथ युवा वर्ग भी गांव के किसी खुले जगह में कक्षा का संचालन कर रहा है। कमलेश्वरपुर संकुल के समन्वयक देवेंद्र पांडेय ने बताया कि प?ाई तुंहर द्वार के कार्यक्रम के तहत पहले ऑनलाइन क्लास का संचालन करना था । ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण स्मार्ट फोन की उपलब्धता नही होने के कारण हम आवश्यकतानुरूप सफलता हासिल नही कर पा रहे थे । पर अब मोहल्ला क्लास के द्वारा हमारे शिक्षक हर मोहल्ला तक पहुँच जा रहें है। जो भी पढ़ाई अधूरी है उसे जल्द पूरा कर लिया जाएगा। नर्मदापुर संकुल के समन्वयक अजय सिंह ने बताया कि हमारे शिक्षक अपने स्कूल क्षेत्र में स्थानीय युवक युवतियों का चयन कर उनसे भी मोहल्ला क्लास का संचालन करवा रहें है। सभी युवक युवतिया स्वेक्छा से ही अध्यापन कार्य करवा रहें है। नर्मदापुर के बैगहवापारा में मोहल्ला क्लास संचालन कर रही रीना यादव व वसुधा यादव ने बताया कि हमारे लिए पढ़ाना एक अच्छा अनुभव साबित होगा। हम अभी तक पड़ रहे थे पर अब पढ़ाते हुए भी सीखेंगे। रीना यादव ने कहा कि अगर हमारे गांव घर के बच्चों की पढ़ाई पिछड़ रही हो तो हमारी भी जिम्मेदारी है कि हम सबकी मदद करें। गौरतलब है कि देश में कोरोना महामारी के दस्तक एवं खतरे को भांपते हुए शासन के द्वारा जैसे ही लॉकडाउन की घोषणा हुई, शहर, गांव, देश सब रूक से गए। अब बच्चों को सीखने-सिखाने की प्रक्रिया से जोड़े रखने के लिए भी मन शंकाओं से भरा हुआ था ऑनलाइन पढाई के दौर में मैनपाट में कई स्थानों पर नेटवर्क की समस्या है। शिक्षको ने प्रयास किया कि हम हर एक बच्चे को भी जोड़कर सिखा पाए तो क्या नुकसान है और इसी लक्ष्य को प्राप्त करने मोहल्ला क्लास की शुरूआत की। बस शिक्षको में एक नई ऊर्जा का संचार हुई और शिक्षक भी मोहल्ला पहुँच अपना योगदान सुनिश्चित करने लगे। कुछ पालकों से संपर्क कर उन्हें रोज 4 से 2 घंटे अपने मोहल्ले के बच्चों को ऑनलाइन क्लास ज्वाइन करवाने कहा। लगभग 15 से 17 बच्चे नियमित जुड़ने लगे। लॉकडाउन में थोड़ी ढील मिलते ही सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए नियमित अंतराल में अपने पदस्थ ग्राम जाना आरंभ किया।

# खरीदार सहित 8 चोर गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < अम्बिकापुर
www.dailypioneer.com



विश्रामपुर में अलग-अलग स्थानों से मोटरपंप चोरी होने के मामले में पुलिस ने करीब खरीददार सहित आठ चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 7 नग चोरी के मोटरपंप को जब्त कर लिया है। जयनगर पुलिस ने बताया कि मंगलवार को मुखबिर से सूचना मिली की ग्राम पंचायत राजापुर निवासी 32 वर्षीय देवचरण सिंह आ.तेजू राम द्वारा चोरी के सबमर्सिबल मोटरपंप बिक्री करने कुछ लोग आने वाले हैं। मुखबिर की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक राजेश कुकरेजा के मार्गदर्शन में जयनगर थाना प्रभारी सुनीता भारद्वाज के नेतृत्व में पुलिस टीम ने राजापुर पहुंचकर घेराबंदी किया। जहां चोरी के सबमर्सिबल मोटरपंपों को बेचने पहुंचे मुख्य आरोपी गांधीनगर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अजिरमा शांतिनगर निवासी 28 वर्षीय जब्बार अंसारी आ.वासीर व रनपुरकला के पीपरधसका निवासी 22 वर्षीय सागर सिंह आ.बुधराम सिंह के अलावे रनपुरकला पीपरधसका निवासी आरोपी 27 वर्षीय खेलसाय राजवाडे आ.भागवत राम, 27 वर्षीय सर्वे सिंह आ.बुधराम, 19 वर्षीय दिलराज उर्फ मसकु आ.केवटाराम पंडो, 22 वर्षीय चन्द्रिका प्रसाद राजवाड़े आ.सुखलाल, 20 वर्षीय लालसाय आ.भागवत साय को चोरी के सात नग सबमर्सिबल मोटरपंप के साथ रंगेहाथ गिरफ्तार कर चोरी के मोटरपंपों को जब्त कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों द्वारा उक्त जब्त मोटरपंपों को बिश्रामपुर के कुरुवां, लखनपुर के बिनकरा, फतेपुर, सपना, गोरता केनापारा, सूरजपुर पचिरा क्षेत्र से चोरी करना स्वीकार किया गया है। पुलिस द्वारा आरोपियों के कब्जे से चोरी के मोटरपंपों के अलावे घटना में प्रयुक्त बाइक क्रमांक सीजी 15 डीबी 3281 व सीजी 15 डी 4227 को भी जब्त कर आरोपियों के खिलाफ धारा 41 1-4, 379 के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि राजापुर निवासी आरोपी देवचरण द्वारा अक्सर चोरी के मोटरपंपों की खरीदी किए जाने की शिकायत मिली है। कार्रवाई में जयनगर थाने से एएसआई विराट वीसी, राजाराम राठिया, प्रधान आरक्षक रजनीश पाण्डेय व अरुण गुप्ता, आरक्षक ललन सिंह, दीपक दुबे, जितेंद्र सिंह, रवि पाण्डेय, शिव राजवाडे, सत्यम, अनिल, नगर सैनिक महेश यादव, दीपक मूर्ति, बिश्रामपुर थाने से आरक्षक भोजराज व अन्य सक्रिय रहे।

## भाजपा नगर मंडल ने किया अयोध्या गए कारसेवकों का सम्मान

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



भाजपा नगर मंडल शक्ति द्वारा 5 अगस्त को अयोध्या में संपन्न हुए भगवान श्री राम जी के मंदिर निर्माण के भूमि पूजन समारोह के मौके पर सन 1992 में हुई कार सेवा के दौरान शक्ति शहर से गए कारसेवकों का उनके निवास पर जाकर सम्मान किया इस दौरान भाजपा नगर मंडल शक्ति द्वारा 1992 के कारसेवक स्वर्गीय जगदीश प्रसाद सराफ के मरणोउपरांत उनके परिवारजनों को,पंडित नारायण प्रसाद शर्मा,चितरंजय पटेल,मलखे सोनी, लक्ष्मी सोनी, दीपक गुप्ता, स्वर्गीय त्रिवेणी प्रसाद गबेल के मरणोपरांत उनके परिवारजनों को,राजेश शर्मा कांट्रेक्टर, कृष्ण कुमार देवांगन,पूर्व विधायक कुमार पुष्पेंद्र बहादुर सिंह के मरणोपरांत उनके परिवार जनों को सम्मानित किया गया, इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा कसेर पारा के करीब 8 दशक पुराने राम सप्ताह स्थल पर भी भगवान श्री राम जी की पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया एवं दीप प्रज्वलित किए गए इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं में भी काफी उत्साह देखा गया तथा कार सेवकों के हुए सम्मान पर अनेकों कार सेवक अभिभूत हो गए तथा उन्होंने अपनी 1992 की यादें ताजा करते हुए बताया कि कार सेवा का समय एक अविस्मरणीय यादगार समय था।

## वन अधिकार समिति की बैठक

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर महादेव कावरे के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की वन अधिकार पट्टा वितरण के संबंध में प्राप्त आवेदनों के अनुमोदन के लिए कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्री सालिक साय, रीना बरला, ममता कश्यप, वन विभाग के अधिकारी, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग आंकाक्षा त्रिपाठी, राजस्व निरीक्षक पूजा सोनी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री कावरे ने वन अधिकार पत्र वितरण के संबध में जानकारी देते हुए बताया कि जिले में अनुसूचित जाति, जनजातियों एवं अन्य परंपरागत वन निवासी को सामुदायिक वन अधिकार पत्र एवं व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र प्राथमिकता से वितरण किया जाना है।

उन्होंने बताया कि आज दिनांक 6 अगस्त 2020 को फरसाबहार के 47 व्यक्तिगत पट्टे तथा कुनकुरी विकासखंड के 40 सामुदायिक पट्टे कुल 87 पट्टे को पुर्नविचार के बाद स्वीकृति दी गई। इसी प्रकार जशपुर के 20 व्यक्तिगत पट्टे और मनोरा के 67 व्यक्तिगत पट्टे, 42 सामुदायिक पट्टे तथा फरसाबहार के सामुदायिक 52 कुल 181 नवीन दावे स्वीकृत किए गए। इस प्रकार 268 वन अधिकार पट्टो का जिला स्तरीय वन अधिकार समिति में अनुमोदन किया गया। उन्होंने कहा कि अब तक अनुमोदित हुए दावें का वन अधिकार पट्टा तैयार किया जा रहा है और 9 अगस्त को इसका वितरण किया जाएगा।

जिसके तहत् अब तक जिले में कुल 3093 पट्टे स्वीकृत किए गए है। श्री कांवरे ने उक्त प्रयोजन हेतु ग्राम स्तर पर अधिक से अधिक आवेदन आमंत्रित करने और पात्रता को ध्यान में रखते हुए स्वीकृत दावा आवेदनों पर उचित कार्यवाही करने का निर्देश दिए।

## मैनपाट सहित आसपास के क्षेत्रों में मौसम हुआ सुहाना



पायनियर संवाददाता < अम्बिकापुर
www.dailypioneer.com

सरगुजा जिले में पिछले काफी दिनों से आसमान पर बादल छाए हुए हैं। इसकी वजह से मैनपाट सहित आसपास के क्षेत्रों में मौसम काफी सुहाना हो गए हैं और पर्यटक ओं की संख्या वहां बढ़ गई है। लॉकडाउन में जहां नगरी निकाय क्षेत्र पूरी तरीके से बंद है वही लोग इस समय का फायदा उठाने के लिए मैनपाट पहुंच रहे हैं और सुहाने नजारे का आनंद ले रहे हैं। मैनपाट के सरहदी क्षेत्रों में इन दिनों ऐसा नजारा दिख रहा है जैसे आसमान और जमीन एक हो गए हैं।

## दुष्यंत कुमार साहू को विदाई दी गई

**कुरूद।** संकुल केंद्र दोनर के समस्त शिक्षकों के द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला सेमरा बी में पदस्थ सेवानिवृत्त शिक्षक दुष्यंत कुमार साहू को शासकीय उच्च. माध्यमिक विद्यालय दोनर में भावभीनी विदाई दी गई।



शिक्षक दुष्यंत कुमार साहू ने कहा कि कार्यालय कर्तव्य से विदा ले रहे है परंतु शिक्षा के लिये वे आगे भी सक्रिय रहेगे। शिक्षको के द्वारा शाल, श्रीफ्ल, छत्तरी, परिधान एवं मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। संकुल समन्वयक ए के साहू एवं अन्य शिक्षकों द्वारा उनके स्वस्थ्य, दीर्घायु एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में प्राचार्य श्री चंद्राकर, के एल साहू, व्ही पी सोनवानी, अजीम प्रेमजी फाउडेशन के नितिन सर, धर्मेंद्र गजेंद्र, एन एस ठाकुर सहित संकुल समस्त शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एच एल साहू शिक्षक ने की।

# बारिश से संबलपुरी नाला का परिवर्तित मार्ग पानी के तेज बहाव में बहा

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

- छह घंटे तक रायगढ़ हमीरपुर मार्ग था बंद



इंदिरा विहार चौक से हमीरपुर तक बन रही सड़क में गुरूवार को उस वक्त लंबा जाम घंटो लगा रहा। जब संबलपुरी माता मंदिर के पास बन रहे नए पुल के बगल में बनाया गया परिवर्तित मार्ग बीते रात हुई झमाझम बारिश से पानी के तेज बहाव में बह गया। लोक निर्माण विभाग के आला अफसरों ने सड़क ठेकेदार को निर्देश देकर नए पुल के दोनों किनारों में जेसीबी से मुरुम डलवाकर चलने लायक सड़क बनने के बाद लगा जाम खत्म हुआ। इस संबंध में लोकनिर्माण विभाग के एसडीओ केपी राठौर ने बताया की रायगढ़ हमीरपुर मार्ग के संबलपुरी माता मंदिर के पास नाले के ऊपर उ%चस्तरीय पुल का निर्माण चल रहा है। इसके कारण पुल के बगल से परिवर्तित मार्ग वाहनों के आवागमन के लिए बनाया गया है। बीते रात से सुबह तक हुई झमाझम बारिश से परिवर्तित मार्ग नाले के तेज बहाव से बह गया तो इस मार्ग में कारखानों में क%चे माल और तैयार माल परिवहन में लगे ट्रेलर, ट्रक, डंपर की लम्बी लाइन लग गई और यातायात पूरी तरह से ठप्प हो गया। अल सुबह सूचना मिलते ही हमारे विभाग के सब इंजीनियर प्रधान तत्काल मौके पर पहुंच गए थे उनके द्वारा मुझे और कार्यपालन अभियंता आरके खामरा को मोबाइल से हमे अवगत कराया तो ईई भी मौके पर पहुंच गए और सड़क निर्माण में लगे ठेकेदार को सड़क में बने नए पुल को दुरस्त कर वाहनों के चलने लायक बनाने के निर्देश दिए। ठेकेदार के लोगों ने तकाल जेसीबी से नए पुल के दोनों किनारों में मुरुम से भरकर सड़क के ऊपर गाड़ियों के चलने लायक सड़क बनाई। तब कहीं जाकर लोकनिर्माण विभाग के बड़े अफसरों ने राहत की सांस ली। यह सड़क तकरीबन छह घंटे के बाद खुली तब जाकर वाहनों और ग्रामीणों का आना जाना शुरू हुआ।

## पत्थलगांव 7 दिवस के लिए घोषित हुआ कन्टेनमेंट जोन

- कन्टेनमेंट जोन में कार्यवाही हेतु प्रभारी अधिकारी नियुक्त

**जशपुरनगर।** कलेक्टर महादेव कावरे के निर्देशन में पत्थलगांव विकसखंड के शहरी क्षेत्र में 5 नोवल कोराना वायरस के संक्रमित पाए जाने के कारण संक्रमण के फैलाव को दृष्टिगत रखते हुए पत्थलगांव विकासखंड के नगर पंचायत पत्थलगांव के नीचे वर्णित परिधि क्षेत्र के सम्पूर्ण परिसर को आगामी 07 दिवस के लिए अथवा आगामी आदेश पर्यन्त तक के लिए कन्टेनमेंट जोन घोषित किया गया है।इस अवधि में निर्धारित चेक पोस्ट में परीक्षण उपरांत ही राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-43 में चार पहिया वाहन यथा कार, बस, ट्रक, ट्रेलर, ट्रेक्टर इत्यादि आवश्यक वस्तु, सेवा कार्य में लगे वाहनों का आवागमन अवरूध नहीं रहेगा, परंतु कन्टेनमेंट जोन में इनके ठहराव की अनुमति बिलकुल भी नहीं होगी, केवल राष्ट्रीय राजमार्ग से होकर शहर से बाहर जाने वाले वाहनों के आवागमन की पात्रता होगी।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड-बेमेतरा (छ.ग.)**

Phone No. : 07824-222118, email : eebem-phe-cg@nic.in
नि.सू.क्रमांक 26/तशा./(निविदा)/का.अ./लो.स्वा.यां.खंड/2020
बेमेतरा, दिनांक : 27.07.2020

**प्रारूप अल्प निविदा आमंत्रण सूचना**
**(मैन्युअल पद्धति)**

मुहरबंद निविदायें नीचे उल्लेखित कार्य हेतु प्रपत्र ''अ'' प्रतिशत दर में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में, ई-पंजीयन प्रणाली की ''डी'' एवं उच्च श्रेणी में पंजीबद्ध ठेकेदारों से स्पीड पोस्ट द्वारा आमंत्रित की जाती है ।

**कार्य का विवरण :-** बेमेतरा जिले के अंतर्गत विकासखंड बेमेतरा, नवागढ़, साजा एवं बेरला के विभिन्न ग्रामों के पेयजल विहीन गौठानों में 150 मि.मी. व्यास के 120 मीटर गहरे नलकूप खनन कर हैण्डपम्प स्थापना का कार्य दिये गये शेड्यूल अनुसार।

| क्र. | विकासखंड | समूह क्रमांक | नलकूप खनन कार्य की संख्या | अनुमानित लागत (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | बेमेतरा | 01 | 07 | 5.75 |
| 2. | नवागढ़ | 02 | 06 | 4.93 |
| 3. | साजा | 03 | 05 | 4.11 |
| 4. | बेरला | 04 | 04 | 3.29 |

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिये आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 10.08.2020 संध्या 5.30 बजे तक है तथा अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में भरे हुए निविदा प्रपत्र दिनांक 14.08.2020 को संध्या 3.00 बजे तक स्पीड पोस्ट द्वारा स्वीकार किये जा सकेंगे। उपरोक्त कार्य की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज, निविदा का विस्तृत विवरण व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट https://phed.cg.nic.in/epro-ject/nit/ में दिनांक 10.08.2020 को संध्या 5.30 बजे तक देखी जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता,**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड**
**बेमेतरा (छ.ग.)**

जी-82842/3


## पुलिस ने अधिकारिक ई-मेल पर भेजा सर्टिफिकेट

# छह घंटे में कई स्थानों पर सबसे अधिक मास्क वितरण कर बनाया रिकार्ड

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

6 घंटे में सबसे अधिक फेस मास्क का वितरण कई स्थानों पर करने का पहला विश्व रिकार्ड रायगढ़ पुलिस के नाम दर्ज हो गया है। वर्ल्ड रिकार्ड दर्ज करने वाली संस्था गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड के द्वारा गुरूवार को रायगढ़ पुलिस के आधिकारिक ई-मेल पर सर्टिफिकेट भेजा गया है।

किसी भी संस्था/विभाग/व्यक्ति विशेष द्वारा मास्क वितरण के क्षेत्र में इसके पहले यह रिकॉर्ड किसी के नाम नहीं था। रायगढ़ पुलिस जन सहयोग से यह कार्य करने वाला पहला विभाग है। वृहद रूप से मास्क वितरण को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रायगढ़ संतोष कुमार सिंह द्वारा सभी थाना प्रभारियों एवं मास्क वितरण में इच्छुक विभिन्न संस्थानों, सामाजिक/स्वयंसेवी एवं युवा संगठनों, वॉलिंटियर को कोविड-19 के दिशा निर्देशों का पालन कर फिजीकल/सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने की अपील किया गया था। जिसका सभी स्थानों में पालन हुआ है। इस प्रकार मुहिम में जन सहयोग से प्राप्त 12.37 लाख मास्क करीब 7 लाख लोगों तक पहुंचाने में अभियान कामयाब रहा। मास्क प्राप्त करने वालों में जरूरतमंदों की संख्या अधिक है जिन्हें एक से अधिक मास्क प्राप्त हुआ है।




रायगढ़ पुलिस द्वारा तीन अगस्त को रक्षाबंधन के दिन एक रक्षासूत्र मास्क का अभियान के तहत जन सहयोग से महज 6 घंटो में रायगढ़ के एक हजार से अधिक स्थानों पर 12,37,000 मास्क का मुफ्त में वितरण किए जाने का उगेख संस्था द्वारा अपने सर्टिफिकेट में किया गया है। यह स्वयं अपने आप में एक अनोखा रिकार्ड है। रायगढ़ पुलिस सहित इस महा अभियान में सहभागिता निभाने वालों को अब रिकार्ड दर्ज करने वाली संस्थाओं से सर्टिफिकेट प्राप्त होने का इंतजार है, जिनके पास यह प्रक्रियाधीन है।

**न्यायालय नजूल अधिकारी कोण्डागांव**
**जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)**

**-: ईश्तहार :-**
रा.प्र.क्र./112/अ-20(1)/2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री प्रियदर्शन गुप्ता पिता स्व. श्री सुरेश प्रसाद गुप्ता,** जाति-सौडिक, निवासी - अस्पताल वार्ड कोण्डागांव, तहसील व जिला - कोण्डागांव के द्वारा नगर कोण्डागांव के मोहल्ला तहसीलपारा कोण्डागांव स्थित शासकीय भूमि नजूल शीट नंबर-2 भूखण्ड क्रमांक 609/1, क्षेत्रफल 72815 वर्गफीट में से क्षेत्रफल 1050, 760 वर्गफीट कुल 1810 वर्गफीट भूमि को स्थायी पट्टे पर प्रदाय किये जाने बाबत् कलेक्टर महोदय के समक्ष आवेदन पत्र मय नक्शा, खसरा प्रस्तुत करने पर इस न्यायालय को जाँच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। उक्त शासकीय भूमि नजूल शीट नंबर-2 भूखण्ड क्रमांक 609/1 क्षेत्रफल 72815 वर्गफीट में से क्षेत्रफल 1050, 760 वर्गफीट कुल 1810 वर्गफीट भूमि को आवेदक को स्थायी पट्टे पर प्रदाय किये में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो वे दिनांक 21.08.2020 तक अपना दावा आपत्ति मेरे समक्ष कार्यालय समय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.08.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

(मुहर)

**नजूल अधिकारी**
**कोण्डागांव**

## संपादकीय

# मंदिर का भूमि पूजन

अयोध्या में भव्य राम मंदिर के लिए भूमि पूजन भारतीय इतिहास में मील का एक पत्थर है। अतीत पर नजर डालें तो स्पष्ट होगा कि वर्षों तक चली राजनीति और विभिन्न 'वादों' के टकराव ने वास्तव में उस सांस्कृतिक चेतना और सभ्यतामूलक सोच को अनदेखा किया जिसका प्रतिनिधित्व भगवान राम करते हैं। अयोध्या के राजा को मर्यादा पुरुषोत्तम या इमामे हिंद की तरह याद किया जाता है, इसलिए वे हिंदू पंथ से आगे जाकर भारतीय जीवन शैली का प्रतिनिधित्व करते हैं। स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि 'वे सत्य, नैतिकता व आदर्शों की प्रतिमूर्ति हैं।' भगवान राम ने जिस सामाजिक व्यवस्था का उदाहरण पेश किया वह मनुष्यों के लिए आदर्श है। वे जनता की निस्वार्थ सेवा करने वाले राजा थे और जनता को अपने विचारों के केन्द्र में रखते थे। उनका युद्ध झूठ के खिलाफ सच्चाई का था। यह तथ्य भी अविवादित था कि अयोध्या में भगवान राम का जन्म हुआ था। इस प्रकार अयोध्या में भव्य राम मंदिर के लिए भूमि पूजन एक प्रकार से 'धर्म स्थापना'



भी है। याद रखना चाहिए कि भगवान राम अलगाववादी नहीं, बहुलतावादी थे। राम मंदिर भूमि पूजन एक लंबी यात्रा की परिणति है। भाजपा द्वारा 1989 में मंदिर निर्माण का आंदोलन तत्कालीन पार्टी अध्यक्ष लालकृष्ण आडवाणी ने गुजरात से रथयात्रा के माध्यम से शुरू किया था। हालांकि, वे यह यात्रा पूरी नहीं कर सके, पर इसने देश भर में भावनाओं की लहर पैदा की जिसने पार्टी को राजनीतिक सत्ता दिला दी। जन भावनाओं में परिवर्तन की इस प्रक्रिया में कांग्रेस भी हिंदुत्व लहर से प्रभावित हुई और 'हिंदू वोटों' के लालच में राजीव गांधी ने बाबरी मस्जिद का ताला खुलवा कर 'शिलान्यास' करवा दिया। इससे विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल राजनीति के केन्द्र में आ गए। हालांकि, राजीव गांधी ने सोचा था कि मस्जिद भी वहां बनी रह सकती है, जबकि ऐसा संभव नहीं था। जन-भावनाओं से व्यापक समर्थन प्राप्त कर भाजपा केन्द्र की सत्ता में पहुंची। अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्री कार्यकाल में भाजपा ने भारतीय समाज में किसी वैचारिक टकराव से बचते हुए संतुलन बनाए रखने का पूरा प्रयास किया। भारत की अधिकांश जनता के समर्थन से 2014 में भाजपा को प्रचंड बहुमत से केन्द्र की सत्ता में आने का अवसर मिला। 2019 में जनता ने और बड़े बहुमत से भाजपा को सत्ता सौंपी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार अयोध्या में भव्य राम मंदिर हेतु भूमि पूजन कराने में सफल हुई है और विपक्ष भी मोटेतौर से इस पर सहमत है। अब अयोध्या में भूमि पूजन के बाद क्या होगा। क्या यह मंदिर पर चुनावी राजनीति की समाप्ति है अथवा इसे और आगे बढ़ाया जा सकता है। क्या आगे चल कर काशी और मथुरा में भव्य मंदिरों के निर्माण की मांग तेज होगी। हो सकता है कि कुछ कट्टरपंथी इस बारे में उत्साहित हों, लेकिन भाजपा और उसका वैचारिक केन्द्र आरएसएस मंदिर मुद्दे को राम जन्मभूमि से आगे ले जाने का इच्छुक नहीं है। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने स्पष्ट रूप से कहा था कि काशी और मथुरा में आंदोलन की संभावना नहीं है, आरएसएस कार्यकर्ता आंदोलनों में शामिल नहीं होते हैं तथा राम मंदिर आंदोलन एक अपवाद था। व्यापक जनादेश पाने के बाद अब भाजपा को अपने वे वादे पूरे करने हैं जो उसने वर्षों पहले अपने चुनाव घोषणापत्र में किए थे। आरएसएस और भाजपा की अपनी शक्ति मजबूत करने के बारे में समझदारी यथार्थवादी है। पूरा भारत अयोध्या विवाद के शांतिपूर्ण समाधान पर सामूहिक रूप से राहत की सांस ले रहा है और निश्चित रूप से इस मामले में एक प्रकार की राजनीतिक थकावट भी पैदा हुई है। आज देश को पुनः प्रगति के पथ पर लाना सबसे जरूरी हो गया है। अयोध्या को उम्मीद है कि भविष्य में भगवान राम का भव्य मंदिर स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति देने में अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा।

# क्या यूरोपीय संघ से इटलेक्जिट मुमकिन है?

**2016 में जब ब्रेक्जिट हुआ तब इसे बहुत ही आसान प्रक्रिया समझा गया था, लेकिन इसका अंतिम कानून जनवरी 2020 में पास हुआ यानी यूरोपियन यूनियन छोड़ने में ब्रिटेन को लगभग 4 सालों का समय लग गया।**

**कुमार रमेश**
अपराधशास्त्री, विदेशी मामलों के जानकार एवं वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर






1918 में स्पेनिश फ्लू के 100 सालों बाद आज एक बार फिर कोरोनावायरस महामारी ने 17 लाख पीड़ितों के साथ यूरोप महाद्वीप को अपना केंद्र बना लिया है विशेषकर स्पेन, ब्रिटेन और इटली को। ऐसी परिस्थिति में इस बात की भी चर्चा प्रारंभ हो चुकी है कि कोरोनावायरस संक्रमण में यूरोपियन यूनियन द्वारा उचित मदद मुहैया ना करने की वजह से क्या अब इटली भी ब्रिटेन के बाद यूरोपियन यूनियन छोड़ने वाला दूसरा देश बनेगा? चूंकि इस कोविड-19 महामारी ने अपने संक्रमण और मौतों के आंकड़ों से इटली में राष्ट्रवाद इस कदर जगा दिया है जैसा कभी तानाशाह बेनिटो मुसोलिनी के समय था, हालांकि यह पहली बार नहीं है जब इस तरह की चर्चाएं प्रारंभ हुई है। इसकी शुरुआत तो मुख्य रूप से तभी हो गई थी जब यूरोप में 2015 में शरणार्थियों का संकट आया था। उस वक्त जर्मनी ने भूमध्य सागर से आने वाले सीरियाई, लीबियाई और इराक़ी शरणार्थियों को शरण देने के लिए पहले तो हां कहा, लेकिन बाद में अन्य यूरोपीय देशों के दबाव में इसे रोक दिया। तब इस रोक का पूरा खामियाजा इटली को भुगतना पड़ा, क्योंकि कई शरणार्थी भूमध्य सागर पार करके पहले ही इटली में आ चुके थे। इटली ने अपने यहां उपजे इस संकट से निपटने के लिए यूरोपियन यूनियन से आर्थिक मदद भी मांगी, लेकिन जर्मनी के दबाव में ईयू ने ना तो कोई आर्थिक सहायता प्रदान नहीं की और न ही शरणार्थियों को अपने यहां नहीं रखना चाहा। उस घटना के बाद से ही इटली के नागरिकों में यह गुस्सा था कि उन्हें यूरोपियन यूनियन से अलग हो जाना चाहिए। आज परिणाम यह है कि इटली की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है और यह देश गरीबी की ओर अग्रसर हो गया है। गरीबी भी इस हद तक की, कि जी7 जैसे विकसित देशों के समूह का सदस्य होने के बाद भी इटली आज चीन की बेल्ट एंड रोड परियोजना में जुड़कर उनके कर्जे से अपनी अर्थव्यवस्था सुधारने और संसाधन जुटाने में लगा है। बहरहाल, 2016 में जब ब्रेक्जिट हुआ तब इसे बहुत ही आसान प्रक्रिया समझा गया था, लेकिन इसका अंतिम कानून जनवरी 2020 में पास हुआ यानी यूरोपियन यूनियन छोड़ने में ब्रिटेन को लगभग 4 सालों का समय लग गया। इसी प्रस्ताव के साथ एक ब्रेक्जिट शॉक पोल यानी जनमत संग्रह भी कराया गया था जिसमें मतदाताओं से पूछा गया कि ब्रिटेन के बाद ईयू छोड़ने वाला अगला देश कौन होगा, तब आश्चर्यजनक रूप से अधिकतर लोगों ने इटली का ही नाम लिया। तभी से देश में यह रणनीति बन रही थी, कि भविष्य में ऐसी नीतियां बनानी चाहिए जिससे इटली को ईयू से बाहर निकालने की प्रक्रिया आसान हो सके। इन्हीं कोशिशों का नतीज़ा था कि यूरोपियन यूनियन के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ जब किसी देश में ईयू का विरोध करने वाली सरकार चुनी गई। वह देश कोई और नहीं, बल्कि इटली था जब 2018 में गॉसिप कॉन्टे प्रधानमंत्री बने। हालांकि यह सरकार 1 साल में ही गिर गई लेकिन दोबारा जब उन्हें सरकार बनाने का मौका मिला तब तक उन्होंने ईयू का विरोध छोड़ दिया था लेकिन 2018 में बनी सरकार ने यह बता दिया था कि किस तरह इटली के मतदाता ईयू छोड़ने का मन बना चुके थे। हाल ही में टेको फर्म ने एक सर्वे कराया, जिसमें 67 प्रतिशत लोगों ने यह माना कि यूरोपियन यूनियन में बने रहना इटली के लिए हानिकारक है। जबकि 2018 में किए गए इसी सर्वे में 45 प्रतिशत लोगों ने ही यह बात स्वीकारी थी । मतदाताओं का मानना था कि यह एक फ्रैंको-जर्मन प्रभाव वाला संघ है इसलिए इटली को इसमें कोई भी फायदा नहीं होने वाला है।

हाल ही में करोना संक्रमण की वजह से इटली के प्रधानमंत्री ने यह बयान दिया था कि इस साल देश की जीडीपी -6 प्रतिशत रहेगी और कर्ज़ बढ़कर जीडीपी का लगभग 150 प्रतिशत पहुंच जाएगा। इस बयान को सुनकर ईयू का समर्थन करने वाले इतालवी भी मानने लगे कि कोविड-19 पर पड़ोसियों और ईयू ने कोई सहायता नहीं की। जबकि दूसरी तरफ रूस ने इस मुसीबत की घड़ी में अपने 14 मिलिट्री एयरक्राफ्ट्स के द्वारा ना सिर्फ अनेकों स्वास्थ्य उपकरण व डॉक्टर्स को भेजा बल्कि रेडिएशन, केमिकल और बायोलॉजिकल डिफेंस के सैनिक भी भेजे। साथ ही चीन ने भी मास्क, वेंटिलेटर, डॉक्टरों की टीम और पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट भेजा। सबसे अद्भुत सहयोग की चर्चा तो उस छोटे से देश की हुई, जिसकी मेडिकल डिप्लोमेसी ने दुनिया में हमेशा वाहवाही लूटी है। वा देश है क्यूबा, जिसने जान की परवाह किए बिना ना सिर्फ इटली बल्कि अनेक देशों में अपने डॉक्टरों की टीम को सहायता के लिए भेजा। परिस्थितियों का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि इटली के शहरों में जगह-जगह बैनर लगाए गए, जिनमें लिखा था कि हमें फंड की जरूरत है नहीं तो हम गरीबी से मर जाएंगे। मुझे लगता है कि शायद मौतों के आंकड़े और लोगों की इन्हीं परेशानियों को देखते हुए प्रधानमंत्री कॉन्टे सार्वजनिक रूप से रो पड़े थे।

इटली की सरकार ने इस मुसीबत से बाहर निकलने के लिए मार्च में कोरोना बांड का रास्ता निकाला, ताकि वह दुनियाभर के देशों से फंड जुटा सके। लेकिन यूरोपियन काउंसिल में इस कोरोना बांड प्रस्ताव पर जर्मनी, ऑस्ट्रिया और नीदरलैंड ने विरोध कर दिया, साथ ही इटली को यह सलाह भी दी कि वह यूरोपियन स्टेबिलिटी मैकेनिज्म से ही फंड की व्यवस्था करे। यद्यपि यूरोपियन स्टेबिलिटी मैकेनिज्म की प्रक्रिया बहुत ही जटिल है जिसकी शर्तें सदस्य देशों के अनुरूप होंगी, ना कि इटली के। इस घटना और ऐसे जवाब ने इटली के बचे हौसलों को भी तोड़ दिया, साथ ही प्रधानमंत्री कॉन्टे ने भी यह कह दिया कि सबसे बड़े मुसीबत की इस घड़ी में इस संघ ने हमारी कोई सहायता नहीं की। इतना सुनते ही इटली में राष्ट्रवाद अपने चरम पर पहुंच गया, और यह खीझ इतनी बढ़ गई कि देश की जनता ने मन बना ही लिया कि इटली को यूरोपियन यूनियन छोड़ देना चाहिए। हालांकि कई विशेषज्ञों का मानना है कि प्रधानमंत्री कॉन्टे इस मुसीबत की घड़ी में अतिराष्ट्रवाद का सहारा लेकर एंटी-ईयू भावनाओं को भड़का रहे हैं जिससे अमेरिका, इजरायल, बुल्गारिया की तरह कोविड-19 को नियंत्रित ना कर पाने के लिए विरोध झेलने की जगह इस एंटी-ईयू सेंटीमेंट्स से सत्ता पर उनकी पकड़ और मजबूत हो सके। हाल ही में यूरोपियन काउंसिल के पूर्व प्रेसिडेंट डोनाल्ड टस्क ने सभी सदस्य देशों को सलाह देते हुए कहा था कि यह कोई राजनीतिक खेल नहीं है। लोग मर रहे हैं, इसलिए सभी अमीर देशों को आगे आकर इटली और अन्य पीड़ित देशों की मदद करनी चाहिए। नाराज़गी की पराकाष्ठा इस हद तक पहुंच चुकी है कि पिछले महीने ही इतालवी सीनेटर जियानलूगी पैरागोन ने इटलेक्जिट नाम की एक नई राजनीतिक पार्टी सिर्फ इसलिए बनाई है ताकि वह इटली को ईयू से बाहर निकाल सकें।


निष्कर्ष यह है कि जब कोरोनावायरस का संक्रमण खत्म होगा तो क्या इटली के लोग सरकार पर ईयू छोड़ने का दबाव बनाएंगे? ताकि भविष्य में किसी भी समस्या पर निर्णय लेने का संप्रभु अधिकार सिर्फ इटली का हो। आज इटली में एक खबर भी हवा की तरह ही उड़ रही है कि ईयू के देश इटली की मदद जानबूझकर नहीं करना चाहते, ताकि वो उसे मोहरा बनाकर अपने हितों को साधने के साथ इटली की रणनीतिक संपत्ति का इस्तेमाल कर सकें। इसलिए यह उम्मीद की जा रही है कि महामारी के बाद प्रधानमंत्री गॉसिप कॉन्टे के कार्यकाल में ही यूरोपियन यूनियन छोड़ने का प्रस्ताव लाया जा सकता है, क्योंकि वह पहले ही एक ईयू विरोधी सरकार का नेतृत्व कर चुके हैं। मैं समझता हूं कि राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा और संप्रभुता के नाम पर इटली के नागरिकों के मन में जो राष्ट्रवाद की भावना जागी है उसे जगाए रखने में प्रधानमंत्री कॉन्टे कोई कसर नहीं छोड़ेंगे, जिससे उनकी राजनीतिक सत्ता चिरंजीवी हो जाए। बहरहाल, हम देखेंगे कि ब्रेक्जिट का निर्णय कितना सही साबित हुआ और इटलेक्जिट का निर्णय मुमकिन हो पायेगा या नहीं।

# तुर्की का राष्ट्रवाद और मुस्लिम अस्मिता

**प्रियदर्शी दत्ता**
(लेखक स्वतंत्र शोधकर्ता हैं)



अमेरिकन इतिहासकार व लेखक एडविन ए. ग्रासवेनर कुछ साल कांस्टेंटिनोपोल में शिक्षक के रूप में रहे थे। उन्नीसवीं शताब्दी में इस्तांबूल का यही नाम था। उन्होंने पाया कि तुर्क आया सोफिया या हगिया सोफिया को 'प्रेम के बजाय विजय का पुरस्कार' मानते थे। ग्रासओवर द्वारा 1895 में लिखित दो खंड में आटोमन साम्राज्य का इतिहास 'कांस्टेंटिनोपोल' प्रकाशित होने के समय इस पुराने कैथेड्रल का प्रयोग मस्जिद की तरह होता था। लेकिन क्रीमिया युद्ध समाप्त होने के बाद से इसके भूतल व गैलरी को थोड़े भुगतान पर दर्शकों के लिए खोला गया था। कैथेड्रल की ईसाई संरचना इतनी स्पष्ट थी कि 'उसका ढांचा हमेशा मुस्लिम कर्मकांडों के रास्ते में बाधा बनता था।' तुर्क समझते थे कि यह उनकी मस्जिद है, लेकिन मस्जिद जैसी नहीं है। इसलिए उन्होंने धर्मोपदेशक के मंच पर दो रेशमी झंडे लगाए थे जो 'यहूदीवाद व ईसाईवाद पर इस्लाम की विजय के प्रतीक थे।' इसके साथ ही हर जुमे को उपदेश देने के लिए मंच पर चढ़ते समय शेख या इमाम अपने दाहिने हाथ में एक नंगी तलवार लेते थे जो इस बात का प्रतीक था कि हगिया सोफिया को कैसे जीता गया था। ग्रासवेनर पूछते हैं कि 'क्या मुस्लिम चर्च का लंबा अतीत भूल गए थे? ऐसा नहीं था क्योंकि झंडों और तलवार का प्रयोग इसी कारण होता था।' हालांकि, तुर्की के राष्ट्रपति रेसिप तैयब इर्दोगान ने इस्लाम के लिए हगिया सोफिया 1453 के सुल्तान मुहम्मद-द्वितीय की तरह नहीं जीती है। उन्होंने इसे राष्ट्रपति के आदेश से प्राप्त किया जिसे 10 जुलाई को आधिकारिक गजट में प्रकाशित किया गया। इस प्रकार वे 'गजट गाज़ी' की भूमिका में हैं। तुर्की के पूर्व राष्ट्रपति मुस्तफा कमाल पाशा को भी 14 वर्षों तक 'गाज़ी' कहा जाता था, लेकिन 1935 में उन्होंने अतातुर्क पदवी धारण की। यह पदवी उनको सितंबर, 1921 में नई तुर्क राष्ट्रीय असेम्बली ने प्रदान की थी क्योंकि उन्होंने फील्ड मार्शल की तरह



यूनान-तुर्क युद्ध का नेतृत्व किया था। अपने देशवासियों के लिए यह पदवी उनकी छवि को एक प्रकार की गरिमा प्रदान करती थी। कमाल पाशा 'गाज़ी' के जीवनीकार पैट्रिक किनरोस ने बताया कि तुर्की के एक पहाड़ी गांव में एक कलाकार ने दीवाल पर कल्पना से उनकी तस्वीर बनाई थी। इसमें उनको बड़ी-बड़ी मूछों व सात फीट लंबी तलवार लिए एक विजेता की तरह दिखाया गया था। बाद में गांव वालों को यह देख कर धक्का लगा कि बिना दाढ़ी वाले गाज़ी खुले गले वाली स्पोर्ट शर्ट व पनामा हैट के साथ समर सूट पहने थे। वे इतना आश्चर्यचकित थे कि कमालपाशा के स्वागत में ताली भी बजाना भूल गए। कमाल तो काफ़िरों जैसे कपड़े पहने थे। अपने पश्चिमी परिधान के साथ ही कमाल की पश्चिमीकरण नीतियों से भी उनके देशवासी हतप्रभ हो सकते थे जो 400 साल तक खलीफा की प्रजा रहे थे। लेकिन कमाल अपने व्यक्तित्व व उपलब्धियों के आधार पर राज्य नीति व तुर्की के राष्ट्रीय जीवन में सेक्युलरवाद लागू करने में सफल हुए। उन्होंने खलीफ़त पर प्रतिबंध लगाया, धार्मिक अदालतें समाप्त कर दीं, खास टोपी पर प्रतिबंध लगाया, महिलाओं को बुर्का पहनने से हतोत्साहित किया, धार्मिक बिरादरीवाद को कुचल दिया, पूजास्थलों के रूप में दरगाहों को बंद कर दिया, राष्ट्रीय कैलेंडर के रूप में ग्रेगेरियन कैलेंडर लागू किया, शरीया के स्थान पर नया सिविल कोड लागू किया, तुर्क भाषा लिखने के लिए अरबी के बजाय लैटिन वर्णमाला का प्रयोग किया तथा अन्य कदमों के साथ अतातुर्क की उपाधि स्वीकार की। उनके गणतंत्र का टर्की नाम यूरोपीय मूल का लगता था, जबकि नागरिक इसे तुर्कीये कहते थे। तुर्क शब्द का संबंध इस्लाम से है जिसका प्रयोग यूरोपीयों ने 11वीं शताब्दी में किया था। यह वैचारिक बहस का विषय है कि क्या तुर्की का आधुनिकीकरण बिना पश्चिमीकरण के संभव था। लेकिन इन कदमों से अतातुर्क ने भाषा और क्षेत्र के आधार पर एक तुर्क पहचान बनाई जिसका धर्म से कोई संबंध नहीं था। बर्नार्ड लुइस के अनुसार, 'आटोमन के शाही समाज में तुर्क शब्द का प्रयोग बहुत कम होता था और इसे एक अपमानजनक दृष्टिकोण से देखा जाता था। यह तुर्कोमान धुमंतुओं या अनातोली गांवों के अज्ञानी व जड़ तुर्की बोलने वाले किसानों से जुड़ा था। कांस्टेंटिनोपोल के आटोमन सुसभ्य लोगों के लिए इसका प्रयोग एक अपमान था।' उन्नीसवीं शताब्दी के अंत तक तुर्क स्वयं को शुद्ध रूप से मुसलमान मानते थे। इस प्रकार तुर्क राष्ट्रवाद और मुस्लिम पहचान के बीच एक द्वंद्व था। लेकिन अतातुर्क का गणराज्य एकदलीय शासन था। इस प्रकार किसी संगठित विपक्ष के अभाव में वे अपनी नीतियां लागू कर सकते थे। उन्होंने गणतंत्र में धर्म पर प्रतिबंध नहीं लगाया, पर उसके संस्थानों व धर्मगुरुओं पर राज्य मशीनरी द्वारा निर्देशों के माध्यम से नियंत्रण किया।

## फरमाया



**मैं** अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का स्वागत करता हूं। मंदिर का निर्माण प्रत्येक भारतीय की सहमति से हो रहा है। ऐसा केवल भारत में ही संभव है।

– **कमलनाथ**
कांग्रेस नेता



**मैं** छभे-ो ड्ञ थ्थंर्डिंऋ ष इ फ्इषङ्ड्थ षङ्ङ ह्लख्रर्पर्षिङ न्ह्लइ ड़िन्ं डक्कुं ङ्कऋ फ्द्वयडभ्ख्र फ्रॅर्डिंऋ ष इ फ्रौं फ्इषङ्ड्थ ष इ फ्ॅ ो ड्ञ ष इ थ्ङू षङ्ङ षङ्गै षङ्ङ ल्बषइ न्ं

– **शी जिनपिंग**
छभेभ ड्ष्टज़् र्फ



**पद** के नाते भूमि पूजन में भाग लेना प्रधानमंत्री द्वारा ली गई संविधान की शपथ का उल्लंघन है क्योंकि पंथनिरपेक्षता संविधान का हिस्सा है।

– **असदुद्दीन ओवैसी**
एएमआईएम प्रमुख

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## सुशांत की मौत का सच

इन दिनों टीवी चैनलों पर अभिनेता सुशांत सिंह का प्रकरण छाया हुआ है। सुशांत सिंह आत्महत्या प्रकरण में दूध का दूध पानी का पानी होना चाहिए। वास्तव में जो भी दोषी है, उसको ना केवल पूरे देश के सामने लाना चाहिए बल्कि उसे कानूनन कड़ी सजा भी मिलना चाहिए। लेकिन यह प्रकरण जिस तरह से हाईलाइट किया जा रहा है, विशेषकर टीवी चैनल पर उसे देखकर लगता है कि पर्दे के पीछे कहानी कुछ और है। जिन न्यूज़ चैनलों पर प्रायः गोदी मीडिया व पक्षपात करने का ठप्पा लगा हुआ है वे चैनल सुशांत प्रकरण के माध्यम से कहीं दो निशाने की जुगाड़ में तो नहीं है? पहला महाराष्ट्र में महा अघाड़ी सरकार है, जिस के मुख्यमंत्री शिवसेना के उद्धव ठाकरे हैं। यह सरकार राकंपा कांग्रेस के समर्थन से बनी है। महाराष्ट्र की यह सरकार शुरू से ही आंखों की किरकिरी बनी हुई है। सुशांत की आड़ में महाराष्ट्र सरकार को उलझाने की कोशिश है। दूसरी तरफ सुशांत बिहार के हैं, जहां हाल फिलहाल में विधानसभा के चुनाव होने हैं। सुशांत के बहाने बिहार में नीतीश एंड कंपनी उनके प्रशंसकों की सहानुभूति लेना चाहती है कि हमें प्रशांत की कितनी चिंता है। ये राजनीति दल प्रशांत के प्रति इतने चिंतित नहीं है जितने चिंतित अपने स्वार्थों को लेकर हैं।

– **हेमा हरि उपाध्याय,** उज्जैन

## शराब पर रोक जरूरी

पुरानी कथाओं में बुद्धजीवियों ने कहा कि जैसा खाओगे अन्न वैसा होगा मन। उसी प्रकार से मदिरा, शराब का पान करने वाले, न सिर्फ अपने को गहरी खाई में डाल रहे बल्कि अपने आसपास और बच्चों को नकारात्मक संदेश भी दे रहे। सरकार अपने राजस्व को बढ़ाने के लिए इसको प्रोत्साहित करती है। बिहार व भारत के कई राज्य शराब मुक्त हो गए। जरूरत है सभी राज्यों को इसपर गंभीरता से पहल करने की, जिससे इसका जड़ से ही खात्मा हो। पहले सरकार मदिरा बेचती है,फिर जो पीते हैं उनको पीटती है,अगर पी कर गाड़ी चलाता तो चालान भी कटता है, अन्यथा ऐक्सिडेंट तो होना ही है। हर तरफ से सरकार इसका फायदा उठाती है। आम जन मानस को इसे समझना चाहिए। जितने रुपए लीटर शराब है,उससे कितना सस्ता दूध लेकिन लोग महंगा भी लेते हैं और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक भी होता है।प्रशासन इस पर पहल करते हुए,नशा मुक्ति के साथ साथ मदिरालय को भी सख्त करें, जिससे की लोगों की जान न जाए। जब भी कोई घटना होती है तो सरकार स्क्रिप्टेड तरीके से अधिकारियों को बर्खास्त कर देती है, जांच का आदेश दे कर लंबी तान कर अगले घटना के आने तक, कुंभकर्णी नींद में सो जाती है।

– **अमन जायसवाल,** दिल्ली विश्वविद्यालय

## सिटी फारेस्ट बनना अच्छी खबर

आमतौर पर हम देखते हैं कि रोज सुबह शाम शहर के भीतर या फिर दौड़ने के अवसर से हम लोग बाहर निकलते हैं। इससे हमारे शरीर में तंदुरुस्ती बनी रहती है। इसी पहल को आगे बढ़ाने के लिए वन विभाग ने उत्तराखंड के कुमाऊं के छह जिलों में वन विभाग सिटी फॉरेस्ट बनाने की तैयारी कर ली है। यह बहुत ही अच्छी खबर है। फॉरेस्ट में लोगों के घूमने की आजादी के साथ अन्य तरह की सभी सुविधाएं भी वन विभाग स्वयं उपलब्ध करवाएगा। इसे अनेक फायदे होंगे जैसे शहरों में वनीकरण को बढ़ावा मिलेगा और सिटी फॉरेस्ट में भ्रमण से स्थानीय लोगों की सेहत में भी सुधार आएगा जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो सकेगा। इन सिटी फॉरेस्टों के लिए हल्द्वानी समेत चंपावत बागेश्वर अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ जैसे शहर चुने गए हैं। हालांकि इसके लिए चुनौती भी है क्योंकि पहाड़ी इलाकों में 10 हेक्टेयर जमीन मिलना मुश्किल है। आशा है कि ये फॉरेस्ट जल्दी बनें और लोग इसमें घूम कर अपनी तंदुरुस्ती बढ़ाएं। इस काल में ऐसी खबर बहुत ही लाभदायक है क्योंकि इस समय हमारी सेहत पहली प्राथमिकता है।

– **सुदर्शन सोराड़ी,** नैनीताल

## क्विक न्यूज

### आशीष छाबड़ा ने वृद्धाआश्रम ने बांटा शाल श्रीफल



**बेमेतरा।** बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा ने प्रदेश के गृह मंत्री मान.ताम्रध्वज साहू के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में वृद्धाआश्रम जाकर निवासरत बुजुर्गों से भेंट की तथा उन्हें शाल श्रीफल तथा फलाहार वितरित किया गया,इस दौरान वृद्धाआश्रम में निवास रत बुजुर्गों ने भवन के जर्जरहालत से विधायक आशीष छाबड़ा को अवगत कराया तथा भवन की मांग पर तत्काल विधायक निधि 10 लाख रुपये स्वीकृत किया तथा वृद्धाआश्रम में निवासरत सभी बुजुर्गों को भरोसा दिलाया कि उनके सम्मान और सुविधा में कमी नही आने दी जावेगी।

### कबीरधाम जिले में मिले 6 कोरोना वायरस से संक्रमित मरीज

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले में मंगलवार को कोविड-19 कोरोना वायरस से संक्रमित 6 नए व्यक्तियों की पहचान की गई है। संक्रमित व्यक्तियों में पांच पुलिस जवान और एक ग्रामीण शामिल है। सभी पांच पुलिस जवानों में थाना तरेगांव जंगल में पदस्थ तीन और थाना सहसपुर लोहारा में पदस्थ दो जवान शामिल है। कलेक्टर श्री रमेश कुमार शर्मा ने इसकी पुष्टि की है। एम्स रायपुर से जारी रिपोर्ट के आधार पर कबीरधाम जिले में मंगलवार को चार व्यक्तियों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। जिसमें तरेगांव जंगल में पदस्थ तीन पुलिस जवान और पंडरिया विकासखंड के ग्राम लीलापुर के क्वॉरेंटाइन सेंटर में एक ग्रामीणजन शामिल है।

### कन्या शिक्षा परिसर में कक्षा 11वीं में प्रवेश, आवेदन 25 तक

**कवर्धा।** शासकीय कन्या शिक्षा परिसर भोरमदेव महराजपुर जिला कबीरधाम में कक्षा 11वीं में रिक्त सीट पर प्रवेश हेतु अनुसूचित जनजाति के छात्राओं से आवेदन आमंत्रित है। आवेदन पत्र 25 अगस्त तक शासकीय कन्या शिक्षा परिसर भोरमदेव कवर्धा में जमा किया जा सकता है। प्रवेश हेतु प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण अनुसूचित जनजाति के छात्राओं को ही पात्रता होगी। प्रवेश चयन कक्षा दसवीं में प्राप्त अंकों के प्रावीण्यता के आधार पर किया जायेगा। आवेदन पत्र का प्रारूप शासकीय कन्या शिक्षा परिसर भोरमदेव कवर्धा में उपलब्ध है।

### निधन

#### केश साहू

**भिलाईनगर।** चन्दनबीरही निवासी निरंजन साहू के छोटे सुपुत्र मुकेश साहू (35 वर्ष) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 6 अगस्त को इरागुड़ा में दोपहर 12 बजे किया गया। वे मंतोष, संतोष और संतोषी के छोटे भाई थे।

# गली मोहल्लों में पढ़ाना अव्यवहारिक निर्णय, गांवों में लग जाती है भीड़

- उड़ती है सोशल डिस्टेंसिंग की धज्जियां
- कोरोना संक्रमण का बड़ा माध्यम बन सकता है गली मोहल्ले में पढ़ाना
- शिक्षक संघ ने सरकार को किया सचेत, तत्काल बन्द करने की मांग

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

ऑनलाइन पढाई के नवप्रयोग के असफल होने के पश्चात शिक्षा विभाग द्वारा गली मोहल्ले में जाकर प?ाने का नया फरमान जारी हुआ है। जिसे पूरी तरह अव्यवहारिक बताते हुए ऐसे असफल प्रयोगों को तत्काल बन्द करने की मांग छतीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ ने की है। उल्लेखनीय है कि कुछ इसी तरह का प्रयोग मध्यप्रदेश में किया गया था,ल। जिसके कारण वहां के कइयों विद्यार्थी और शिक्षक कोरोना संक्रमण की चपेट में आ गए हैं। अब ऐसा ही आदेश छ्ग के शिक्षा विभाग द्वारा भी निकाला गया है। जिसमे शिक्षकों को गांव के गली मोहल्लों में जाकर प?ाने को दबाव बनाया जा रहा है। जबकि विभाग द्वारा शिक्षकों व बच्चो को पीपीई कीट, मास्क, सेनिटाइजर जैसी सुरक्षा साधन मुहैय्या नही कराया गया है। लाऊड स्पीकर से पढ़ाने को कहा जा रहा है पर लाउडस्पीकर उपलब्ध नही कराया गया है। लाऊड स्पीकर से क्या सभी विषयों की पढ़ाई सम्भव है....? यह भी विचारणीय प्रश्न है।

### दूरदर्शन ही सबसे अच्छा विकल्प, इसमें क्यों नहीं करवाया जा क्लास का प्रसारण- वीरेंद्र दुबे

छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे ने इस अव्यवहारिक निर्णय पर तत्काल रोक लगाने हेतु मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर यह मांग किया है, कि जब स्कूल खोलकर पढ़ाने से कोरोना संक्रमण का भय है। तो गली-गली, मोहल्लों में जाकर पढ़ाने से संक्रमण का खतरा कई गुना ज्यादा बढ़ा है। क्योंकि गांवों में सोशल डिस्टेंसिंग व मास्क नदारद है और लोगो की भीड़ जुट जाती है। बरसात का मौसम है आये दिन पानी गिर रहा है। ऐसे में खुले में पढ़ाना भी कितना न्यायसंगत है। यह भी सोचना होगा। मुख्यमंत्री को इस मामले हस्तक्षेप करने की मांग करते हुए वीरेंद्र दुबे ने कहा कि मुख्यमंत्री जी संवेदनशील है और छ्ग के नौनिहालों की सुरक्षा व उन्हें संक्रमण के खतरे से बचाने के लिए अवश्य ही इस अव्यवहारिक निर्देश पर रोक लगाएंगे। संगठन के जिला अध्यक्ष और प्रदेश मीडिया प्रभारी जितेंद्र शर्मा ने वर्तमान समय के लिए शिक्षा का सबसे अच्छा माध्यम दूरदर्शन और रेडियो को बताते हुए कहा कि इन दोनों माध्यम की पहुंच घर घर तक है। जिसके कारण सोशल डिस्टेंसिंग का पूरा पालन होगा और संक्रमण का खतरा शून्य हो जायेगा। क्योंकि बच्चे तब अपने घर पर ही रहकर अध्ययन कर सकेंगे। यह सबके लिए निःशुल्क और सर्वसुलभ माध्यम है। संगठन ने इसके लिए सोशल मीडिया के माध्यम से एक सर्वे भी किया था। जिसमे लगभग सौ फीसदी लोगो ने दूरदर्शन को सबसे बेहतर और उचित विकल्प माना था और शासन से मांग भी किये थे कि इस माध्यम से इस कोरोना काल मे पढाई कराई जावे। लाइडस्पीकर से पढाई, गली मोहल्ले में जाकर पढाई के पक्ष में एक भी व्यक्ति नही मिला।

# स्वतंत्रता दिवस पर इस वर्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं होंगे

- कार्यक्रम स्थल पर आम जनता और स्कूली बच्चों को नहीं मिलेगी प्रवेश

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



कोविड-19 कोरोना वायरस के रोकथाम, नियंत्रण तथा उनके बढ़ते संक्रमण को विशेष ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय पर्व आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस 2020 के आयोजन के संबंध में जिला स्तर पर आयोजन की रूप रेखा तैयार करने में सुझाव एवं आवश्यक चर्चा के लिए आज बुधवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंडरिया विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर, कलेक्टर श्री रमेश कुमार शर्मा, जिला पंचायत सीईओ श्री विजय दयाराम के., अपर कलेक्टर श्री जे.के. ध्रुव, श्री ओ.पी. सिंह, निज सहायक श्री कीर्तन शुक्ला समस्त अनुविभागीय अधिकारी, समस्त जिला अधिकारी, समाचार पत्र एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने कहा कि कोविड-19 कोरोना वायरस के रोकथाम और नियंत्रण के लिए भारत सरकार एवं राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशो के तहत आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस का आयोजन किया जाएगा। हांलाकी स्वतंत्रता दिवस का आयोजन का रूप रेखा कैसी आयोजित की जाएगी इस संबंध में अभी स्पष्ट निर्देश प्राप्त नहीं हुए है, लेकिन कोरोना वायरस के संक्रमण को ध्यान में रखते हुए तथा उसके रोकथाम के उपायों के तहत आयोजन की जाएगी।

उन्होंने बैठक में उपस्थित जन प्रतिनिधियों, मीडिया प्रतिनिधियों से आयोजन की रूपरेखा के संबंध में आवश्यक सुझाव भी लिए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए इस वर्ष स्वतत्रंता दिवस के मुख्य समारोह स्थल पर स्कूली बच्चो द्वारा आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नहीं होगा। कार्यक्रम स्थल पर आम जनता को एकत्र नहीं किया जाएगा। आम जनता को प्रवेश के लिए अनुमति नहीं दी जाएगी। मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश के लिए जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और मीडिया के प्रतिनिधियों के प्रवेश के लिए पास जारी करने के संबंध में आवश्यक चर्चा की गई। मुख्य समारोह का प्रसारण केबल चैनलों के माध्यम से कराने पर चर्चा की गई। कलेक्टर श्री शर्मा ने स्वतत्रंता दिवस के तैयारी के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम के प्रवेश स्थल पर हैण्ड सैनेटाइजर और थर्मल स्क्रेनिंग की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए।

## श्री राम जानकी मंदिर में हुई पूजा आरती

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



आस्था और आदर्श के अयोध्या में श्रीराम मंदिर भूमिपूजन के मंगलमय बेला पर युवा सेवा संघ बेमेतरा के अध्यक्ष सोनू साहू ने अपने पूर्वजों के श्री राम जानकी मंदिर में पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित करके श्री राम जी की आरती उतारकर विश्व मे चल रहे वैश्विक महामारी से विश्व को बचाने के लिए प्रार्थना करते हुए सोनू साहू ने बताया। पौराणिक कथाओं के अनुसार ब्रह्मा से जब मनु ने अपने लिए एक नगर के निर्माण की बात कही तो वे उन्हें विष्णुजी के पास ले गए। विष्णुजी ने उन्हें साकेतधाम में एक उपयुक्त स्थान बताया। विष्णुजी ने इस नगरी को बसाने के लिए ब्रह्मा तथा मनु के साथ देवशिल्पी विश्वकर्मा को भेज दिया। इसके अलावा अपने रामावतार के लिए उपयुक्त स्थान ढूंढने के लिए महर्षि वशिष्ठ को भी उनके साथ भेजा। मान्यता है कि वशिष्ठ द्वारा सरयू नदी के तट पर लीलाभूमि का चयन किया गया, जहां विश्वकर्मा ने नगर का निर्माण किया। अयोध्या का इतिहास प्राचीन है, और आज करोड़ो भक्तों की पुकार प्रभु श्री राम ने सुन ली और आज भूमि पूजन हुआ और अब मंदिर निर्माण शूर होगा यह रामभक्तो के लिए अत्यंत हर्ष की घड़ी है । अनंत कोटी अखिल ब्रम्हांडनायक के आशीष एवं समस्त सनातनियों के अथक प्रयास से आज भारतवर्ष गौरवान्वित है।

## कैमिकल सूंघते बच्चों को रोकने वाला कोई नहीं, प्रशासन मूक दर्शक

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कोविड -19के चलते बच्चे घर मे रहकर बोरियत महसूस कर रहे हैं जिसके चलते क्षेत्र में इन दिनों बच्चों को नशे की हालत में देखा जा रहा है। अच्छे-भले घर के बच्चों के अलावा घुमंतू कामकाजी बच्चे भी तेजी से नशे की गिरफ्त में पड़ रहे हैं। सूनसान जगहों पर बच्चों को सस्ता नशा के तौर पर टायर पंचर बनाने का कैमिकल सूंघते देखा जा रहा है। कटे-फटे कपड़ों पर कैमिकल लगाकर सूंघते बच्चों को रोकने वाला कोई नहीं है। इससे बच्चों का बचपना छिना जा रहा है।

**किराना दुकानों से खरीद रहे सिलोशन-** बच्चों को पंचर बनाने के लिए प्रयुक्त किया जाने वाला सिलोशन मोहल्ले के सायकल स्टोर के अलावा किराना दुकानों से आसानी से उपलब्ध हो रहा है। किराना दुकान संचालक बच्चों के द्वारा इसका उपयोग जानते हुए भी बेचने में लगे हैं।

महज 20 से 25 रुपए में मिलने वाला सिलोशन पहले से ज्यादा बिक रहा है। नागरिकों का कहना है कि अब कमोबेश हर घर में बाइक है, साइकिल का चलन लगातार घट रहा है बावजूद सिलोशन की बिक्री घटने के बजाए आश्चर्यजनक ढंग से बढ़ गई है। नागरिकों ने यह भी बताया कि जिस मोहल्ले में साइकिल पंचर बनाने की एक भी दुकान नहीं है वहां भी किराना दुकान में बेचने के लिए सिलोशन रखा जा रहा है।

### जगह-जगह बना अड्डा

शहर में कई जगह नशेड़ियों का अड्डा बना हुआ है। कोविड 19 के चलते बंद हो चुके सरकारी स्कूल भवनें , पटेल मैदान , करपात्री स्कूल मैदान , कालेज ग्राउंड , राजमहल के पीछे फिलहाल नशेड़ियों के लिए सर्वाधिक सुरक्षित और उपयुक्त जगह बन गए हैं। इसके नगर के कई गार्डन व मंदिरों के आसपास के क्षेत्र में यह गतिविधियां अधिक देखी जा रही है।

### कागजों में दफन हो रही सरकारी योजनाएं

शासन प्रशासन के द्वारा बच्चों की देखभाल व संरक्षण के लिए अलग से सरकारी विभाग का गठन किया है जो बच्चों को इन सब से दूर रहने की सलाह व जानकारी देते हैं लेकिन कबीरधाम जिला में नही हो रहा है।

## 108 में फिर गूंजी किलकारी, महिला ने बेटी को दिया जन्म

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



कोरोना महामारी के बीच लोगों को आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने की दिशा में 108 संजीवनी एक्सप्रेस अपने नाम के अनुरूप महती भूमिका निभा रहा है। बीते मंगलवार की शाम 108 के ईएमटी ने गर्भवती महिला का सुरक्षित प्रसव कराया। महिला ने बेटी को जन्म दिया है और जच्चा- बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। मिली जानकारी कर अनुसार मंगलवार की शाम 7 बजे पंडरिया ब्लॉक अन्तर्गत आने वाले ग्राम दलपूर्वा निवासी 23 वर्षीय महिला सुप्रिता यादव, पति तुला राम यादव को प्रसव पीड़ा होने लगी। परिजनों ने तुरंत इसकी सूचना 108 को दी। सूचना मिलते ही महज 20 मिनट के भीतर एम्बुलेंस गांव पहुँच गई। इसके पश्चात गर्भवती महिला को हॉस्पिटल लाया जा रहा था। एम्बुलेंस गांव से 3 किलोमीटर दूर पहुँचने पर गर्भवती महिला को तेज प्रसव पीड़ा होने लगी। महिला की स्थिति को देखते हुए एम्बुलेंस को सड़क किनारे सुरक्षित खड़ी करने के पश्चात ईएमटी बृजभूषण साहू ने सुप्रीता साहू का सुरक्षित प्रसव कराया। महिला ने बेटी को जन्म दिया। माँ और बेटी दोनों स्वस्थ हैं। सुरक्षित प्रसव पश्चात महिला को उपस्वास्थ्य केंद्र रमतला में भर्ती कराया गया। गर्भवती महिला के प्रसव के दौरान पायलट रूपसिंह श्याम ने ईएमटी बृजभूषण साहू की मदद की।

## जीवन यात्रा परिवार ने मंदिरों में एक हजार एक सौ एक दीए जलाए

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



अयोध्या में 500 वर्षो के कठिन संघर्ष के पश्चात मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी के जन्मभूमि शिलान्यास सचमुच बहुत ही बड़ा ऐतिहासिक दिन रहा ! जो न केवल अयोध्या बल्कि पूरे विश्व इस दिन को ऐतिहासिक व स्वर्णिम दिवस के रूप में मनाया। अयोध्या रामजन्मभूमि के रंग में रंगा जीवन यात्रा परिवार ग्राम हसदा के साथियो ने इस दिन को भव्य व स्वर्णीम पल बनाने हेतु गांव के सभी मंदिर चौराहा व घरों में एक हजार एक सौ एक दिए प्रज्वलित कर इस दिन को ऐतिहासिक स्वर्णिम छोटी दिवाली के रूप में मनाया ! जीवन यात्रा परिवार ग्राम हसदा गांव के माँ महामाया मंदिर, हनुमान मंदिर ,शीतला मंदिर,बूढ़ा देव,गुरु घासीदास मंदिर,रविदास मंदिर में दीप प्रज्वलित करते हुए अंतिम दर्शन के रूप में ग्राम नेवनारा में स्थित सिध्द शक्तिपीठ जय माँ चंडी मैया में भजन कीर्तन कर दिप प्रज्वलन किये ! जिसमे जीवन यात्रा परिवार के अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा ने सभी सदस्यों को सभी को बधाई देते हुए कहा कि 500 वर्ष के कठिन परिश्रम के पश्चात यह स्वर्णिम अवसर को हम युवा पीढ़ी देख पा रहे है अयोध्या में रामलला जन्मभूमि न केवल राममंदिर अपितु राम मंदिर राष्ट्रमंदिर के रूप में है मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन मे घटित हर एक घटना हमारे मानव जीवन के लिए जरूरी ही नही अपितु पूरे मानव कल्याण के लिए जरूरी भी है इस अवसर पर गांव के सरपंच प्रतिनिधि पवन डहरिया, उपसरपंच दिलीप वर्मा, जीवन यात्रा परिवार के अध्यक्ष- दुर्गेश वर्मा,उपाध्यक्ष,टिकेंद्र देवांगन,सचिव ओमेश साहू,कोषाध्यक्ष वासुदेव सिन्हा,सदस्यगण - ओंकार सिन्हा,दीपक शर्मा,आकाश वर्मा,लक्की वर्मा,पंकज वर्मा,विकाश नायक,राजेश सिन्हा,गोकुल निर्मलकर,किशन यादव,मयंक वर्मा,तोमेश देवांगन,खूबीराम सिन्हा,रवि सिन्हा,गौरव साहू उपस्थित रहे।

## लॉकडाउन के दौरान प्रवासी मजदूरों के लिए सहारा बनी महात्मा गांधी नरेगा

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा जिले के साजा जनपद पंचायत के ग्राम पंचायतों मे अन्य राज्यों से पालायन कर बड़ी मात्रा मे प्रवासी मजदूर वापस लौटे, जिसके बाद उन्हे 14 दिनों तक पंचायतों के स्कूलों मे प्रवसी मजदूरों के लिए क्वारंटाइन सेन्टर बनाया गया और वहां रखा गया था। जहां पंचायतों के सरपंच एवं अन्य ग्रामीणों के द्वारा उनका पूरा ध्यान रखा गया। उनके खाने-पीने एवं अन्य सुविधाओं को मुहैया कराया गया। इसके पश्चात उनको 14 दिनों के लिए अपने-अपने घरों मे क्वारंटाइन कर रखा गया। परंतु क्वारंटाइन का समय पूर्ण करने के पश्चात् उनके सामने अपने घर चलाने की समस्या तंग कर रही थी। महात्मा गांधी नरेगा के जो कार्य पंचायतों मे चल रहे थे, उसमे उन्हे कार्य देकर उनके आर्थिक स्थिति को सुधारने मे बड़ी सहायता की। ऐसा ही हुआ ग्राम पंचायत अगरी में नरेन्द्र रजक, जितेन्द्र चंद्राकर एवं शिव कुमार निषाद जो कि 06 से 07 वर्षो से लखनउ मे रह कर वही मजदूरी का काम कर अपने परिवार का पालन पोषण करते थे। वे जब लखनउ से वापस आये और वापस आकर क्वारंटाइन समय पूर्ण करने के पश्चात उनके सामने रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हुई, तब ग्राम पंचायत मे चल रहे सरकार की महत्वकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरवा और बाड़ी अंतर्गत निर्मित नवीन गौठान मे इन्हे मांग के आधार पर कार्य दिया गया। इन सभी के द्वारा गौठन मे सी.पी.टी. का कार्य पूर्ण किया गया। चूकि इन लोगों को मिस्त्री कार्य का अनुभव भी है। जिस कारण गौठान मे निर्माण होने वाले कार्य जैसे पानी टंकी एवं चबुतरा निर्माण मे भी इन्ही से कार्य लिया जा रहा है। इसके अलावा अन्य पंचायतों मे किसी भी प्रकार के मनरेगा कार्य मे प्रवासी मजदूरों को प्राथमिकता दी जा रही है।

## लायनेस क्लब प्रेरणा ने आन लाइन शपथ ग्रहण की

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



लायनेस क्लब प्रेरणा बेमेतरा का ऑनलाइन शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया एरिया ऑफिसर स्नेह लता साहू के सानिध्य तथा लायनेस अध्यक्ष ललिता साहू के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में ऑनलाइन शपथ ग्रहण कार्यक्रम में पदाधिकारियों को एरिया ऑफिसर द्वारा पद एवं निष्ठा की शपथ दिलाई गई तथा ऑनलाइन संबोधित करते हुए क्लब सदस्यों से कहा कि क्लब की सदस्यता उन्हें किसी भी प्रकार से राजनीतिक आर्थिक यह सामाजिक लाभ हेतु नहीं प्राप्त करनी है बल्कि अपना धन और समय क्लब के उद्देश्यों को प्राप्त करने में लगाना है और अपनी योग्यता अनुसार श्रेष्ठ कार्य को करना है ताकि क्लब उत्तरोत्तर विकास करें और सामाजिक कार्यों में सर्वोत्तम सहयोग दे सकें लायनेस अध्यक्ष ललिता साहू द्वारा निरंतर 4 वर्षों से अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर क्लब सदस्यों को आभार व्यक्त किया गयापर अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्हें कहा कि वह सभी की आशाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे और पद को और क्लब को ऊंचे मुकाम पर ले जाने का प्रयास करेंगे और समाज हित में किए जाने वाले कार्यों को प्रोत्साहित करती रहेंगी लॉक डाउन की अवधि में भी वे सामाजिक कार्यों में किसी भी प्रकार का गतिरोध उत्पन्न नहीं होने देंगे और ऑनलाइन गतिविधियों द्वारा क्लब के सामाजिक कार्य सामाजिक हित एवं विकास में निरंतर जारी रहेंगे नई कार्यकारिणी के सदस्यों के पद अनुसार नाम इस प्रकार हैं अध्यक्ष लायनेस ललिता साहु सचिव विनोद राघव कोषाध्यक्ष मुमताज रवानी उपाध्यक्ष सरला ठाकुर वर्षा गौतम ममता ताम्रकार प्रिया राजपूत. संचालक गण ला रश्मि ताम्रकार ला शारदा तिवारी ला सलमा शरीफ ला. उमा तिवारी ला. शशि तिवारी ला. सुमिता यादव ला वीणा त्रिपाठी ला ममता चंद्राकर ला निम्मी पटेल कांता सलूजा निधि बनाफर सचिव सह कोषाध्यक्ष सुनीता शर्मा टेमर नीलम साहू टेल टिवस्टर रानी रवानी उर्वशी दास वंदना हिंगोले सुषमा साहू आरती साहू मीडिया प्रभारी किरण जैन ज्योति तिवारी है।

### बायसन के शिकार प्रकरण सुलझाने में वन मंडल को मिली बड़ी कामयाबी

# 9 ग्रामीणों ने बायसन को बिजली करंट देकर किया था शिकार

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



कवर्धा वनमंडल को कबीरधाम जिले के भारेमदेव वन्य प्राणी अभ्यारण चिल्फी परिक्षेत्र नंदनी टोला में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत अवस्था में मिली वन्यप्राणी गौर या बायसन प्रकरण को महज पांच दिनों में सुलझाने में बड़ी कामयाबी मिली है। इस पूरे प्रकरण को सुलझाने में एक और वन विभाग के अनुभवी अफसरो का मागर्दशन रहा तो वही दूसरी ओर आरोपियों की पहचान करने में अचानकमार टाईगर रिजर्व के जर्मन शेफर्ड स्निफर डॉग नेरो ने भी अपना अहम योगदान दिया है। ग्राम कुमान और नंदनी गांव से 9 ग्रामीणों द्वारा वन्यप्राणी गौर या बायरसन की अवैध शिकार अवैध शिकार की नीयत से जी.आई.विद्युत तार के करंट का उपयोग कर घटना का अंजाम दिया गया था। कवर्धा वन मंडल की टीम द्वारा मंगलवार 4 अगस्त को 9 आरोपियों को आर.एफ.-146 में जी.आई.तार से बिजली का करंट देकर वन्य प्राणी बायसन के अवैध शिकार के अपराध में गिरफ्तार किया गया। वन्य प्राणी (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 9, सह पठित धारा 2(16), धारा 31, 39 एवं 50 तथा भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 26(1) (च) एवं 26(1) (झ) के तहत वन्य प्राणी गौर या बायसन का अवैध शिकार कक्ष क्रमांक आर.एफ.-146, प.स. वृत्त नंदनी टोला, परिक्षेत्र चिल्फी, भोरमदेव वन्य प्राणी अभ्यारण के अंतर्गत दर्ज कर सभी आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया। वन्य प्राणी गौर या बायसन के अवैध शिकार के प्रकरण में सभी नौ आरोपियों को कवर्धा वन मंडल द्वारा चालान कर माननीय न्यायालय, जिला कबीरधाम के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से माननीय न्यायाधीश के आदेश द्वारा सभी गिरफ्तार किए आरोपियों को वन विभाग को 14 दिन की रिमांड पर देते हुए हवालात भेज दिया गया।

### 29 को संदिग्ध परिस्थितियों में बायसन मृत पाया गया

कबीरधाम जिले के कवर्धा वन मंडल के भोरमदेव वन्य प्राणी अभ्यारण, चिल्फी परिक्षेत्र नंदनी टोला, परिसर नंदनी टोला के कक्ष मांक आर.एफ.-146 में 29 जुलाई को एक गौर या बायसन की मृतक अवस्था में पाए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल भोरमदेव वन्य प्राणी अभ्यारण अधीक्षक, उप वन मंडल अधिकारी, सहसपुर लोहारा, संबंधित परिक्षेत्र सहायक, परिसर रक्षक तथा वनअमला को रवाना किया गया था। वन मंडल अधिकारी स्वयं भी अविलंब मौके स्थल के लिए रवाना पहुंचे थे। मौके स्थल पर नर बायसन मृतक अवस्था में मिला।

## भोईनाभाटा, मोहतरा, नवागांव होते हुए तुमा तक पौधारोपण : प्रज्ञा

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने जिला पंचायत के महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारेंटी के जिला समन्वयक अधिकारी नवीन साहू से मुलाकात कर जिला पंचायत क्षेत्र बालसमुंद के सभी पंचायतों में मुख्य सड़कों के किनारे पौधरोपण कराने योजना तैयार किया है इस कार्य में पौधा की रक्षा करने के लिए ट्री गार्ड स्थानीय स्वसहायता समूहों से तैयार करवाया जाएगा,जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने यह भी कहा कि ग्राम पंचायतों के सभी सरकारी इमारतों जैसे स्कूल भवन,आंगन बाड़ी केंद्र, पंचायत भवन और स्वास्थ्य केंद्र के भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग किया जाएगा,निर्वाणी ने कहा कि इसका सबसे बड़ा लाभ हम भू जल स्तर को रिचार्ज कर गांवों में हर साल भू जल के गहरे उतर जाने की समस्या के समाधान की ओर पहला कदम उठाएंगे,उन्होंने यह भी कहा कि अगर ग्रामीणों के घरों के आस पास जगह हो और नाली नही बना हो जिसके कारण घरों का पानी गलियों में फैल जाता है ऐसे जगह सोक पीट तैयार कर फौरी तौर पर राहत पाया जाएगा क्योंकि नाली बनने में अगर समय लगेगा या फंड की कमी है तो इस उपाय के माध्यम से न केवल पानी निकासी की समस्या हल होगी बल्कि सोकपिट भी एक तरह से वाटर लेवल को बनाये रखने में सहायक होता है, यह सोकपिट उन स्थानों के लिए भी लाभ दायक होगा जहां गांव में पेयजल के लिए बनाए गए कनेक्शन होते है और बड़ी मात्रा में पानी का अपव्यय होता है,इसके लिए 4से 5फीट का गढ्ढा कर बनाया जाएगा। इस दौरान जिला समन्वयक आवास के अधिकारी शत्रोहन निषाद से ग्राम पंचायतो में हितग्राहियों को आवास की दूसरी किस्त में देरी की जानकारी ली।

# श्री सुमतिनाथ सेवा समिति ने 108 दीये जलाकर महाआरती की

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

5 अगस्त को अयोध्या में भगवान श्रीराम जी के मंदिर निर्माण का भूमि पूजन समारोह संपन्न किया गया, सुबह 11. 00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक अयोध्या में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, तथा भूमि पूजन का कार्यक्रम का कार्यक्रम संपन्न हुआ, तथा इस अवसर पर नगर के गोलबाजार गांधीवार्ड में श्री सुमतिनाथ सेवा समिति एवं गोलबाजार निवासियों द्वारा 108 दिये जला कर महाआरती की गई, इसके साथ ही नगर के दाउपारा चौक में दिया जला कर लोगो ने अपनी खुशियों का इजहार किया, नगर सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्रो के मंदिरों, धार्मिक स्थल में जाकर हवन एवं पूजन के आदि किये, इस अवसर पर लोगो ने सोशल डिस्टेंसिंग का ध्यान रखते हुए एवं सुरक्षा मास्क लगाकर यथासंभव उत्साह पूर्वक इसे पर्व के रूप में मनाया।

जिले के लोरमी ब्लाक में आयोजित महाआरती में क्षेत्रिय विधायक धर्मजीत सिंह भी समलित हुए, लोरमी के वार्ड क्रमांक 4 में श्रीरामजानकी मंदिर में धर्मजीत सिंह ने श्री रामजानकी की महाआरती कर पूजा अर्चना की। इसके साथ नगर के राम भक्तो द्वारा सामूहिक हनुमान चालिसा पाठ कर आतिशबाजियां की गई, तथा नगर वासियों ने अपने घरों में दिये जला कर अपनी खुशियों का इजहार किया।



## जिले मे अब तक 431.4 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

मानसून के दौरान जिले के सभी तीनो तहसीलो मे आज सबेरे समाप्त 24 घंटे के दौरान व्यापक वर्षा दर्ज की गई है। इस दौरान सर्वाधिक वर्षा समान रूप से मुंगेली तहसील और पथरिया तहसील मे दर्ज की गई है। जहां क्रमशः 32-32 मिली मीटर, वर्षा दर्ज की गई है। इसे मिलाकर जिले में 1 जून से अब तक 431.4 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। कलेक्टर कार्यालय भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक मुंगेली तहसील मे 439.5 मिली मीटर औसत वर्षा, पथरिया तहसील मे 495 मिली मीटर औसत वर्षा और लोरमी तहसील मे 359.8 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## कलेक्टर ने दिये 14 अगस्त तक पाठ्य पुस्तको को वितरण करने के निर्देश

**मुंगेली -** जिले में संचालित स्कूलो में कक्षा पहली से कक्षा दसवीं तक अध्ययनरत् पात्र विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तको का वितरण किया जाएगा। निःशुल्क पाठ्य पुस्तको का वितरण सत्र 2020-21 हेतु किया जाएगा। जिला कलेक्टर ने विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तको का वितरण का कार्य 14 अगस्त तक पूर्ण करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये है। उन्होने कोविड-19 के संदर्भ में जारी निर्देशों एवं सावधानियों का पालन सुनिश्चित करते हुए वितरण का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर एल्मा ने कहा है कि पाठ्य पुस्तको का वितरण घर-घर जाकर किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री ने किया 2 हजार 66 हितग्राहियों के खाते में 1.93 लाख अंतरण

**मुंगेली -** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य शासन की महत्वाकाक्षी गोधन न्याय योजना योजना के तहत मुंगेली जिले में गोबर बेचने वाले पंजीकृत 2 हजार 66 हितग्राहियों के खाते में आज 1 लाख 93 हजार 740 रूपये की राशि का ऑनलाईन अंतरण किया। गोधन न्याय योजना के तहत 20 जुलाई से 1 अगस्त की अवधि में पंजीकृत हितग्राहियों द्वारा 189 गोठानों में 96 हजार 870 किलो ग्राम गोबर की बिक्री की गई थी। मुख्यमंत्री बघेल ने राशि का अंतरण हितग्राहियों के सहकारी बैंको में संचालित खातो में किया। मुख्यमंत्री बघेल ने राशि की अंतरण होने पर हितग्राहियों को अपनी बधाई और शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में गोधन न्याय योजना का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया जा रहा है।

# नवीन शिक्षा सत्र के लिए प्रवेश एवं विद्यालय संचालन के संबंध में निर्देश जारी

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिला कलेक्टर के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी ने नवीन शैक्षणिक सत्र 2020-21 के लिए विद्यार्थियों का प्रवेश एवं विद्यालय संचालन के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किया है। जारी दिशा-निर्देश में उन्होने नवीन शैक्षणिक सत्र 2020-21 में शालाओ में प्रवेश तथा अन्य गतिविधियों का संचालन कोविड-19 सुरक्षा मानको का पालन सुनिश्चित करने की बात कही है।

जारी दिशा-निर्देश में उन्होने समस्त पूर्व कक्षाओ का (कक्षा 11वीं को छोड़कर) अगली उपलब्ध शालाओ में प्रवेश हेतु पंजियो का संधारण कर विद्यार्थियों के नामों को कक्षोन्नति प्रदान कर जानकारी अद्यतन करने, विद्यालय की अंतिम कक्षा से निर्गमित होने वाले विद्यार्थियों को उनकी मांग के अनुरूप अंकसूची, चरित्र-प्रमाण पत्र एवं स्थानांतरण प्रमाण पत्र इत्यादि जारी करने की बात कही है।
इसी तरह प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय अपने निकटतम स्थित आंगनबाडी केंद्रो में पंजीकृत बच्चों का अपनी शालाओ में कक्षा पहली में प्रवेश सुनिश्चित करने, माध्यमिक विद्यालय अपने फीडिंग स्कूल (प्राथमिक



विद्यालय) से कक्षा 6 में हाई/ हायर सेकेण्डरी शालाएं आने फीडिंग स्कूल (माध्यमिक विद्यालय) से कक्षा 9वीं में टी.सी. प्राप्त कर प्रवेश की कार्यवाही सुनिश्चित करने की भी बात कही है। उन्होने जारी दिशा-निर्देश में कहा है कि विद्यार्थियों को शासन की लाभकारी योजनाएं जैसे छात्रवृत्ति, निःशुल्क सरस्वती सायकल वितरण योजना के लिए लगने आवश्यक अभिलेख यथा जाति प्रमाण पत्र, बैंक खाते का विवरण, बी.पी.एल. संबंधी अभिलेख इत्यादि अनिवार्य रूप से विद्यार्थियों से संकलिप करने, शालाओ में विद्यार्थियो के लिए गणवेश वितरण, पुस्तक वितरण उनकी कक्षा के अनुसार वितरण करने, विद्यार्थियों को निर्धारित मात्रा में दिये जाने वाले मध्यान्ह भोजन यथा सूखा खाद्यान्न शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार वितरण करने, प्रवासी मजदूरों के परिवारो के बच्चों को उनके आयु तथा कक्षा के अनुसार संबंधित ग्राम के शालाओं में शत् प्रतिशत प्रवेश प्रदान करने की भी बात कही है।

## क्विक न्यूज

### युवाओं ने राम मंदिर शिलान्यास पर्व पर 1100 दीपक किए प्रज्वलित

**सक्ती।** शक्ति नगर के युवा समाज सेवकों द्वारा राम मंदिर अयोध्या के भूमि पूजन के उत्सव में सैकड़ों दीप प्रज्वलित किए गए,नगर के हर चौक, चौराहे,गली- मोहल्ले, मंदिरों में दीप प्रज्वलित कर इस दिन को यादगार बनाया गया, साथ ही रामलला के अयोध्या आने की खुशी में छोटी दीवाली के रूप में बनाया गया, जिसमें युवाओं ने अपने पास से सैकड़ों दीप प्रज्वलित किए साथ ही साथ सोशल डिस्टेंसिंग का भी पालन किया गया, जिसमें युवा समाज सेवक यश गोयल ,रजत अग्रवाल ,साहिल अग्रवाल ,सौरभ अग्रवाल ,उमंग अग्रवाल ,अंशु अग्रवाल ,आशीष अग्रवाल, आशीष अग्रवाल भरत क्लॉथ, आशु अग्रवाल जेपी जनरल, अनुपम अग्रवाल, कमल अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल महामाया ज्वेलर्स, के साथ-साथ अन्य लोगों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

### कोविड अस्पताल में कोरोना मरीज ने लगाई फांसी

**शिवरीनारायण।** जांजगीर के कोविड अस्पताल में कोरोना मरीज ने फांसी लगा ली है. इस घटना के बाद हड़कम्प मच गया है. पुलिस के अनुसार डभरा क्षेत्र के जमगहन गांव के युवक को कोरोना पॉजिटिव मिलने पर 4 अगस्त को कोविड अस्पताल में भर्ती किया गया था. यह युवक गुजरात से आया था, जिसके बाद उसकी कोरोना जांच हुई थी. फिर रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर उसे कोविड अस्पताल जांजगीर में भर्ती किया गया था. मरीज युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी क्यों की है, अभी इसके कारण का पता नहीं चल सका है।

### जोबी के पंचायत सचिव जागरदास महंत निलंबित

**रायगढ़।** जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री ग चा प्रकाश चौधरी ने जनपद पंचायत खरसिया ग्राम पंचायत जोबी के पंचायत सचिव जागरदास महंत को गोधन न्याय योजना, एनजीजीबी, स्वच्छ भारत मिशन एवं पेंशन योजनाओं के क्रियान्वयन में अपने कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही बरतने एवं उच्चाधिकारियों के आदेशों का पालन नहीं करने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

### श्रीरामलला की भव्य मंदिर निर्माण के शिलान्यास पर सम्मान

**शिवरीनारायण।** श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में श्रीरामलला की भव्य मंदिर निर्माण के शिलान्यास के अवसर पर भाजपा शिवरीनारायण मंडल के सभी कार्यकत्ताओं व्दारा नगर के सभी चौंक में भगवान श्रीरामचन्द्र जी के पूजा अर्चना के पश्चात प्रसाद स्वरूप लोगों को खीर वितरण किया गया फिर भगवान नर-नारायण के मंदिर दर्शन कर श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या कारसेवकों के घर घर जा कर उन्हें तिलक, श्रीफल एवं शाल से सम्मान किया। इस दिन नगरवासियों ने भी अपने अपने घरों में दीप जला कर जमकर आतिशबाजी किया 5 अगस्त को पूरा नगर का वातावरण राममय था।

# नगर निगम में आया वेक्यूम एम्पियर, सफाई व्यवस्था होगी दुरुस्त-आयुक्त

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com

नगर निगम रायगढ़ में वेक्यूम एम्पियर क्रय किया गया। जिसे महापौर, सभापति, आयुक्त, एमआईसी सदस्य एवम पार्षदों की उपस्थिति में पूजा किया गया। जिसके आने से निगम क्षेत्र की सफाई व्यवस्था में ओर गति आने की बात कही जा रही है। आयुक्त ने महासफाई अभियान के मद्देनजर इसका क्रय किया गया बताया।



ज्ञात हो कि नगर निगम में महासफाई अभियान के तहत 48 वार्डों का निरीक्षण किया गया। जिसमें सफाई के स्तर को और अधिक सुधारने के लिये समीक्षा भी की गई। सर्वाधिक वार्डों में नाला एवम नाली जाम की स्थिति सामने आई। जिनके बाद वेक्यूम एम्पियर (मैला टैंकर) की खरीदी की गई। जिसका महापौर जानकी काट्जू एवम आयुक्त आशुतोष पांडेय के करकमलों से पूजा कर शुभारंभ किया गया। जहां सभापति जयंत ठेठवार, एमआईसी सदस्य सलीम नियरिया, कमल पटेल, प्रभात साहू, रत्थु जायसवाल, संजय देवांगन एवम निगम के राजू पांडेय, रमेश तांती एवम अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे। निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय ने बताया कि कलेक्टर के मार्गदर्शन में महासफाई अभियान का शुभारंभ किया गया था। जिसमे सफाई व्यवस्था के लिए वेक्यूम एम्पियर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के अमृत मिशन के तहत दो नग लिया गया है।

# कंटेंन्मेंट जोन लेबर कॉलोनी का कलेक्टर व एसपी ने किया निरीक्षण

- शहर व ग्रामीण क्षेत्र में देर शाम तक चली बिना मास्क वालों पर कार्रवाई

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ कलेक्टर भीम सिंह एवं पुलिस अधीक्षक रायगढ़ संतोष कुमार सिंह द्वारा बुधवार को पुलिस चौकी जूटमिल क्षेत्र अंतर्गत कंटेनमेंट जोन लेबर कॉलोनी में जाकर व्यवस्था चेक किया गया। इस कंटेनमेंट जोन में कुल 5 संक्रमित पाए गए थे। जिसके बाद से इस क्षेत्र को कंटेनमेंट जोन घोषित किया गया है। कंटेनमेंट जोन घोषित होने के बाद से क्षेत्र में आवाजाही प्रतिबंधित है। चौकी प्रभारी जूटमिल द्वारा सुरक्षा व्यवस्था व्यापक बनाई गई है। कंटेनमेंट जोन में तैनात पुलिस कर्मचारियों के अलावा पेट्रोलिंग पार्टी द्वारा समय-समय पर जाकर चेक किया जा रहा है। अधिकारियों द्वारा कंटेनमेंट जोन के निरीक्षण दौरान लोगों से पूछताछ कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है। कंटेनमेंट जोन की व्यवस्था देखकर अधिकारीगण द्वारा संतोष व्यक्त किया गया है।



### बिना मास्क वालों पर कार्रवाई

कल हुई ऑनलाइन मीटिंग में बिना फेस कवर/मास्क के घूमने वालों पर कार्यवाही के निर्देश पुलिस अधीक्षक रायगढ़ द्वारा सभी थाना/चौकी प्रभारियों को दिए थे। जिस पर गुरूवार को सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत कार्यवाही किया गया। उक्त कार्रवाई अभी भी जारी है। शाम तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार 310 व्यक्ति यों पर चालानी कार्रवाई की गई जो बिना मास्क/फेस कवर के घूम रहे थे। थाना पूंजीपथरा क्षेत्र में तीन दुकानों पर फिजीकल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं कराने पर चालान काटा गया है। इस दौरान कई लोगों को मास्क भी उपलब्ध कराया गया। बिना मास्क/फेस कवर के घूम रहे लोगों के व्हाटसअप में फोटो प्राप्त होने पर थाना/चौकी प्रभारी उस फोटो से व्यक्ति एवं स्थान की पहचान कर उन पर कार्यवाही किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत लोगों का इलाज करने मोहल्ले तक जाएगी मोबाइल यूनिट

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com


नगर पालिक निगम रायगढ़ क्षेत्र में मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने आरएफपी (रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल) जारी किया है। इय योजना के तहत निगम क्षेत्र के नागरिकों की बस्ती/मोहगा में ही चिकित्सा की उन्नत सेवा मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से मिल पाएगी। लोगों को उनके निवास के सामने ही मेडिकल की सुविधा प्राप्त होने के कारण स्लम क्षेत्रों के नागरिक इसका सहज ही लाभ प्राप्त कर पायेंगे। यह सेवा बिल्कुल ही निःशुल्क रहेगी।

योजना के तहत मोबाइल मेडिकल यूनिट से परीक्षण होगा। वार्ड मोहगे में निर्धारित स्थल जो कि सामान्यतः सांस्कृतिक भवन, सांस्कृतिक चबुतरा, वार्ड कार्यालय निकाय के अन्य भवन के पास पहुचेंगी। जहां पर रोगियों के बैठने पेयजल तथा अन्य अनुसांगिक सुविधाएं निगम द्वारा उपलब्ध करायी जाएगी। प्रतिस्पर्धात्मक निविदाओं के माध्यम से एजेंसीं का चयन/अरबन पब्लिक सर्विस सोसायटी के द्वारा निगम क्षेत्र में प्रतिस्पर्धात्मक निविदा के माध्यम से ऐजेंसी नियुक्त किया जाएगा। आयुक्त आशुतोष पांडेय ने बताया कि रायगढ़ क्षेत्र के लिए मेडिकल मोबाइल यूनिट की व्यवस्था की जानी है, अभी मेडिकल मोबाइल यूनिट के लिए दर मंगाया गया है। जिसके आधार पर दर तय किया जाएगा।

# गली मोहल्ले में संचालित कक्षाएं बेहद रोचक और आकर्षक

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में चल रहे पढ़ई तुंहर दुवार योजना के अंतर्गत शिक्षकों द्वारा कई एक नई नवाचार किया जा रहा है। ताकि सीखने की सतत प्रक्रिया को जारी रखा जा सके। कई गॉवो में लाउडस्पीकर से, तो कई स्थानों पर पढ़ई तुहर मोहल्ला और ऑनलाइन द्वारा बच्चों की पढ़ाई अविरल गति से चलाया जा रहा है। जिला शिक्षा विभाग की ओर से व्ही. पी. सिंह डी एम सी पी सी दिव्य जिला नोडल और राजेन्द्र सिंह क्षत्रिय जिला मीडिया प्रभारी द्वारा ग्राम गीधा भाठापारा में प्रोजेक्टर द्वारा पिछले 1 सप्ताह से शाम 7 बजे गली मोहल्ले में कक्षा संचालित किया जा रहा है, पूरे मोहल्ले से 50 की संख्या में छात्र-छात्राएं 2 घंटा अध्ययन कर रहे, जहाँ बच्चे बेहद उत्साह के साथ कक्षा में उपस्थित हो रहे है। जिले में संचालित कक्षाएं बेहद रोचक और आकर्षक दिखाई पड़ रहा है, जहाँ बच्चे 7 बजे की क्लास को 6 बजे ही पढ़ने के लिये उपस्थित हो रहे है, वर्तमान में काफी स्कूलों के पास प्रोजेक्टर उपलब्ध है, जिससे बहेबीवबसण्पद पोर्टल में अपलोडेड सामग्री का उपयोग कर पढ़ाई जारी रखा जा सकता है। इसी तारतम्य में बच्चो में जिज्ञासा और ऑनलाइन के प्रति रुझान बढ़ाने हेतु 2 अगस्त को सामाजिक अध्ययन विषय पर एक क्विज का ऑनलाइन लाइन आयोजन रखा गया था। जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी कु.बम्लेश्वरी ग्राम घोघरा को चकरभाठा प्राचार्य की ओर से 1100 रुपये ऑनलाइन खाते में ट्रांसफर किया गया, अगला क्विज 9 अगस्त को विज्ञान विषय पर रखा गया है, जिसका पारितोषक व्ही पी सिंह डी एम सी जिला शिक्षा मुंगेली की ओर से दिया जावेगा। इसके बाद आने वाले रविवार की क्विज प्रतियोगिता का पारितोषक 1100 रुपये पी सी दिव्य जिला नोडल अधिकारी पढ़ई तुंहर दुवार की ओर रखा जावेगा।



बेहद उत्साह के साथ बच्चे रहे है उपस्थित

# कोरोना के बचाव के संबंध में वार्डों में जाकर मितानिनें कर रही लोगों को जागरूक

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह के निर्देशानुसार व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एसएन केशरी के मार्गदर्शन में रायगढ़ के समस्त वार्डों में मितानिन के माध्यम से कोरोना से बचाव के लिए प्रचार-प्रसार कर जनता को जागरूक किया जा रहा है। राज्य शासन से प्राप्त दिशा निर्देशानुसार समस्त विकासखण्डों एवं शहरी क्षेत्र में कोरोना के संक्रमण से बचाव में माईकिंग व संवाद (प्रचार-प्रसार) के माध्यम से लोगों को मास्क लगाकर ही घर से निकलने और सोशल डिस्टेंस को ध्यान में रखते हुये समस्त कार्य किये जाने के संबंध में लोगो को अवगत कराया जा रहा है। लोगों को भीड़-भाड़ वाली जगहों में जाने से बचने, कम से कम सदस्यों के साथ मिलकर घरेलू कार्यक्रम सम्पन्न कराने और सोशल डिस्टेंस का ध्यान रखने, बच्चों एवं वृद्धजनों को बिना कारणवश घरों से बाहर नहीं निकलने, हमेशा घर में बने ताजा खाद्य पदार्थो का सेवन करने एवं गर्म पानी पीने, स्वस्थ रहने के लिये नियमित व्यायाम एवं योगा करने, मास्क का सही प्रयोग करते हुए नाक एवं मुंह को पूर्ण रूप से ढ़कने तथा किसी को सर्दी, खांसी एवं बुखार के लक्षण दिखाई दे तो वे अपनी जांच सेंपलिंग सेंटर सर्किट हाउस में जाकर अवश्य करवायें एवं शासन की गाईड लाईन का अनिवार्य रूप से पालन करने की सलाह दी जा रही है।

# मठ मंदिरों में श्रीराम जन्मभूमि शिलान्यास महोत्सव मनाया

पायनियर संवाददाता शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

मठ मंदिरों में श्रीराम जन्मभूमि शिलान्यास महोत्सव मनाया गया। अयोध्या धाम में राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण की शिलान्यास पूजन का महोत्सव छत्तीसगढ़ राज्य के सभी मठ मंदिरों में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया यहां हरि नाम संकीर्तन एवं भजन पूजन का कार्यक्रम पूरे दिन भर निर्बाध रूप से संचालित होता रहा विदित हो कि आज दिनांक 5 अगस्त सन 2020 को श्री अयोध्या धाम में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण का भूमि पूजन संपन्न हुआ इसकी खुशियां पूरे देश भर में मनाई गई इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ राज्य की रायपुर स्थित श्रीदूधाधारी मठ एवं इससे संबंधित श्रीजैतू साव मठ, शिवरीनारायण मठ, तथा राजीव लोचन मठ सहित सभी मठ मंदिरों में श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण शिलान्यास महोत्सव बड़े धूमधाम से श्रद्धा -भक्ति पूर्वक मनाया गया। इस सिलसिले में सभी मठ मंदिरों में भगवान को आकर्षक रूप से अलंकृत किया गया उनकी विधिवत् आरती, पूजा-अर्चना, स्तुति गान करके भगवान की सेवा संत महात्माओं के द्वारा की गई इस संदर्भ में श्री दूधाधारी मठ पीठाधीश्वर एवं राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेश्री डॉक्टर महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज ने प्रेस को बताया कि श्रीअयोध्या धाम में राम जन्म भूमि में मंदिर निर्माण के लिए हमारे पूर्वजों ने वर्षो तक संघर्ष किया है हम सब सनातन धर्मावलंबी इस दिन की प्रतीक्षा वर्षो से कर रहे थे।



## पेज 1 के शेष...

### निगम-मंडल समेत संगठन ...

से जुड़े सूत्रों का कहना है कि इस बार की सूची में अधिकांश ऐसे नेताओं के नाम शामिल हैं जो सत्ता के संघर्ष में कंधे से कंधा मिलाकर चले हैं। इसमें प्रथम पंक्ति के नेताओं को चेयरमैन और अध्यक्ष पद से नवाजा जाएगा तो वहीं अन्य नेताओं को उपाध्यक्ष और सदस्य बनाकर पुरस्कृत किया जाएगा। निगम मंडल और आयोगों में अधिकांश नेता किसी न किसी सरकारी उपक्रम के प्रमुख पद के लिए आस लगाए बैठे हैं लेकिन वरिष्ठता के आधार पर इन नेताओं को पद दिया जा रहा है जिसके कारण सत्ता के लिए संघर्ष में साथ निभाने वाले नेताओं को निराशा होने लगी है। लेकिन सरकार बताया गया है कि ऐसे अधिकांश नेता सभी सरकारी उपक्रमों में उपाध्यक्ष या सदस्य पद पर एडजेस्ट किए जाएंगे ताकि वे पार्टी की मजबूती के लिए काम करते रहे हैं।

### देश में कोरोना संक्रमण के 56...

इनकी संख्या 5,95,501 हो गयी है। पिछले 24 घंटे में महाराष्ट्र में सर्वाधिक 3810, आंध्र प्रदेश में 1322 और बिहार में 908 सक्रिय मामले बढ़े हैं वहीं तमिलनाडु में 968, राजस्थान में 437 और उत्तराखंड में 143 सक्रिय मामले कम हुए हैं। कोरोना से सर्वाधिक प्रभावित महाराष्ट्र में मरीजों की संख्या 3,810 बढ़ने से सक्रिय मामले 1,46,268 हो गये तथा 334 लोगों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा 16,476 हो गया। इस दौरान 6165 लोग संक्रमणमुक्त हुए जिससे स्वस्थ हुए लोगों की संख्या बढ़कर 3,05,521 हो गयी। देश में सर्वाधिक सक्रिय मामले इसी राज्य में हैं। आंध्र प्रदेश में मरीजों की संख्या 1322 बढ़ने से सक्रिय मामले 80,426 हो गये हैं। राज्य में अब तक 1681 लोगों की मौत हुई है तथा कुल 104354 लोग संक्रमणमुक्त हुए हैं।

### पूर्व विधानसभा अध्यक्ष की पत्नी, ...

जाने के बाद वे होम आइसोलेट हो गए हैं। सोशल मीडिया में दी गई जानकारी में उन्होंने कहा कि कोरोना के शुरूआती लक्षण दिखने पर मैंने टेस्ट करवाया और रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। मेरी तबीयत ठीक है परन्तु डॉक्टर्स की सलाह पर होम आईसोलेशन हो रहा हूँ। मेरा अनुरोध है कि आप में से जो भी लोग गत कुछ दिनों में मेरे संपर्क में आयें हैं, कृपया स्वयं को आइसोलेट कर अपनी जाँच करवाएं। आपको बता दें इससे पहले गौरी शंकर अग्रवाल कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे। जिसके बाद उन्हें एम्स में भर्ती कराया गया था, जहां अभी उनका इलाज जारी है।

### मनोज सिन्हा जम्मू-कश्मीर ...

के रूप में भी चर्चा में आया था। गाजीपुर जिले के मोहनपुरा में जन्मे सिन्हा पूर्वी उत्तर प्रदेश के पिछड़े गांवों के विकास से जुड़े कामों में सक्रिय रहे थे। पॉलिटिकल करियर की शुरुआत छात्र राजनीति से हुई। 1982 में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के प्रेसिडेंट चुने गए थे। 1989 से 1996 तक भाजपा की नेशनल काउंसिल के सदस्य रहे। 1996 में पहली बार लोकसभा पहुंचे। 2014 में उन्होंने तीसरी बार लोकसभा चुनाव जीता था।

# अयोध्या के राम मन्दिर पूजन पर कांग्रेस ने दीप वितरण कर उत्सव मनाया

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

ग्राम सरहर में जिला कांग्रेस कमेटी जांजगीर-चाम्पा के जिलाध्यक्ष-डॉ.चौलेश्वर चन्द्राकर ने छत्तीसगढ़ की माता कौशल्या के राम के नाम पर लोगों को दीप बांटा और दीप जलाकर प्रसाद बांट कर उत्सव मनाया।अयोध्या के राम मंदिर भूमि पूजन के अवसर पर सैकड़ों दीप मजदूरों, किसानों एवं ग्रामीण जनों को दीप वितरण किया, साथ ही घरों में दीपक का उजाला घरों में हमेशा रखने को कहा है। राम राज्य की परिकल्पना राजीव गांधी ने रखी थी जो आज पूरा हो रही है। राम मंदिर का शिलान्यास अयोध्या में 30 साल पहले राजीव गांधी सरकार की अनुमति से 9 नवंबर 1989 को किया गया, खुदाई की शुरुआत गोरखनाथ मंदिर के महंत अवैद्यनाथ ने फावड़ा चला कर कि, इसके बाद शिलान्यास में पहली ईंट दलित समुदाय से आने वाले बिहार के कामेश्वर चौपाल ने रखी थी, राम मंदिर शिलान्यास के लिए 8 अप्रैल 1984 को दिल्ली के विज्ञान भवन में एक विशाल धर्म संसद का भी आयोजन किया गया था, सन 1986 में राम मंदिर का ताला खुला, जिससे मानो बरसों पुराने मन्दिर राजीव गांधी द्वारा शिलान्यास के मंजूरी दिए गए,उन्होंने बताया इस तरह से अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का मुद्दा देश का सबसे बड़ा शिलान्यास के लिए 9 नवंबर 1989 को बकायदा मुहूर्त तय हुआ इसके बाद विधि-विधान से भूमि का पूजन और शिलान्यास किया गया था। उन्होंने कहा कि चंद्रखुरी नामक गांव में कौशिल्या माता का प्रसिद्ध मंदिर है।भगवान राम की जननी माता कौशल्या का मंदिर पूरे भारत मे इकलौता और दुर्लभ मन्दिर है।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड-धमतरी (छ.ग.)**

**मैनुअल पद्धति निविदा सूचना**

Email ID - eedha-phe-cg@nic.in, Telephone no-07722 238719

निविदा क्रमांक-32/ले.शा./का.अ./लोस्वायांखंड/2020-21 दिनांक 23.07.2020

मुहरबंद निविदायें नीचे उल्लेखित कार्य हेतु प्रपत्र ''सी'' आयटम दर में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में, निर्माताओं/अधिकृत डीलरों/ई-पंजीयन प्रणाली की ''द'' एवं उच्च श्रेणी में पंजीबद्ध ठेकेदारों से स्पीड पोस्ट द्वारा आमंत्रित की जाती है -

**कार्य का विवरण :-** धमतरी जिले के स्वीकृत नलजल प्रदाय योजना के लिए सबमर्सिबल पंप स्थापना हेतु निम्न सामग्री प्रदाय करने बाबत्।

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन फंड कार्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 11.08.2020 सायं 5.00 बजे तक

| स. क्र. | सामग्री का नाम | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 |
| 01. . | Supply of Gunmetal NRV 32mm, GI Nipple 32mm, MS Clamp set with nut bolt 32mm | 3.74 | निर्माताओं/अधिकृत डीलरों/ई-पंजीयन प्रणाली की ''द'' एवं उच्च श्रेणी |
| 02. | Supply of Gunmater Gale Valve 32mm, GI Union 32mm, GI Elbo 32mm | 3.34 | |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**कार्यपालन अभिंयता,**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड**
**धमतरी (छ.ग.)**

जी-82800/2

## क्विक न्यूज

### उमरदा में मनाई गई तुलसी जयन्ती

**कुरूद।** मानस शक्ति केन्द्र उमरदा कुरुद के अंतर्गत उमरदा के राधा कृष्ण मंदिर परिसर में स्थानीय स्तर पर आज सन्त शिरोमणि गोस्वामी तुलसी दास की जयंती मनाया गया। इस अवसर पर राम कृष्ण मानस परिवार के सदस्य व शक्ति केन्द्र के अध्यक्ष हुमन चंद्राकर, सचिव केशव साहू, गोविन्द दिवान, कांसी राम कंवर, तुलसी पटेल, तानु साहू, सुरेश दास मानिकपुरी, अर्जुन चन्द्राकर, डेरहू राम यादव, भागवत दास मानिकपुरी, विकास निर्मलकर, तोरण साहू, ओम प्रकाश तिवारी, पोषण पटेल आदि उपस्थित थे।

### जिले में अब तक 544.1 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में अब तक 762.5 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षा की तुलना में 06 अगस्त तक औसत वर्षा 544.1 मिमी हुई है। बीते 24 घंटे में जिले में 62.9 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जशपुर तहसील में 1029 मिमी, मनोरा में 600.8 मिमी, कुनकुरी में 786.4 मिमी, फरसाबहार में 642.5 मिमी, बगीचा में 619.8 मिमी, कांसाबेल में 602.2 मिमी एवं पत्थलगांव में 791.2 मिमी वर्षा हो चुकी है।

## निधन

### रेखा अग्रवाल



**सक्ती।** शक्ति की प्रतिष्ठित फर्म विजय कंप्यूटर्स स्टेशन रोड के संचालक अमन गर्ग एवं अतीश गर्ग की पूज्य माता जी रेखा देवी अग्रवाल(55) का 5 अगस्त को आकस्मिक निधन हो गया, जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मारवाड़ी मुक्ति धाम शक्ति में किया गया तथा उनकी अंतिम संस्कार यात्रा में काफी संख्या में लोग शामिल हुए, रेखा अग्रवाल स्वर्गीय विजय अग्रवाल की धर्मपत्नी थी।

# एंबुलेंस नहीं मिला तो घायल बेटे को मां ठेले पर ले गई अस्पताल

- अचानक गिर पड़ा श्रमिक, कॉल करने के बाद भी नही पहुंचा एंबुलेंस पाई सिर में गंभीर चोट देख डॉक्टरों ने किया रेफर

पायनियर संवाददाता ◄ अंबिकापुर
www.dailypioneer.com



सरगुजा संभाग में स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए आए दिन लोगों को मोहताज होना पड़ रहा है। चाहे मैनपाट की बात करें या कुसमी की। मैनपाट क्षेत्र में मरीजों को एंबुलेंस तो मिलती है लेकिन रास्ता न हो पाने की वजह से बीमार को झेलगी में ढोना पड़ता है। कुसमी क्षेत्र का भी वहीं हाल है।

ऐसी ही एक तस्वीर बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर से आई है। एक युवा श्रमिक अचानक सड़क पर गिर पड़ा। लोगों द्वारा एंबुलेंस को कॉल किया गया तो वह किसी दूसरी जगह गया था। बाद में युवक के माता-पिता ठेले में ढोकर उसे अस्पताल ले गए। इस दौरान घायल की मां ठेले को धक्का देती रही।

गौरतलब है कि नगर पंचायत वाड्रफनगर निवासी अशोक उर्फ बबुआ पिता दुखी पासवान 42 वर्ष ठेला चलाकर जीवन-यापन करता है। बुधवार को नगर के राजीव गांधी चौक पर अचानक चक्कर आने पर वह गिर पड़ा, इससे उसे गंभीर चोटें आई। यह देख वहां मौजूद लोगों ने उसकी हालत देख तत्काल एंबुलेंस के लिए 108 पर फोन किया परंतु 108 अन्य मरीज को लेने कहीं और गई थी। दूसरी एंबुलेंस नहीं होने के कारण सेवा उपलब्ध नहीं हो सकी।

ऐसे में काफी देर तक सड़क पर ही बेहोशी की हालत में पड़े श्रमिक को उठाकर सड़क किनारे किया गया। इस दौरान वहां के लोगों ने भी निजी वाहन में उसे अस्पताल पहुंचाने की जहमत नहीं उठाई।

### माता-पिता ठेले पर ढोकर ले गए अस्पताल

इस बात की जानकारी जब घायल के माता-पिता को हुई तो वे वहां पहुंच गए। इसके बाद वे सहयोगी ठेला चालक के ठेले पर लिटाकर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। इस दौरान उसकी मां रास्तेभर ठेले को धक्का देती रही जबकि सहयोगी ठेला चालक उसे खींचता रहा।

### डॉक्टरों ने किया रेफर

अस्पताल पहुंचने के बाद डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के उपरांत सिर पर गंभीर चोट होने की वजह से उसे अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

# कलेक्टर एवं एसपी ने स्वतंत्रता दिवस की तैयारी के लिए रणजीता स्टेडियम का किया निरीक्षण

- अधिकारियों को तैयारी के लिए दिए आवश्यक दिशा निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय जशपुर के रणजीता स्टेडियम में आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस गरिमापूर्ण मनाने के लिए कलेक्टर श्री महादेव कावरे और पुलिस अधीक्षक श्री बालाजी राव ने स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को तैयारी के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए मंच व्यवस्था, जनप्रतिनिधियों गणमान्य नागरिकों एवं पत्रकारों के लिए बैठक व्यवस्था व निमंत्रण पत्र, साउण्ड, पानी, बिजली, साफ-सफाई, गाड़ी पार्किंग, प्रवेश द्वार, परेड आदि की व्य सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। सभी को सोशल डिस्टेंश के साथ मास्क लगाना अनिवार्य होगा। जिला स्तर पर मुख्यअतिथि के द्वारा ध्वजा रोहण किया जाएगा। ध्वजा रोहण उपरांत पुलिस एवं नगरसैनिकों के द्वारा सलामी दी जाएगी। मुख्यअतिथि के द्वारा संदेश का वाचन किया जाएगा साथ ही कोरोना वरियर्स, डॉक्टरों, पुलिस कर्मी, स्वास्थ्य कर्मी एवं स्वच्छता कर्मियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा एवं सम्मानित किया जाएगा।

जनपद पचांयत एवं तहसील तर पर सार्वजनिक समारोह आयोजित नहीं किए होंगे। जनपद पंचायत कार्यालयों में जनपद पचांयत अध्यक्ष एवं नगरीय निकायों में नगरीय निकाय में अध्यक्षों द्वारा धवजारोहण किया जाएगा। पंचायत मुख्यालयों में सरपंच द्वारा एवं ब? गावों में, गांवों के मुखिया द्वारा ध्वजारोहण किया जाकर, सामुहिक रूप से राष्ट्रीय गान गाया जाएगा। किसी भी जिला, ब्लाक, पंचायत स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में किसी भी स्थिति में स्कूली छात्र-छात्राओं को एकत्रित नहीं किया जाएगा। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जाएगा। साथ ही बैठक व्यवस्था में भी सामाजिक एवं व्यक्तिगत दूरी का विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए है।

जिला मुख्यालयों में स्थित शासकीय कार्यालयों में ध्वजारोहण कार्यक्रम 8 बजे के पूर्व सम्पन्न किया जाएगा। विभाग एवं कार्यालय प्रमुख द्वारा उनके कार्यालय में ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित कर राष्ट्रीय गान गाया जाएगा।

# नवप्रवेशी बच्चों को दिया गया पुस्तक

- कोरोना से बचने सैनिटाइज़र और मास्क

पायनियर संवाददाता ◄ मनोरा
www.dailypioneer.com



शा उ मा विद्यालय खरसोता में जनपद पंचायत सदस्य दिनेश्वर राम प्रधान, सरपंच अभय कुमार भगत एवं विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी मनोरा की उपस्थिति में पुस्तक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच ग्राम पंचायत खरसोता, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी के कर कमलों से नवप्रवेशी बच्चों को पुस्तक वितरण किया गया. विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी मनोरा द्वारा बच्चों को रोचक कहानी सुनाते हुए कठिन परिस्थितियों में भी निरंतर मेहनत करने की सीख दी। जनपद पंचायत सदस्य एवं सरपंच महोदय के द्वारा भी शिक्षा के क्षेत्र में हर संभव सहयोग देने की बात कही गयी इस दौरान सोशल डिस्टेंस/ सेनेटाईजर / मास्क लगाना आदि नियमों का पालन किया गया।

# डिजिटल माध्यम से मनाया जा रहा है विश्व स्तनपान सप्ताह

- सूखा राशन एवं रेडी टू ईट का घर-घर वितरण

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



जिले में 1 अगस्त से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह डिजिटल माध्यम से आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान सभी परियोजनाओं-फिंगेश्वर, छुरा, गरियाबंद, मैनपुर एवं देवभोग तथा सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में डिजिटल जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया भी किया जा रहा है। जिले के महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से आयोजित इन कार्यक्रमों में बताया जा रहा कि प्रसव उपरांत एक घंटे के भीतर नवजात शिशु को स्तनपान कराना चाहिए। हितग्राहियों को बताया गया कि संस्थागत प्रसव के साथ ही स्तनपान के प्रतिशत को बढ़ाकर शिशु मृत्यु दर तथा रूग्णता की दर को और कम किया जा सकता है। विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर ग्राम स्तर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा परामर्श सेवा कार्य, गृह भेंट, सोशल मीडिया से संपर्क एवं प्रचार-प्रसार तथा डिजीटल निबंध एवं क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान योजना अंतर्गत चिन्हांकित 731 गंभीर कुपोषित बच्चों को जुलाई माह में गरम भोजन हेतु सूखा राशन प्रदान किया गया। साथ ही बच्चों को नास्ते की प्रतिपूर्ति के रूम में 135 ग्राम रेडी टू ईट प्रतिदिन के हिसाब से प्रति सप्ताह 750 ग्राम रेडी टू ईट का पैकेट प्रदान किया जा रहा है। सूखा राशन वितरित करते समय कोविड-19 के फैलाव की रोकथाम हेतु निर्धारित निर्देशों का भी पालन किया जा रहा है।

# 110 स्कूलों में लाउडस्पीकर, मोबाइल स्कूल ब्लूटूथ के माध्यम से पढ़ाई

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com




कलेक्टर जनमेजय महोबे ने बताया कि जिले के चिन्हांकित 110 स्कूलों में पायलेट बेस पर ऑफलाईन विधियों में लाउडस्पीकर शाला, मोबाईल स्कूल/पढ़ई तुंहर मोहल्ला तथा बुलटू (ब्लू-टूथ) के बोल के माध्यम से भी पढ़ाई कार्यक्रम प्रारंभ किए जा रहे हैं। बालोद, गुरूर, गुण्डरदेही तथा डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के 20-20 स्कूलों और डौण्डी विकासखण्ड के 30 स्कूलों में यह कार्यक्रम प्रारंभ किए जा रहे हैं। महोबे ने गुरुवार को संयुक्त जिला कार्यालय के स्वान कक्ष में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से खण्ड शिक्षा अधिकारियों, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयकों को संबोधित कर रहे थे। जिला शिक्षा अधिकारी आरएल ठाकुर और जिला मिशन समन्वयक पीसी मरकले इस अवसर पर मौजूद थे। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि कोरोना वायरस के संक्रमण को ध्यान में रखते हुए पढ़ाई शुरू करने के पूर्व विद्यार्थियों को स्वास्थ्य सुरक्षा संबंधी जानकारी दिया जाए। सभी शिक्षक, पालक, विद्यार्थी द्वारा स्वास्थ्य संबंधी निर्देश यथा शारीरिक दूरी, साबुन से हाथ धोने संबंधी प्रक्रिया, फेस मास्क आदि का अनिवार्यतः पालन किया जाए। प?ाई के दौरान विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाए। किसी भी प्रकार के स्वास्थ्य खराब होने पर या सर्दी, खांसी, बुखार होने पर उसकी तत्काल सूचना दी जाए। कलेक्टर ने कहा कि लाउडस्पीकर शाला, मोबाईल स्कूल/प?ई तुंहर मोहल्ला कार्यक्रम जन समुदाय के सहयोग से किया जाए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में बताया गया कि मोबाईल स्कूल/पढ़ई तुंहर मोहल्ला अंतर्गत समुदाय की सहायता से विद्यार्थियों के सीखने, पढ़ने की व्यवस्था करेंगे। शिक्षक कैलेण्डर तैयार करेंगे तथा समय सारणी बनाकर निश्चित समय पर बच्चों को सीखने हेतु प्रेरित करेंगे।

लाउडस्पीकर शाला अंतर्गत इच्छुक सक्रिय शिक्षक के माध्यम से समुदाय की सहमति से समय सारणी एवं योजना बनाकर लाउडस्पीकर के माध्यम से नियमित कक्षाओं का संचालन किसी कक्ष या खुले क्षेत्र में कुछ बच्चों को सामने बिठाकर एवं शेष को अपने-अपने घर चबूतरों एवं छोटे-छोटे समूह में बिठाकर सीखने का अवसर प्रदान करेंगे। बुलटू (ब्लू-टूथ) के बोल अंतर्गत डौण्डी विकासखण्ड के दस शालाओं को चयन किया गया है।

# विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा बच्चों को भी मोहल्ला क्लास से दी जा रही है शिक्षा

- गिटार, हारमुनियम के धुनों बीच बच्चें कर रहे पढ़ाई

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर महादेव कावरे के मार्गदर्शन एवं एसडीएम रोहित व्यास के दिशा निर्देश में बगीचा विकासखंड के राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र पहाड़ी कोरवा जनजाति के बच्चों के बीच भी अब मोहल्ला क्लास से शिक्षा का अलख जगाया जा रहा है। बच्चों को गिटार और हरमुनियम के धुनों के बीच बच्चे प?ाई कर रहे हैं। बगीचा ब्लॉक मुख्यालय से 37 कि. मी. दूर स्थित है नवापारा गांव। चारों तरफ पहाड़ों से घिरे इस गांव में सिर्फ पहाड़ी कोरवा विशेष पिछड़ी जनजाति के लोग निवास करते हैं। 150 लोगों की आबादी वाले इस गांव में 16 बच्चे मोहल्ला क्लास से शिक्षा ग्रहण कर रहे है। घने जंगलो से होकर पगडंडियों के सहारे यहाँ पहुंचा जा सकता है। कोविड -19 के संक्रमक दौर में घोघर संकुल के टीचर इग्नेश टोप्पो और रश्मी एक्का 35 घरों की इस बस्ती में शिक्षा का दीप जला रहे हैं। टीचर ने एक खुली जगह को साफ करवाया है, जहाँ वे नियमित क्लास लगाते हैं। बच्चों को आकर्षित करने टीचर गिटार और हरमुनियम का इस्तेमाल करते हैं। यही वजह है की वहां के बच्चे इन्हे बाजा वाले गुरूजी कहते हैं. साथ गाना गाकर पढ़ाते हैं। गुरुवार को हुई बारिश से उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ा। फिर भी 16 पहाड़ी कोरवा विशेष जनजाति के बच्चों ने गुरुवार को उनकी मोहल्ला क्लास में शिक्षा ग्रहण की. गांव के सरपंच सुखदेव राम, व ग्रामीण टीचर्स की इस पहल की सरहाना कर रहे हैं।

# प्राचीन श्रीराम मंदिर में अखंड रामायण पाठ का आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ कुरूद
www.dailypioneer.com



हिन्दुओं को प्राचीन पवित्र तीर्थ स्थल अयोध्या भारत के उत्तरप्रदेश राज्य का एक अति प्राचीन धार्मिक नगर है। अयोध्या के विशाल श्रीराम मंदिर निर्माण का भूमिपूजन के शुभ अवसर पर कुरूद नगर के प्राचीन श्रीराम मंदिर में अखंड रामायण पाठ का आयोजन संपन्न हुआ। अखंड रामायण पाठ के समापन अवसर पर क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर सहित नगर के वरिष्ठ जनो की उपस्थिति में हवन पूजन किया गया।

प्रभू श्रीराम जी के आशीर्वाद से भारतवासी अयोध्याधाम मे प्रभू श्रीराम जी के मंदिर निर्माण का भूमिपूजन देश के यशस्वी नरेन्द्र मोदी में सम्पन्न हुआ। उसकी खशियाँ बाँटने के लिए कुरूद नगर के समस्त मंदिर देवालयों एवं कुरूदवासी अपने घरों मे दीपोंत्सव जैसा माहौल भक्तिमय और राममय वातावरण बनाने मे श्रद्धालुजन जुटे रहे। मंदिर निर्माण अवसर पर क्षेत्रीय विधायक मा. अजय चन्द्राकर के द्वारा 250 वर्षो से स्थापित श्रीराम-जानकी मंदिर मे अखंड रामायण कथा के समापन अवसर पर यज्ञ-हवन, आरती कर कुरूद के श्रीराम भक्तों और कुरूद नगर सहित क्षेत्रवासियों को बधाई दिये। आयोजक समिति के निवेदन पर घर घर भगवा ध्वज एवं घरो में दीप जलाने की अपील पर नगरवासियों ने अपने अपने घरो में दीपक जलाया। दीपावली की पर्व की भांति 5 अगस्त को पूरे नगर दीपक से जगमगाया। नगर के चौक चौराहो में झंडा लगाकर श्रीराम मंदिर निर्माण के प्रति आस्था प्रकट की। नगर के स्थित प्राचीन श्रीराम मंदिर, नगर की आराध्य देवी मॉं चंडी मंदिर, छत्तीसगढ़ महतारी मंदिर, गायत्री मंदिर आदि प्रकाशमय कर रंग बिरंगे लाईट डेकोरेशन से सजाया गया था। अखंड रामायण पाठ के समापन बाद नागरिको को महाप्रसादी वितरण किया गया। इस मौके पर निरंजन सिन्हा, रविकांत चंद्राकर, भानू चंद्राकर, ज्योति चंद्राकर, लोकेश्वर सिन्हा, मूलचंद सिन्हा, कमलेश शर्मा, रमेश केला, नवलकिशोर केला, अनिल चंद्राकर, सुरेश महावर, मोहन अग्रवाल, कृष्णकांत साहू, प्रभात बैस, सोहन आमदे, टिकेश साहू, मनोज केला, खूबलाल चंद्राकर, राघवेंद्र सोनी, ऋषि सोनी सहित समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

## कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने जारी किया आदेश

# झलमला, सिवनी, कोलिहामार में प्रातः 7 से शाम 6 बजे तक बाजार खुले रहेंगे

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने आदेश जारी कर कहा है कि नोवेल कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम तथा आम जनता की सुरक्षा की दृष्टिकोण से कार्यालयीन आदेश द्वारा जिले के नगरीय क्षेत्रों, नगर पालिका बालोद, दल्लीराजहरा तथा नगर पंचायत गुरुर, गुंडरदेही, डौंडीलोहारा, डौंडी, चिखलाकसा, अर्जुंदा तथा ग्राम पंचायत झलमला, सिवनी एवं कोलिहामार में 6 अगस्त 2020 की मध्य रात्रि तक व्यवसायिक प्रतिष्ठान एवं बाजार बंद रखने का आदेश आवश्यक सेवाओं में छूट के साथ जारी किया गया था। वर्तमान में जिले में लगातार कोरोना वायरस से संक्रमित मरीज मिल रहे हैं एवं वर्तमान में भी कोरोना वायरस संक्रमण को रोकने एवं नियंत्रण में रखने हेतु सभी संभावित उपाय अमल में लाना उचित एवं आवश्यक हो गया है। अतः पूर्व में जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के प्रक्रम में आदेश जारी किया जाता है।

**सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठान एवं बाजार रहेंगे खुले-** जिले के नगरीय सीमा क्षेत्र एवं ग्राम पंचायत झलमला, सिवनी तथा कोलिहामार में 7 अगस्त 2020 से प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठान एवं बाजार खुले रहेंगे। उक्त अवधि में सामाजिक दूरी एवं आवश्यक सुरक्षा उपायों के साथ व्यवसाय किए जा सकेंगे। शाम 6 बजे से प्रातः 7 बजे तक प्रतिबंध प्रभावशील रहेगा और इस अवधि में ना तो कोई व्यवसाय संचालित होंगे और ना ही अनावश्यक रूप से कोई व्यक्ति घर से बाहर निकल सकेगा। दुग्ध संयंत्र, डेयरी, दूध गंगा में पशु पालकों से दूग्ध संग्रहण का कार्य



रात्रि 8 बजे तक किया जा सकेगा। पेट्रोल पंप, मेडिकल स्टोर और गैस एजेंसी पूर्ववत खुले रहेंगे। सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक एवं अन्य वित्तीय संस्थान अपने निर्धारित कार्यालयीन समय अनुसार खुले रहेंगे। उक्त सभी स्थानों में सामाजिक दूरी एवं आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी कार्यालय प्रमुख की होगी। आम जनता को आवश्यक होने पर ही शासकीय कार्यालयों में प्रवेश की अनुमति होगी। बिजली, पेयजल आपूर्ति, नगर पालिका सेवाए, जेल, अग्निशमन सेवाए, एटीएम, टेलीकॉम/इंटरनेट सेवाए/आईटी आधारित सेवाएं, पोस्टल सेवाएं, स्वास्थ्य सेवाएं, खाद्य आपूर्ति परिवहन सेवाएं, प्रिंट इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से संबंधित सेवाएं निर्बाध रूप से जारी रहेंगे।

अनवरत उत्पादन प्रक्रिया अपनाने वाले औद्योगिक संस्थान अथवा फैक्ट्री (जिसमें ब्लास्ट फर्नेस, बायलर आदि हो)। सीमेंट, स्टील शक्कर, उर्वरक एवं खान (माईंस) अनवरत संचालित होंगे। ये सभी संस्थान न्यूनतम अनिवार्य आवश्यकता तक ही कर्मचारियों, अधिकारियों का उपयोग करेंगे एवं संक्रमण विस्तार को दृष्टिगत रखते हुए भारत शासन, राज्य शासन, जिला प्रशासन तथा समय-समय पर अन्य शासकीय संस्थानों के द्वारा महामारी से सुरक्षा हेतु दिए जा रहे निर्देशों का अक्षरशः पालन अनिवार्य रूप से करेंगे। सभी धार्मिक स्थल खुले रहेंगे और इन स्थलों में एक समय में चार से अधिक दर्शनार्थी पूजा कक्ष में प्रवेश नहीं करेंगे। सामाजिक दूरी का पालन करते हुए आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाए। सार्वजनिक परिवहन सेवाएं जिसमें निजी बसें, टैक्सी, ऑटो रिक्शा, ई-रिक्शा, रिक्शा संचालित किए जा सकेंगे। होटल, रेस्टोरेंट खुले रहेंगे लेकिन केवल टेकअवे की सुविधा होगी। होटल रेस्टोरेंट में बैठकर खानपान नहीं किया जा सकेगा। साप्ताहिक हाटबाजार, ठेला, गुमटी, खोमचे सामाजिक दूरी का पालन करते हुए लगाए जा सकेंगे।

## कलेक्टर ने ली व्यापारी संघ की बैठक

# जशपुर शहर में शनिवार, रविवार को दुकानें रहेंगी बंद

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर महादेव कावरे ने आज अपने कक्ष में व्यापारी संघ के अध्यक्ष एवं सचिवों की बैठक ली। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री बालाजी राव, जिला पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी श्री के.एस.मण्डावी, एसडीएम श्री योगेन्द्र श्रीवास, व्यापारी संघ के अध्यक्ष दिलीप कुमार जैन, राजकुमार अग्रवाल, सुशील कुमार जैन, भावेश गुप्ता, संजय कुमार जैन, प्रवीण जैन, मीनू जैन उपस्थित थे।कलेक्टर ने व्यापारी संघ से दुकान संचालन के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस के संक्रमण और लोगों की सुरक्षा को देखते हुए दुकानों को संचालन करना होगा। व्यापारी संघ के अध्यक्ष ने कहा कि लोगो की सुरक्षा के लिए आगामी शनिवार 8 अगस्त और रविवार 9 अगस्त को दुकानें पूरी तरह से बंद करने का सलाह दिया गया। जिस पर कलेक्टर ने आगामी आदेश तक जशपुर शहर में शनिवार, रविवार को दुकानें बंद रखने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने कहा है कि लोगों की सुविधा के लिए गैस दुकान, पेट्रोल पंप, मेडिकल, दूध विक्रेता, सब्जी विक्रेता दुकानें संचालित कर सकेंगी ताकि आमजनों को किसी भी प्रकारी की जरूरी समान लेने की दिक्कत न होने पाए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बाहर से आने वाले लोगों का प्राथमिकता से कोरोना जांच कराएं। चेक प्वाइंट पर अन्य राज्य व जिले से आने वाले लोगों का नाम पता, मोबाईल नंबर अनिवार्य रूप से रजिस्टर में दर्ज करने के निर्देश दिए है।

# आज से शहर 12 घंटे के लिए खुलेगा, इस राहत के एवज में लोगों को जिम्मेदार होना होगा

- कलेक्टर ने कहा, सुबह 07 से शाम 7 बजे तक खुलेगा बाजार, लगभग सभी गतिविधियों की छूट
- 14 दिनों बाद शहर अनलॉक, व्यापारी वर्ग और लोगों को मिली बड़ी राहत

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



14 दिनों के लॉकडाउन के बाद अब शहर को सुबह 7 बजे शाम 7 बजे तक की छूट देने की तैयारी जिला प्रशासन ने कर ली है। कलेक्टर टोपेश्वर कुमार वर्मा ने पायनियर को बताया कि अनलॉक के संबंध में प्रशासनिक बैठक की समीक्षा की गई है और शहर में अब सुबह 07 बजे से शाम 07 बजे तक की रियायत लोगो को मिलेगी। गौरतलब है कि व्यापारी वर्ग व लोग पिछले लॉकडाउन के फैसले से पहले से ही छूट का समय बढ़ाने की मांग पर अड़े थे। व्यापारियों ने लॉकडाउन और सुबह 12 बजे तक ही बाजार खोलने के आदेश का सांकेतिक विरोध भी किया था। प्रशासन से मिलने वाले रियायतों के बाद सारी जिम्मेदारी लोगों के कंधे पर है। 12 घंटे की छूट काफी है जिसमें व्यापार व अन्य गतिविधियों के लिए पर्याप्त वक्त होगा। ऐसे में लोगों की जागरुकता जरुरी है कि वे कहीं भी भीड़ जमा न होने दें और परस्पर गतिविधियां चलती रहें। पिछले 14 दिनों से महज 6 घंटों की छूट को लेकर लोगों में विरोध दिखा था। अब प्रशासन ने सभी वर्गो को बड़ी राहत दी है। कोरोना के बढ़ते मामले को देखते हुए सरकार ने लॉकडाउन से संबंधित फैसले लेने के लिए कलेक्टरों को अधिकृत कर दिया था। इस फैसले के बाद ही एक-एक हफ्ता कर 14 दिनों तक शहर में तालाबंदी रही। इस दौरान सुबह 06 बजे से 12 तक ही व्यापारिक गतिविधियों की अनुमति दी गई थी। इसी बीच रक्षाबंधन और ईद जैसे महत्वपूर्ण त्यौहारों को लेकर लोगों को काफी असुविधा झेलनी पड़ी। दुकानदारों के लिए भी यह स्थिति चुनौतीपूर्ण साबित हुई। शहर में बीते 22 जुलाई से लॉकडाउन शुरु हुआ था। इस बढ़ी हुई रियायत के बीच अगर कोविड 19 के मामले बढ़ते हैं तो प्रशासन समीक्षा कर कड़े निर्णय भी ले सकता है। हालांकि लोगों का मानना है कि कोविड 19 से लड़ने में लॉकडाउन कारगर नहीं है। जबकि विशेषज्ञ कहते हैं कि, भले ही लॉकडाउन संक्रमण खत्म करने के लिए कारगर न हो पर इस तरीके से इसे कुछ समय के लिए रोकना आसान होता है और संक्रमण को एक निश्चित दायरे तक समेटने में मदद मिलती है। कम्युनिटी स्प्रेड के मामले और कांटेक्ट ट्रेसिंग कर उन्हें क्वारंटीन करने में भी ये उपाय काफी हद तक कारगर साबित होता है।

### आईटीबीपी के मामले सबसे ज्यादा

बहरहाल, मौजूदा वक्त में जिले की बात करें तो आईटीबीपी कैंप और क्वारंटीन सेंटर से सबसे ज्यादा मरीज सामने आ रहे हैं। इनसे संपर्क में आने वाले कई पुलिस जवान भी सं मित पाए जा चुके हैं। बीते पखवाड़े हालात यहां तक रहे कि अंबागढ़ चौकी पुलिस थाने को कंटेनमेंट जोन घोषित किया गया था और इसे सील कर दिया गया था। इसके साथ ही थाना प्रभारी समेत 33 जवानों को होम क?वारंटीन होना पड़ा था। बुधवार को भी जिले में 33 नए कोरोना के मरीज मिले थे। जिसमें सर्वाधिक 25 आईटीबीपी के जवान सं मित मिले थे।

### धीमी हुई है रफ्तार

हालांकि शहर में भी सं मण पूरी तरह से थमा नहीं है। तुलसीपुर से अब भी एक-दो दिनों की आड़ में मरीज सामने आ रहे हैं। इसके अलावा भी विभिन्न स्थानों से मरीज मिल रहे हैं। बुधवार को शहरी क्षेत्र से 8 नए मरीज सामने आए थे। देखा जाए जो शहर में नए मरीजों के सामने आने की रफ्तार धीमी हुई है। बुधवार की स्थिति में जिले में स ि य मरीजों की तादाद 219 तक पहुंच चुकी थी। वहीं अब तक कुल सं मितों की संख्या 813 थी। इनमें से 591 स्वस्थ हो चुके हैं। जिले में अब तक कोरोना सं मण से जूझते हुए तीन की मौत हो चुकी है।

### सभी ब्लॉक रेड जोन में

स्वास्थ्य विभाग ने आज समीक्षा के बाद नए सिरे से विकासखंडों को नए जोन में बांटा है। इस सूची में जिले के सभी ब्लॉक रेड जोन में शामिल हैं। इसकी वजह है कि अब राजनांदगांव शहर से तो कम मरीज सामने आ रहे हैं लेकिन आईटीबीपी और पुलिस जवानों के सं मण के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। इनमें ग्रामीण क्षेत्र से आईटीबीपी कैंप और पुलिस थानों से सं मित मिल रहे हैं। प्रवासियों के लिए तैयार किए गए क्वारंटीन सेंटरों से भी लगातार नए मामले मिल रहे हैं।

# जय श्रीराम के गगनभेदी उदघोष, नगर भगवामय



पायनियर संवाददाता डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

भारतवर्ष में आस्था व हिंदुत्व के प्रतीक श्रीराम जन्मभूमि के 5 अगस्त को ऐतिहासिक भूमिपूजन का नगर सहित अंचल में व्यापक असर दिखाई दिया। कोरोनाकाल में कोविड-19 के गाइडलाइन के साथ रामभक्ति चर्मोत्त्कर्ष में नजर आई। नगर व अंचल में दिनभर अयोध्या के भूमिपूजन को लेकर कौतुहल मच गया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व यूपी मुख्यमंत्री योगी सहित आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की मौजूदगी में रामलला मन्दिर के भूमिपूजन का लाइव टेलीकास्ट होने से नगर के रामभक्तों ने स्थानीय हनुमान मन्दिर में विशेष पूजन की। मेनरोड पर पटाखे से आतिशबाजी व मिष्ठान वितरण कर आध्यात्मिक आनंद जाहिर किया।

अंचल के गांवों में ग्रामीणजन टीवी में पल पल की गतिविधियों पर नजर ग?ाए हुए थे। भूमिपूजन उपरान्त अपने अपने स्तर पर खुशियाँ बांटकर श्रीराम मन्दिर भूमिपूजन अवसर को ऐतिहासिक बनाया। देर शाम जगह जगह सामूहिक महाआरती हुई।



### भाजपा ने आतिशबाजी कर जताई खुशी

नगर में भाजपा ने श्रीराम जन्मभूमि के ऐतिहासिक भूमिपूजन पर नगर को अयोध्या नगरी बना दिया था। मेनरोड को भगवा पताको से सजाकर श्रीराम स्तुति कर मिष्ठान वितरित किया। इस मौके पर दिनेश गांधी, रामकुमार गुप्ता, संतोष यादव, गुलशन हिरवानी, बालकृष्ण सिन्हा, योगेश पटेल, चिट्टू ठाकुर, प्रफुल्ल जैन, गिरिजा शंकर, नवनीत सहित अनेक भाजपाई शामिल थे।

### झंडा चौक व स्टेटहाइवे जगमग

मेनरोड स्टेटहाइवे व बस स्टैंड झंडा चौक में अभाविप के युवाओं ने आस्था के दिए प्रज्वल्लिवत किए। समाजसेवी दिनेश नखत की टीम द्वारा परिसर को भगवा पताको से सुसज्जित किया। अभाविप के गोविंदा, नवनीत, प्रेमचंद, आशीष,मंजू, राजेश्वरी, अनामिका, पूजा, गौरव, कैलाश, सौरभ, पुष्पेंद्र, मनोज , गुलाब, आशीष, अभिषेक, जितेंद्र, दानेश्वर, रूपेश, दिनेश, यशवंत, राहुल, अमन, विकास कामड़े, मनीष, वैदित्य सक्रिय रहे।

### समाजसेवियों द्वारा लड्डू व फल वितरण

हनुमान मंदिर में समाजसेवी तरुण गांधी सहित युवाओं द्वारा पूजन व भोग उपरान्त नागरिकों को लड्डू, चना व फल इत्यादि वितरण किया। बालकृष्ण सिन्हा ने भी मिष्ठान वितरित किया। दीपक शर्मा, अमित गांधी, सागर वर्मा, रोहित गुप्ता, गब्बर जैन, सहित अभाविप के युवा दिनभर स ि य रहे।

### महाआरती में उमड़ा समूचा नगर

देर शाम को पुराने बस स्टैंड परिसर में श्रीराम की सामूहिक महाआरती हुई। दिनेश गांधी, दिनेश नखत, सुरेश गुप्ता, रामकुमार गुप्ता, ओमप्रकाश पाठक, पिंटू गांधी, गुलशन हिरवानी, दीपक शर्मा, मनीष बोहरा, सुधीर जैन, महेश गुप्ता, उमाराजे हिम्मत राजपूत, सुनील जैन, गरिमा रवि शुक्ला एवं पत्रकारगण सहित नगर के व्यापारीगण अभाविप के युवक-युवती सम्मिलित थे।

## एसपी–विधायक की तस्वीर पर भाजपा नेता का आपत्तिजनक कमेंट

### जिले के तीन अलग–अलग थानों में हुई शिकायत

**राजनांदगांव।** पुलिस अधीक्षक और खुज्जी विधायक की सोशल मीडिया में अपलोड तस्वीर पर भाजपा नेता के आपत्तिजनक कमेंट पर विवाद खड़ा हो गया है। इस मामले को लेकर कांग्रेसियों ने तीन अलग अलग थानों में शिकायत दर्ज कराई है। छुरिया, गैंदाटोला और अंबागढ़ चौकी पुलिस थाने में कांग्रेसियों ने बेलरगोंदी निवासी भाजपा नेता आलोक मिश्रा के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

बताया जाता है कि उक्त तस्वीर रक्षाबंधन की है जब खुज्जी विधायक छन्नी साहू ने पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला को राखी बांधी थी। यही तस्वीर फेसबुक पर अपलोड की गई थी जिस पर आलोक मिश्रा ने आपत्तिजनक कमेंट किया है। सोशल मिडिया वेबसाइट के स्क्रिन शॉट सहित कांग्रेसियों ने इस मामले में पुलिस से शिकायत की है। इस मसले पर छुरिया थाना प्रभारी ने कहा कि उन्हें शिकायत मिली है और मामले की जांच-विवेचना जारी है। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज किया जाएगा।

# लो वोल्टेज से परेशान ग्रामीण विद्युत विभाग के सामने धरने पर बैठे

- घंटों समझाइश की कोशिश के बाद आश्वासन लेकर लौटे

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

बिजली की समस्या को लेकर परेशान तीन दर्जन गांवों के ग्रामीण गुरुवार को सड़क चिरचारी स्थित विद्युत विभाग के कार्यालय के सामने ही धरने पर बैठ गए। ट्रांसफार्मर बदले जाने की मांग को लेकर अड़े ग्रामीणों ने समझाईश के बावजूद उठने से इंकार कर दिया। उन्होंने बताया कि लो वोल्टेज के चलते उन्हें समस्या का सामना करना पड़ रहा है। काफी देर तक यहां अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

बताया जाता है कि सड़क चिरचारी के अलावा आसपास के गांवों में भी वोल्टेज की समस्या से ग्रामीणों की रात की नींद हराम हो गई है। लो-वोल्टेज के चलते अक्सर ग्रामीणों को बरसात के मौसम में रात के अंधेरे में जीवनबसर करना पड़ रहा है। जबकि यह इलाका जंगल से क्षेत्र से सटा हुआ है।



बताया जाता है कि मोहनपुर, बागरेकसा, घोरतलाव समेत अन्य अंदरूनी इलाकों के गांवों में लो-वोल्टेज की समस्या से ग्रामीण त्रस्त हैं। बताया जा रहा है कि नए ट्रांसफार्मर लगाए जाने की मांग भी पुरानी है। ग्रामीणों ने भी कई बार विद्युत विभाग के आलाधिकारियों से अपनी मांग को रखा है, लेकिन अब तक इस पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इस बार भी आखिर में कनिष्ठ अभियंता व अन्य कर्मियों की समझाइश के बाद ग्रामीण घर लौटे। हालांकि उन्होंने जल्द समाधान न किए जाने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है।

## खुज्जी में बम्लेश्वरी मंदिर के लिए भूमिपूजन

### पूर्व विधायक व जनपद उपाध्यक्ष हुए शामिल




**डोंगरगांव नगर।** अंचल के खुज्जी में स्वप्राकट्य माता बम्लेश्वरी की मन्दिर के लिये भूमिपूजन हुआ। ग्राम के बाजार चौक में माता बम्लेश्वरी की स्वप्राकट्य शिला है, जिसे ग्रामवासी आस्था व श्रद्धा के साथ पूजन करते हैं। इस मौके आधारशिला रखकर मन्दिर निर्माण के लिए संकल्पित हुए। उक्त अवसर पर पुर्व विधायक व पीसीसी महामंत्री भोलाराम साहू, जनपद उपाध्यक्ष सुयश नाहटा, ब्रह्मचारी आश्रम संरक्षक संत त्रिलोचन ब्रह्मचारी, सरपंच श्रीमती सोनाली पंसारी, युवानेता बादल गोस्वामी, अजय पंसारी सहित ग्रामवासीजन उपस्थित थे।

# वृद्धाश्रम में मना प्रभु राम के भूमिपूजन का उत्सव

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता युवा मोर्चा राजनांदगांव स्वाध्याय मंडल के अध्यक्ष उज्जवल कसेर ने बताया कि 5 अगस्त को अयोध्या में प्रभु श्री राम जी के भव्य मंदिर के निर्माण का भूमिपूजन की खुशियां पूरे शहर में देखने को मिली। उसी खुशियों के बीच विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के युवा साथियों ने राजनांदगांव के वृद्धाआश्रम में पहुँच समस्त वृद्धजनों से दीप प्रज्वलित करने के साथ सोशल डिस्टेनसिंग का पालन करने की अपील कर 101 दीप-बाती तेल आदि सामग्री उपलब्ध कराई। इसके फलस्वरूप समस्त वृद्धजनों ने भी प्रभु श्री राम के भूमिपूजन की संध्या को दीप प्रज्वलित कर त्यौहार मनाया। समस्त वृद्धजनों के चेहरे पर अनूठी मुस्कुराहट देखने को मिली।

उक्त अवसर पर प्रिंस प्रशांत हाथीबेड़, अंशुल कसार, अनंत तिवारी, आशुतोष सिंह, गौरव भाटिया, सत्यम जयसवाल, विनायक गुप्ता, जसमीत भाटिया, दीपक साहू सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## सरपंचसंघ के टीकाराम सोनकर अध्यक्ष निवार्चित



**डोंगरगांव नगर।** जनपद क्षेत्र के सरपंच संघ का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव में 76 पंचायतों के सरपंचों में 75 सरपंचों ने हिस्सा लिया। रुदगांव के भाजपा समर्थित सरपंच टीकाराम सोनकर 22 वोटों के साथ विजयी हुए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष को पीठासीन जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू व जपंउपाध्यक्ष सुयश नाहटा ने निर्वाचन का प्रमाण पत्र प्रदान किया। जनपद सभागार में आहूत सरपंच संघ चुनाव लोकतांत्रिक ढंग से संपादित कराया गया। भाजपा समर्थित रुदगांव सरपंच एवं कांग्रेस समर्थित 3 प्रत्याशी अध्यक्ष पद के लिये मैदान में थे। मतदान उपरान्त टीकाराम सोनकर 22 वोट, कमल वैष्णव 20 वोट, अनिता चन्द्राकर 17 वोट व मयंक यदु 16 वोट हासिल किए। पूर्व अध्यक्ष चन्द्रकुमार साहू ने नए अध्यक्ष को संघ के गतिविधियों संबंधी दस्तावेज सौंपा। इस अवसर पर संतोष वैष्णव, रामकुमार गुप्ता, बालकृष्ण सिन्हा, संतोष यादव, रोहित सोनकर, देवेन्द्र दुबे, रुखम चंद्रवंशी, लीलम गोस्वामी, सोनू साहू, अजय पंसारी सहित जनपद क्षेत्र के समस्त सरपंचगण व पत्रकारगण मौजूद थे।



**यातायात सेवा में लगे सिपाहियों को बांधी राखी**

# लायनेस क्लब राजनांदगांव सिटी ने मनाया रक्षाबंधन पर्व

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

लायंस एवं लायनेस क्लब राजनंदगांव सिटी के द्वारा रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । वर्तमान कोरोना महामारी की वजह से सुरक्षा एवं यातायात की व्यवस्था को सुचारू बनाए जाने हेतु सेवा में लगे हुए सिपाहियों के बीच पहुंचकर लायनेस क्लब की बहनों ने रक्षा सूत्र बांधकर उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ रहने की कामना की ।

लायनेस क्लब राजनांदगांव सिटी की अध्यक्ष लायनेस सुनीता लोहिया, सचिव लायनेस शोभा शर्मा, लायनेस निमिषा ठक्कर, लायनेस नियामत हुड्डा सहित लायंस क्लब के लायन अजय लोहिया, लायन राजकुमार शर्मा, लायन प्रकाश सांखला व लायन गुप्ता अधिवक्ता के द्वारा यातायात पुलिस कार्यालय पहुंच कर वहां उपस्थित सिपाही बंधुओं एवं सेवा में लगे हुए अन्य बंधुओं के हाथों में रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर राखी एवं रक्षा सूत्र बांधकर मिष्ठान खिलाकर, श्रीफल एवं रुमाल भेंट किया गया। लायनेस क्लब राजनांदगांव सिटी के पीआरओ लायन अजय लोहिया द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सभी सदस्यों ने महावीर चौक, जयस्तंभ चौक एवं मानव मंदिर चौक पहुंचकर यातायात व्यवस्था में लगे हुए सभी सिपाहियों के हाथों में रक्षा सूत्र का बंधन किया एवं श्रीफल, रुमाल भेंट कर सभी को मिठाई खिलाई गई। अनेक सिपाही इस दौरान भावुक हो गए एवं उन्होंने कहा कि आज जब हम वर्तमान परिस्थिति में अपनी बहनों से बहुत दूर बैठे हैं एवं वर्तमान कोराना काल में हमें छुट्टियां प्राप्त नहीं हो रही है, आवागमन के साधन बंद है, उस समय हमें एक परिवार के रूप में पारिवारिक भाव का जागरण करते हुए लायनेस क्लब की बहनों ने जो सम्मान प्रदान किया है वह सराहनीय कदम है, यह हमारे लिए जीवन में सदैव यादगार रहेगा ।



### जूनियर जोगी को दी बधाई

**राजनांदगांव।** आज पूर्व मारवाही विधायक व जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जोगी) प्रदेश अध्यक्ष अमित अजित जोगी को प्रथम पुत्रर प्राप्ति पर युवा जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) जिलाध्यक्ष शमसुल आलम व जिला महासचिव उदित हरिहारनो ने पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी।

# हितग्राहियों के खाते में पहुंचे 13 लाख 97 हजार

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

- 370 गौठान में 6989.61 ि ंटल गोबर की खरीदी की गई

छत्तीसगढ़ शासन की बहुआयामी योजना गोधन न्याय योजना के तहत आज जिले के हितग्राहियों के खाते में 13 लाख 97 हजार का भुगतान किया गया। जिले के हितग्राहियों को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा रायपुर मुख्यालय से वीसी के माध्यम से बटन दबाते ही संधारित बैंक खातों में सीधे भुगतान प्राप्त हुआ। जिले के 9 विकासखंड में 370 पंजीकृत गोठान के अंतर्गत 1 अगस्त 2020 तक 5 हजार 989 हितग्राही पंजीयन का किया गया है। शासन के निर्देशानुसार जिले में स्थित गोठानों द्वारा कुल 6989.61 क्विंटल गोबर की खरीदी सुनिश्चित की गई है। प्रथम चरण को पूर्ण कर 1 अगस्त 2020 की कुल खरीदी मात्रा 6989.61 क्विंटल के 13 लाख 97 हजार रूपए का भुगतान आज 5 अगस्त 2020 को मुख्यमंत्री भुपेश बघेल द्वारा रायपुर मुख्यालय से व्ही.सी. के माध्यम से बटन दबाते ही कृषकों के खातों में राशि जमा हुई।

## क्विक न्यूज

### मोपका की सरकारी जमीन से बेजा कब्जा हटाने का हाईकोर्ट ने दिए आदेश

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने मोपका की निजी और सरकारी जमीन पर बेजा कब्जा के मामले में कार्रवाई करने का निर्देश दिए हैं। तहसीलदार को धारा 248 की कार्रवाई शुरू कर इसे 6 माह में निर्धारित करने का निर्देश दिया है। मामले की सुनवाई जस्टिस पी. सैम कोशी की बेंच में हुई। संजय कुमार गुप्ता ने अधिवक्ता वरुण शर्मा के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर की। इसमें बताया कि मोपका के समीप सरकारी जमीनों पर कुछ बिल्डर अवैध कब्जा कर रहे हैं। याचिकाकर्ता की जमीन भी मोपका में स्थित है। इससे लगी सरकारी जमीन भी है। वर्ष 2014 में पराग मौर्य नामक बिल्डर ने कब्जा की कोशिश की थी। जिस पर राजस्व विभाग ने बेदखली की कार्रवाई की थी। 6 साल बाद फिर पराग ने संजय गुप्ता की जमीन समेत बगल की सरकारी जमीन खसरा नंबर 25/12/2 (ग) पर कब्जा कर लिया।

### आठ क्षेत्रों से घोषित कंटेनमेंट जोन हटा

**बिलासपुर ।** जिले में कोरोना से संक्रमित मरीज जिस इलाके में पाये गये उस क्षेत्र को सील कर कंटेन्मेंट जोन घोषित कर दिया गया है था। ऐसे आठ विभिन्न क्षेत्रों में घोषित कंटेनमेंट जोन हटा दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार कंटेनमेंट की पाबंदियों से मुक्त हुए इन क्षेत्रों में बिलासपुर शहर के अमेरी स्थित आनंद नगर क्षेत्र के पूर्व घोषित कंटेनमेंट जोन को इंसिडेंट कमांडर एवं एसडीएम तखतपुर के द्वारा बीते 14 दिनों से एक भी नए कोरोनावायरस मरीज के नहीं मिलने के कारण कंटेनमेंट की पाबंदियों से मुक्त कर दिया गया। बिल्हा तहसील के अंतर्गत आने वाले गांव कडार के पूर्व घोषित कंटेनमेंट जोन को भी बीते 14 दिनों के भीतर एक भी मरीज नहीं मिलने के कारण कंटेनमेंट की पाबंदियों से मुक्त कर दिया गया।

# मजदूरों को ले जा रहा पिकअप पकड़ाया

## झारखंड के मजदूरों को बिना कोरोना जांच के ही जाने दिया

पायनियर संवाददाता ᐸ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



इन दिनों पुलिस सड़क पर युद्ध स्तर पर वाहनों की जांच में मशरूफ है, लेकिन इसका मकसद कोरोना की रोकथाम नहीं बल्कि जुर्माने वसूल किया जा रहा है क्योंकि इससे पहले पुलिस लोगों को इसलिए दंडित कर रही थी कि वे शासन के गाइडलाइन का पालन करते हुए फेस मास्क नहीं लगा रहे थे या फिर सोशल डिस्टेंस का पालन नहीं कर रहे थे। लेकिन अब तो वाहन अधिनियम का हवाला देकर वाहनों के जांच के बाद जुर्माने की राशि वसूली जा रही है। यह बात उस वक्त भी साबित हो गई जब जांच के दौरान नेहरू चौक पर एक मालवाहक वाहन पकड़ा गया। झारखंड से रायपुर जा रहे इस वाहन में 2 दर्जन से अधिक लोग सवार थे ।भेड़ बकरियों की तरह इन्हें इस माल वाहक में ठूंसकर बिठाया गया था। कार्रवाई के दौरान यह भी पता चला कि बिना ईपास और इजाजत के ही चोरी-छिपे इन्हें झारखंड से रायपुर पहुंचाया जा रहा है । जिन्हें काम के लिए वापस लाया जा रहा है । लेकिन बिलासपुर पुलिस ने इन पर किसी तरह की कार्रवाई करने की बजाय इन्हें सिर्फ चालान काट कर छोड़ दिया। इसकी वजह यह है कि अगर इन्हें जांच के नाम पर रोका गया तो सभी का कोरोना टेस्ट करना पड़ेगा और इन्हें क्वॉरेंटाइन सेंटर भी भेजना होगा । इसलिए इस आफत को अपने सर न मोल लेते हुए केवल वाहन चालक के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई करते हुए उन्हें आगे जाने की इजाजत दे दी गई । इस वक्त अंतर राज्यीय परिवहन पर सख्ती जारी है । बिना ई पास के एक राज्य से दूसरे राज्य में आना जाना प्रतिबंधित है। आम लोगों पर छोटे से भी नियम भंग पर सख्त कार्रवाई करने वाली पुलिस खुद इस तरह बड़ी लापरवाही कर खतरे को खुला आमंत्रण दे रही है।

# चोर ने दुकान में सेंधमारी कर समान सहित रकम ले उड़े

पायनियर संवाददाता ᐸ बिलासपुर
www.dailypioneer.com




इनदिनों लॉक डाउन के सूनेपन का फायदा उठाकर चोर गिरोह ने अपनी सक्रियता तेज कर दी है।चोर स्थानीय पुलिस के नाक के नीचे ही चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे है। ताजा मामला सकरी थाना क्षेत्र के नेचर सिटी का सामने आया है। जहाँ स्थित महामाया एग्रो इंप्लीमेंट्स की दुकान का ताला तो?कर वहाँ रखे 8000 हजार नगदी सहित सामानों को अज्ञात चोर ले उ?। दरसअल नेचर सिटी के पास स्थित महामाया एग्रो इंप्लीमेंट्स के संचालक शंकर लोकवानी रोज की तरह ही बुधवार को 12 बजे अपनी दुकान बंद कर चले गए थे। उनके प?ोसी सूरज ठाकुर ने उनके दुकान में चोरी होने की सूचना दी।

जिसके बाद संचालक तुरंत मौके पर पहुँचे। जहाँ दुकान से करीबन 8000 रूपये, सीसीटीव्ही कैमरे का डीव्हीआर, नोकिया कंपनी का मोबाईल जिसका नं. 8889833777, है। साथ ही ट्रेक्टर में लगने वाला लोहे का कप्लींग 04 नग, शक्तिमान का पार्टस गायब था। जिनकी कीमत करीब 25 हजार बताई जा रही है। उक्त मामले की शिकायत प्रार्थी ने सकरी थाने में दर्ज कराई है। जिसमे सकरी पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## लोकसभा सचिव ने जन्मदिन पर आम जनता के बीच जाकर मास्क वितरण किया

पायनियर संवाददाता ᐸ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



आज आई टी सेल के लोकसभा सचिव व मीडिया प्रभारी कांग्रेस कमेटी के अजय काले ने अपने जन्मदिन पर आम जनता के बीच जाकर मास्क वितरण किया व सभी दूरी बनाकर रहने व लगातार साबुन में हाथ की सलाह दी लगातार काले कांग्रेस के हर कार्यक्रम में शामिल होकर सभी के सुख दुख में शामिल होकर कार्य करते है कोरोना काल में वह जनप्रतिनिधियों के लगातार सक्रिय होकर काम किये है आज जन्मदिन पर वे मास्क वितरण किये साथ मे उपाध्यक्ष कांग्रेस के हर्मेन्द्र शुक्ला उपस्थित रहे।

# चोरी के गहने समेत तीन आरोपी हुए गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ᐸ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



घर और आलमारी का ताला तोड़कर सोने चांदी के गहने समेत नगद की चोरी के आरोपियों को चकरभाठा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपियों से माल बरामद कर पुलिस ने न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया है। बोदरी निवासी बिन्दा धूरी पति जगोरन धुरी ने लिखित शिकायत में बताया कि घर में ताला लगाकर बेटा और बेटी के साथ अपने भाई संजय धुरी के घर रात सोने गयी। सूने घर का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने घर और आलमारी का ताला तोड़कर सोने चांदी के गहने समेत नगद पार कर दिया है। बिन्दा धुरी ने बताया कि चोरों ने 2 जोड़ी टाप्स, सोने की 89 और 11 फर वाला माला, सोने की अंगठी, चांदी का पायल, गैस सिलेन्डर गैस चूल्हा, 2 हजार नगदी समेत कुल 1 लाख से अधिक कीमती सामानो पर हाथ साफ किया है। थाना प्रभारी सुखनन्दन पटेल ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर पतासाजी शुरू हुई। इसी बीच 4 अगस्त को मुखबीर से जानकारी मिली कि रामचन्द्र धुरी, शनि वर्मा और लेखराम नेताम सोने चांदी के गहने और कुछ पैसे रखें है। जानकारी मिलते ही तीनों को थाने लाकर सख्ती से पूछताछ हुई।

# अवैध शराब के खिलाफ आबकारी की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ᐸ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

बिलासपुर कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक, प्रशांत अग्रवाल, उपायुक्त आबकारी, संभागीय उड़नदस्ता बिलासपुर संभाग संजय पारिक, उपायुक्त आबकारी, जिला बिलासपुर नीतू नोतानी ठाकुर, एवं सहायक आयुक्त आबकारी, टी.पी. भूसाखरे के मार्गदर्शन में जिले में मंदिरा के अवैध निर्माण, धारण तथा परिवहन के विरूद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है। सहायक जिला आबकारी अधिकारियों एवं आबकारी उपनिरीक्षकों की संयुक्त टीम द्वारा तखतपुर क्षेत्र के ग्राम सोनबंधा में प्रभावी कार्रवाई कर कुल 75 लीटर हाथभट्ठी आसवित मदिरा एवं 12800 किलोग्राम मदिरा बनाने योग्य महुआ लहान जब्त किया गया है। संभागीय उ?नदस्ता जिला बिलासपुर आबकारी, थाना तखतपुर द्वारा पुलिस लाईन बिलासपुर से बड़ी संख्या में बल लेकर छापामार कार्यवाही की गई। कार्यवाही में 5 आरोपियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क च, 34 (2), 59 (क) के तहत गैर जमानती प्रकरण कायम किया गया है, जबकि 02 पृथक प्रकरणों में आरोपी लोरिक एवं कृष्णा से 800 किलोग्राम लहान जप्त कर धारा 34 (1) क च, के तहत गिरफ्तारी की गई है। गैर जमानती प्रकरणों में आरोपी सुरेन्द्र खुंटे, पिता सुन्दरलाल से 12 लीटर हाथभट्ठी आसवित महुआ मदिरा एवं 200 किलोग्राम क्षमता वाले 08 प्लास्टिक ड्रमों में भरे कुल 1600 किलोग्राम महुआ लहान जप्त किया गया है। आरोपी रामभरोस खाण्डे पिता स्व. सोनसाय से 20 लीटर हाथभट्ठी आसवित महुआ मदिरा एवं 200 किलोग्राम क्षमता वाले 10 प्लास्टिक ड्रमों में भरे कुल 2000 किलोग्राम महुआ लहान जप्त किया गया है। आरोपी मलिक राम पिता बुधारी बंजारे से 18 लीटर हाथभट्ठी आसवित महुआ मदिरा एवं 200 किलोग्राम क्षमता वाले 12 प्लास्टिक ड्रमों में भरे कुल 2400 किलोग्राम महुआ लहान जप्त किया गया है। अन्य आरोपियों से 10 लीटर एवं 4000 किलोग्राम तथा 15 लीटर एवं 2000 किलोग्राम मदिरा बनाने योग्य महुआ लहान जप्त किया गया है। ज्ञात हो कि कुल 12800 किलोग्राम जप्त महुआ लहान से आसवन द्वारा 4240 लीटर हाथभट्ठी मदिरा का निर्माण किया जा सकता था। ग्राम सोनबंधा में आकस्मिक दबिश से 05 से अधिक स्थानों में मदिरा बनाने हेतु आसवन की प्रकिया जारी थी।

# केलो डेम के चार गेट खोलने से नदी हुई लबालब

## शहर के चक्रपथ, खर्राघाट, सर्किट हॉउस रपटे डूबे

पायनियर संवाददाता ᐸ रायगढ़
www.dailypioneer.com



बीते रात से लगातार हो रही झमाझम बारिश के कारण लैलूंगा के ऊपरी हिस्से से केलो नदी में पानी का जमावड़ा धीरे धीरे बढ़ता गया और सुबह तक हुई बारिश के पानी से केलो डेम भी लबालब भर गया। रात से जिला प्रशासन और नगर निगम की बाढ़ आपदा टीम नदी किनारे रहने वालों की सतत निगरानी कर रही थी। गुरूवार की सुबह से डेम के चार गेट खोलने के बाद केलो नदी में पानी छोड़ने से सर्किट हाउस रपटा, खर्राघाट रपटा, चक्रपथ पूरी तरह से डूब गए। जिससे यातायात काफी मात्रा में प्रभावित हुआ।

इस सबंध में केलो परियोजना विभाग के कार्यपालन अभियंता प्रमोद कुमार शुक्ला ने बताया कि बुधवार की रात से हो रही झमाझम बारिश के कारण एवं लैलूंगा में भी हुई बारिश से केलो डेम में पानी का भराव होने लगा डेम में अमूमन अगस्त माह में 229.50 क्यूसेक पानी रहता है, लेकिन रात को साढ़े दस बजे तक 230.70 हो गया और तेजी के साथ नदी से आ रहे पानी के कारण डेम भी लबालब हो गया था। हमने तत्काल नगर निगम आयुक्त और एसडीएम को अवगत कराया और नदी किनारे रहने वालों के लिए अलर्ट और मुनादी के लिए टीम को सूचित करवा दिया। सुबह चार बजे से सुबह छह बजे दो गेट और 9 बजे चार गेट खोल दिए गए। केलो डेम गेट खुलते ही पानी तेज धार के साथ केलो नदी में बहने लगा। डेम के चार गेट खोलने के बाद केलो नदी में पानी छोड़ने से सर्किट हाउस रपटा, खर्राघाट रपटा, चक्रपथ पूरी तरह से डूब गए। इससे यातायात काफी हद तक प्रभावित हुआ। लोग शनि मंदिर होते और कलेक्टोरेट और जूटमिल की तरफ जा रहे थे। वहीं रपटा डूबने के कारण चार चक्का गाड़ी और पिकअप, ट्रक, जीप, कार वाले चक्रधर नगर फाटक का उपयोग कर रहे थे। इन दिनों मार्गों में जाम की स्थिति बन रही थी। वहीं चक्रपथ के दोनों रास्तो को चक्रधर नगर पुलिस ने स्टापर लगाकर बंद करवा दिया था। प्रमोद कुमार शुक्ला के मुताबिक करीब 8000 क्यूसेक पानी डेम से नदी में प्रवाहित हो रहा है। अगर गेट नहीं खोलते तो डेम में पानी ज्यादा भरने की स्थिति निर्मित हो जाती है।

# स्वास्थ्य सचिव ने आईएमए को लिखा पत्र

- **प्राइवेट क्लिनिक, नर्सिंग होम और हॉस्पिटलों में कोविड-19 के संदिग्ध मरीजों की कराएं कोरोना जांच**

पायनियर संवाददाता ᐸ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की सचिव निहारिका बारिक सिंह ने इंडियन मेडिकल एसोशिएशन छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष को पत्र लिखकर निजी चिकित्सालयों में इलाजरत कोविड-19 के संदिग्ध मरीजों की तत्काल जांच कराने कहा है, जिससे कि इसके पीड़ितों की पहचान कर तुरंत उपचार शुरू किया जा सके। साथ ही अस्पताल में इलाज करा रहे किसी मरीज के कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने पर अस्पताल को भारत सरकार, आईसीएमआर एवं राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरुप निसंक्रमित कर 24 घंटे के बाद पुनः शुरू किया जा सकता है।

राज्य शासन ने निजी क्लिनिकों, नर्सिंग होम्स एवं अस्पतालों में इलाज करवाने वाले कोविड-19 के सभी संदिग्ध मरीजों की कोरोना जांच कराने के आदेश दिया है स्वास्थ्य सचिव ने आईएमए को लिखे पत्र में कहा है कि प्रदेश में अभी तक कोविड-19 से संक्रमित कुल 69 व्यक्तियों की मृत्यु हो चुकी है। इनमें से 51 व्यक्ति किसी अन्य बीमारी से ग्रसित रहे हैं।

यहां अब तक कुल दस हजार से अधिक व्यक्ति इससे संक्रमित हो चुके हैं। समय पर जांच, पहचान और उपचार नहीं होने पर मृत्यु होने की संभावना भी अधिक होती है।

जिसके संबध में स्वास्थ्य विभाग ने पत्र में लिखा है कि संक्रमित व्यक्तियों की मृत्यु के संबंध में यह संज्ञान में आया है कि इनमें से अधिकतर अस्पताल में उपचार तो ले रहे थे, परन्तु इनके द्वारा स्वयं कोविड-19 की जांच समय पर नहीं कराई गई। यदि ऐसे सभी व्यक्तियों का जो निजी क्लीनिक, नर्सिंग होम या अस्पताल में उपचार ले रहे हैं और ये कोविड-19 के संदिग्ध मरीज हैं, तो इनकी तत्काल कोविड-19 जांच किया जाना आवश्यक है। साथ ही कोरोना वायरस संक्रमित पाए जाने पर उन्हें कोविड-19 अस्पताल रिफर किया जाना चाहिए।

# कोरोना पॉजिटिव युवक ने अस्पताल में लगाई फांसी

- **आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही पुलिस, युवक के डिप्रेस होने की चर्चा**

पायनियर संवाददाता ᐸ सक्ती
www.dailypioneer.com



जांजगीर चांपा जिले के कोविड केयर सेंटर में कोरोना का इलाज कराने आए युवक ने आत्महत्या कर ली। घटना बुधवार की देर रात को हुई थी। युवक ने अस्पताल के वॉशरूम में बनी खिड़की पर गमछे से फंदा बनाया और इसी से लटककर जान दे दी। युवक जब अपने बेड पर नजर नहीं आया तो इसकी मां ने खोजना शुरू किया। तब इसका खुलासा हुआ कि युवक ने खुदकुशी कर ली है। पोस्टमार्टम के बाद युवक का कोविड प्रोटोकॉल के तहत अंतिम संस्कार किया जाएगा

**अस्पताल जाने से किया था इंकार-** जानकारी के मुताबिक जांजगीर-चांपा जिले के ही मालखरौदा क्षेत्र के जमगहन गांव में रहने वाले 40 साल के शख्स की रिपोर्ट 4 अगस्त को पॉजिटिव आई थी। यह बात सामने आई कि खुद के कोरोना पॉजिटिव होने की वजह वह काफी डर गया था। अस्पताल जाने से भी इंकार कर दिया था। उसने शर्त रखी कि यदि उसकी मां साथ जाएगी तो वह अस्पताल जाएगा। मां को भी ले जाया गया,मगर उन्हें अलग रखा गया था। घटना स्थल से किसी तरह का सुसाइड नोट पुलिस को नहीं मिला है। जांच और पूछताछ की जा रही है।

**पैदल लौटा था हरिद्वार से -** युवक काम के सिलसिले में हरिद्वार गया हुआ था। 20 जुलाई को वह छत्तीसगढ़ के जांजगीर जिले में अपने गांव आने के लिए रवाना हुआ। 2 अगस्त को वह गांव पहुंचा। उसने लोगों को बताया कि लिफ्ट लेकर तो कभी कई किलोमीटर पैदल चलकर वह यहां तक आया है। सैंपल लेकर जांच की गई तो युवक पॉजिटिव पाया गया। जांजगीर के एसडीओपी जितेंद्र चंद्राकर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। दिव्यांग कोविड केयर जांजगीर सेंटर के प्रभारी डॉ अनिल जगत ने बताया कि सुबह ही उन्हें घटना के बारे में पता चला।

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने लॉकडाउन के दौरान ई-नीलामी के माध्यम से

# 34 करोड़ रूपये की स्क्रैप बिक्री कर कीर्तिमान स्थापित किया

पायनियर संवाददाता ᐸ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



कोरोना वायरस महामारी के चलते लॉकडाउन किये जाने के कारण सबकुछ थम गया है तथा इसके कारण यात्री और मालगाड़ी सेवाओं के न्यूनतम उपयोग के कारण रेलवे की आय पर प्रतिकूल असर पड़ा है ।

साकेत रंजन, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी द्वारा दी गई सूचना के अनुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने लॉकडाउन की अवधि के दौरान स्क्रैप का निपटान करके रु. 34 करोड़ आय अर्जित किया है । इस कमाई का बड़ा हिस्सा अनुपयोगी लाइनों और साइडिंग्स के निपटान से प्राप्त हुआ है जो चालू अवस्था में नहीं थे और अनुपयोगी भी थे । लॉकडाउन से निर्मित समस्याओं, श्रमिकों और परिवहन आदि की सुविधाओं में कमी के बावजूद भी इस उपलब्धि को हासिल किया जा सका ।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने आगे बताया कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के लिए पूरे क्षेत्र को पूर्णतः स्क्रैप मुक्त करने के लिए लक्ष्य निर्धारित किया है । ज्ञात हो कि स्क्रैप सामग्री के निपटान से न केवल आय में वृद्धि होती है, बल्कि स्क्रैप सामग्री की रिसाइक्लिंग से वातावरण स्वच्छ होता है और इससे आसपास के क्षेत्रों को हरा-भरा बनाने में मदद भी मिलती है ।

पीकेबी मेश्राम, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक के अनुसार सभी प्रकार की नीलामी क्रिस द्वारा विकसित इंटीग्रेटेड रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (आईआरईपीएस) के ई-नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से ऑनलाइन आयोजित की जाती हैं जिससे कि संपूर्ण भारत के क्रेतागण बोली में भाग लेने और सामग्री खरीदने में सक्षम होते हैं । यह कार्य बिना किसी मानव इंटरफ़ेस के अपने घर पर ही आराम से ई-नीलामी के माध्यम से कर सकते हैं । इसके साथ ही बोलीदाताओं द्वारा ऑनलाइन भुगतान को आईआरईपीएस से जुड़े एसबीआई भुगतान गेटवे के माध्यम से काफी सरल बनाया गया है ।

# सरपंच की दबंगाई , साथियों के साथ मिलकर किसान की बेरहमी से कर दी पिटाई



पायनियर संवाददाता ᐸ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

रतनपुर थाना क्षेत्र के कड़री ग्राम पंचायत में सरपंच और उसके साथियों ने एक किसान के साथ उसके परिजनों से मामूली विवाद को लेकर मारपीट की घटना को अंजाम दिया है।


मामले में पीड़ित किसान ने रतनपुर थाने पहुँचकर सरपंच और उसके साथियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कड़री निवासी मोहम्मद जाहिद किसान है, जिसका खेत नहरनार डेम के पास है, विगत 2 महीनों पहले किसान के खेत के पास नाले में सरपंच द्वारा मिट्टी पटाई करा नाले को बंद कर दिया गया है , जिससे किसान के खेत मे पानी भरा हुआ है, जब किसान ने पानी की वजह से खेत के मेढ़ टूटने की आशंका जताई और सरपंच से नाले को खोलने की शिकायत की तो उल्टे विवाद करते हुए किसान मोहम्मद जाहिद के साथ मारपीट की गई। सरपंच राजेन्द्र मिथुन वर्मा, ननका वर्मा सहित उनके साथियों ने बीच बचाव के लिए पहुँचे किसान के परिजनों से भी बुरी तरह मारपीट की है। जिससे आहत किसान सहित परिजनों ने थाने पहुँचकर इसकी शिकायत दर्ज कराई है, जिस पर रतनपुर पुलिस ने कड़री सरपंच राजेन्द्र मिथुन वर्मा सहित उनके साथियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में जुट गई है।

# रामकृष्ण केयर में भर्ती मरीज की रिपोर्ट आई पॉजिटिव, न्यू कोरबा अस्पताल सील

## पहले परिजनों ने सोनोग्राफी सहित अन्य टेस्ट भी करवाएं

पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com




उरगा के समीप देवलापाट निवासी साठ वर्षीय कोरोना पॉजिटिव मरीज के कोसाबाड़ी स्थित न्यू कोरबा अस्पताल में भर्ती होने की पुष्टि पर कलेक्टर किरण कौशल के निर्देश पर अस्पताल का तीसरा फ्लोर सेनेटाइज कर सील कर दिया गया है।

आज सुबह रायपुर के रामकृष्ण अस्पताल में भर्ती कोरबा के साठ वर्षीय व्यक्ति की कोरोना जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। व्यक्ति की सम्पर्क हिस्ट्री खंगालने पर पहले ईलाज के उसके न्यू कोरबा अस्पताल में भर्ती होने की जानकारी मिली थी। जानकारी मिलते ही कलेक्टर कौशल ने व्यक्ति के सम्पर्क में आए सभी लोगो को पहचान कर उन्हें होम क्वारेंटाइन में रखने और अस्पताल तथा जांच केन्द्रों को सेनिटाइज कर सील करने के निर्देश एसडीएम सुनील नायक को दिए थे। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार पंचराम सलामे, डॉ. पुष्पेश कुमार सहित राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर मौजूद रही। कोरोना संक्रमित व्यक्ति बीमार होने पर 26 से 31 जुलाई तक न्यू कोरबा अस्पताल में ईलाज के लिए भर्ती था। इस दौरान 31 जुलाई को तबियत गंभीर होने पर उसे डॉक्टरों द्वारा बेहतर इलाज के लिए रायपुर के रामकृष्ण केयर अस्पताल रिफर किया गया था। जहां ईलाज के दौरान 2 अगस्त को मरीज का कोरोना टेस्ट के लिए सैम्पल लिया गया था और तीन अगस्त को उसकी रिपोर्ट पॉजिटिव मिली थी।



रामकृष्ण केयर ऑस्पिटल में कोविड़ सेंटर बनाया गया है, जहां पर मरीजों का इलाज किया जा रहा है। मरीजों की सुविधा को देखते हुए रायपुर में किसी भी अस्पतालों को सील नहीं किया गया है।

**डॉ.एस. भारती दासन, कलेक्टर, रायपुर**



मरीज की रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद न्यू कोरबा अस्पताल के तीसरी फ्लोर को सेनिटाइट कर सील किया गया है।

**किरण कौशल, कलेक्टर, कोरबा**

कोरबा कलेक्टर किरण कौशल ने बताया की पहले ईलाज के लिए न्यू कोरबा अस्पताल में भर्ती मरीज की जांच रिपोर्ट उसके रायपुर रिफर होने के बाद मिली है। न्यू कोरबा अस्पताल में वह तीसरी मंजिल पर अलग कमरे में ईलाज के लिए भर्ती था। अस्पताल के डॉक्टरों के द्वारा दी गई जानकारी अनुसार मरीज को एंडोस्कोपी के लिए डॉक्टर अरूण श्रीवास्तव के सर्जिकल नर्सिंग होम एवं नेत्र ज्योति केन्द्र निहारिका भी ले जाया गया था। इसके साथ ही उसे सोनोग्राफी के लिए विजय सोनोग्राफी एवं डायग्नोस्टिक सेंटर निहारिका भी भेजा गया था। मिली जानकारी के बाद एसडीएम ने अस्पताल के तीसरे मंजिल से सभी मरीजो को अन्य वार्डो में शिफ्ट कराकर पूरी मंजिल को सेनेटाइज कराने के बाद बंद कर दिया है। इसके साथ ही निहारिका स्थित सर्जिकल नर्सिंग होम एवं नेत्र ज्योति केन्द्र और विजय सोनोग्राफी एवं डायग्नोस्टिक सेंटर को भी सेनिटाइज करने के बाद सील कर दिया गया है।

इस संदर्भ में रायपुर के कलेक्टर एस.भारती दासन ने बताया की रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में कोविड़ सेंटर बनाकर इलाज किया जा रहा है। कोविड़ सेंटर में मरीज की रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर हॉस्पिटल को सील नहीं किया जा सकता, क्योंकि इलाज के दौरान अन्य पेसेंटों को समस्या का सामना पड़ सकता है।

# एक महीने में हो जाएगा तेंदूपत्ता संग्राहक के दावों का निपटारा : अकबर

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




वनमंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा है कि तेंदूपत्ता बीमा योजना में कई मामलों के निपटारे में एक से दो साल का वक्त लग जाता था लेकिन शहीद महेंद्र कर्मा तेंदुपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा योजना में दावों का निपटारा एक महीने के भीतर हो जाएगा।

गौरतलब है कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार मिलकर तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए बीमा करती थीं। लेकिन केंद्र सरकार के इस योजना से हाथ खींचने के बाद ये योजना बंद हो गई थी. राज्य सरकार ने बीमा के दायरे से निकालकर अब सीधे संग्राहकों को सामाजिक सुरक्षा दी है. जिसके तहत अगर संग्राहक के मुखिया की मौत होती है तो उसे एक लाख रुपये और अगर दुर्घटना में मौत होती है तो 4 लाख रुपये देने का प्रावधान है।

इस योजना को राज्य सराकर ने बुधवार को महेंद्र कर्मा की जंयती पर लांच किया है।

# मुख्यमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए आज बीजापुर जिले की जनता को देंगे 96 करोड़ की सौगात

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शुक्रवार को दोपहर 12 बजे वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से बीजापुर जिले की जनता को 96 करोड़ रूपए की लागत के 171 विकास कार्यों की सौगात देंगे।

मुख्यमंत्री बघेल जिला बीजापुर के भैरमगढ़ में 29 करोड़ 15 लाख 75 हजार रूपए के 39 कार्यों का लोकार्पण तथा 66 करोड़ 85 लाख रूपए लागत के 132 निर्माण एवं विकास कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव करेंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री तथा प्रभारी मंत्री बीजापुर जयसिंह अग्रवाल, आबकारी मंत्री कवासी लखमा सहित सांसद बस्तर दीपक बैज, विधायक एवं उपाध्यक्ष बस्तर विकास प्राधिकरण विक्रम मण्डावी, जिला पंचायत बीजापुर के अध्यक्ष शंकर कुड़ियम, अध्यक्ष जनपद पंचायत भैरमगढ़ दशरथ कुंजाम एवं अध्यक्ष नगर पंचायत भैरमगढ़ दशरथ परबुलिया की गरिमामयी उपस्थिति होगी।

## लोकवाणी में इस बार न्याय योजनाएं, नयी दिशाएं विषय पर होगी बात

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियोवार्ता लोकवाणी की 9वीं कड़ी का प्रसारण आगामी 9 अगस्त, रविवार को होगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लोकवाणी में इस बार 'न्याय योजनाएं, नयी दिशाएं ' विषय पर प्रदेशवासियों से बात करेंगे। लोकवाणी का प्रसारण छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्रों, एफ.एम. रेडियो और क्षेत्रीय समाचार चैनलों से सुबह 10.30 से 11 बजे तक होगा।




# अपनी मांगों को लेकर सक्रिय हुए अतिथि व्याख्याता

## मुख्यमंत्री से लगा रहे हैं गुहार

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




कोरोना काल में अतिथि व्याख्याताओं ने अपनी मांग को रखने के लिए हड़ताल, धरना-प्रदर्शन के विकल्प के तौर पर सोशल मीडिया को माध्यम बनाए हुए है. हर दिन सोशल मीडिया के अलग-अलग माध्यम से सरकार से निवेदन किया जा रहा है. इस कड़ी में ट्विटर पर प्रदेश भर के अतिथि व्याख्याताओं ने अपनी मांगे रखी। अतिथि व्याख्याता समूह छत्तीसगढ़ ने ट्विटर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से 2011-12 के नियमों में बदलाव के लिए एकडुट हो गए हैं. अतिथि व्याख्याता अपनी तीन मांग - शीलिंग वाले दैनिक वेतन के स्थान पर एकमुश्त मासिक वेतन, चंद महीने की सेवा के जगह पर पूर्ण कालिक अवधि और स्थानांतरण से सुरक्षित स्थिति की मांग की है।

अतिथि व्याख्याता संघ के राज्य समन्वयक भानु आहिरे ने ट्वीट हेंडल पर मुखिया जी हमारा कल्याण करिए -वक्त है बदलाव का -अतिथि व्याख्याता जोहार? छत्तीसगढ़ पोस्ट किया जिस पर लगातार रिट्विट्स हो रहें हैं। समूह ने अपील की कि प्रदेश भर के जितने अतिथि व्याख्याता हैं, वे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर, फेसबुक पर मुख्यमंत्री से लगातार प्रार्थना करते रहें। मुखिया तक हमारी मांग अवश्य पहुंचेगी। पहले भी ज्ञापन सौंपा गया है।

# भाजपा स्पष्ट करे कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण फैसला उनका है या सुप्रीम कोर्ट का : विकास

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता विकास तिवारी ने भारतीय जनता पार्टी से गंभीर सवाल करते हुये कहा कि कल जब धर्म नगरी अयोध्या में भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम राम के भव्य मंदिर का भूमि पूजन कार्यक्रम हो रहा था तब भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई यह प्रचारित करने में जुटी हुई थी कि राम मंदिर का निर्माण का फैसला भारतीय जनता पार्टी, आरएसएस और विश्व हिंदू परिषद का है और इसका पूरा श्रेय वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देने का भ्रामक प्रचार कर रहे थे। जबकि राम मंदिर और बाबरी मस्जिद विवाद का फैसला माननीय सुप्रीम कोर्ट के द्वारा किया गया और इस फैसले का स्वागत पूरे देश के 130 करोड़ जनता ने किया। यह किसी राजनीतिक पार्टी या किसी स्वयंसेवी संगठन के द्वारा लिया गया फैसला नहीं था। यह फैसला देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट द्वारा लिया गया फैसला था।

कांग्रेस प्रवक्ता विकास तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह को यह बताना चाहिए कि अगर यह मंदिर निर्माण का श्रेय भारतीय जनता पार्टी को जाता है तो क्या कारण थे कि प्रदेश के शिवरीनारायण मठ के प्रमुख महंत रामसुंदर दास, गुरु घासीदास बाबा के वंशज, कबीरदास साहब के वंशज और आदिवासी समाज जो कि वनवास के समय भगवान श्री राम, सीता माता और लक्ष्मण की सहायता की थी उन्हें अयोध्या के मंदिर निर्माण के भूमि पूजन में भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस ने आमंत्रित क्यों नहीं किया? जबकि इन्हीं के आशीर्वाद से पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह 15 साल से प्रदेश में मुख्यमंत्री के पद में सुशोभित थे और प्रदेश में भाजपा की सरकार थी। वहीं दूसरी ओर जब रायपुर स्थित राम मंदिर से छत्तीसगढ़ की पावन माटी और विभिन्न स्थानों का पवित्र जल लेकर जब सिंधी समाज के प्रमुख युधिष्ठिर लाल महाराज अयोध्या की ओर प्रस्थान कर रहे थे तब चंद कदम दूर मौलश्री विहार के महलनुमा कोठियों में निवासरत पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह, पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व मंत्री राजेश मूणत और पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने कौशल्या माता के मायके की माटी और पवित्र जल को रवाना करने के लिए राम मंदिर नहीं पहुंचे और इस कार्यक्रम से दूरी बना ली। और दूसरे दिन पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व मंत्री गण रायपुर स्थित राम मंदिर पहुंचकर पूजा पाठ के कार्यक्रम में शामिल हुए। माता कौशल्या के मायके से धर्म गुरुओं को आमंत्रित नहीं करके भारतीय जनता पार्टी विश्व हिंदू परिषद और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ क्या संदेश देना चाहते हैं स्पष्ट करें।

# स्टील कारोबारी के घर 4 लाख के सोने, चांदी के जेवरात व नगदी चोरी, मामला दर्ज

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



राजधानी में रक्षाबंधन त्यौहार मनाने गये स्टील कारोबारी के यहां घर का ताला तोड़कर चोर लाखों रुपये के सोने,चांदी के जेवरात सहित नगदी रुपये चोरी कर लिये। घटना की रिपोर्ट सरस्वतीनगर थाने में दर्ज की गई है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार टीचर्स कालोनी सुंदर बिहार छोटा भवानी नगर कोटा निवासी संजय गंगवाल 49 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी राखी का त्यौहार मनाने अपने भाई के यहां 2 अगस्त की सुबह परिवार सहित रायगढ़ गया हुआ था। जाते समय घर में ताला लगाकर मकान का एक चाबी घर की नौकरानी अनसुईया को दिया था वह पिछले 8 वर्ष से प्रार्थी के यहां काम कर रही है। 4 अगस्त को नौकरानी सुबह 10 बजे घर का सफाई करने आई तो पीछे दरवाजे का ताला टूटे देखकर कमरे में आकर देखी तो घर का सारा समान बिखरे पड़े हुये थे इसकी सूचना नौकरानी ने दिया। घटना की जानकारी मिलते ही इसकी सूचना सरस्वती नगर थाना प्रभारी को दिया व रायगढ़ से 4 अगस्त को प्रार्थी रात 7 बजे वापस अपने घर आकर घर में रखे आलमारी में रखे सामान चेक किया। तो देखा मास्टर बेडरूम में रखा आलमारी व दराज का ताला टूटा हुआ था उसके अंदर रखे समान सोने का चेन 02 तोला कीमत 65 हजार 97 रूपये,सोने की चुडी 01 जोडी 41.600 ग्राम कीमत 24 हजार 4 सौ 25/ रूपये,डायमण्ड इयररिंग 4.370 ग्राम कीमत 23 हजार 8 सौ 53/ रूपये,सोने की अंगुठी गिन्नी 5.960 ग्राम कीमत 15150/ रूपये,गोल्ड कोईन सिक्का 05 ग्राम 15 हजार 9सौ 92/ रूपये,गोल्ड रिंग 4.550/ कीमत15 हजार रूपये,डायमंड रिंग 4.244 कीमत 48 हजार 7 सौ 50/ रूपये,गोल्ड हाफ सैट पैण्डल सोने का कीमत 87600/ रूपये,कान का ईयररिंग सोने का 10.090 किमती 35 हजार 8 सौ रूपये,तथा नगदी रकम 60 हजार रूपये कुल 3 लाख 91 हजार 667/ रूपये की चोरी कर लेने की रिपोर्ट दर्ज की गई है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457,380 के तहत अपराध कायम कर मामले की जांच में जुटी हुई है।

## वीडियो बनाने के चक्कर में जान जोखिम में नहीं डाले

# बायसन व अन्य वन प्राणियों के आगे सेल्फी लेने से बचने की अपील

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



**वन्य प्राणी आने पर वन विभाग को करें तत्काल सूचित, सुरक्षा के दृष्टिकोण से कंट्रोल रूम स्थापित**

वन विभाग द्वारा आम नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं अन्य गणमान्य लोगों से अपील करते हुए कहा है कि वन्य प्राणी जैसे, तेंदुआ, जंगली सूअर, लक?बग्घा, बायसन, बाघ, सोन कुत्ता, जहरीले सांप या अन्य प्रकार के सांप, सियार, चीतल, बायसन, वन भैंसा, सांभर, बार्किंग डियर, नीलगाय, आदि, की मानव आवासीय क्षेत्र में आ जाने की सूचना मिलती है, तो तत्काल उपलब्ध कराएं, ताकि जान-माल और वन्य प्राणी की सुरक्षा की जा सके तथा वन्य प्राणी को रेस्क्यू कर सफलतापूर्वक जंगलों में वापस छोड़ा जा सके। विभाग द्वारा बायसन या अन्य वन्य प्राणियों के आगे सेल्फी अथवा वीडियो बनाने के चक्कर में जान जोखिम में नहीं डालने की भी अपील की गई है। इसके साथ ही जिला स्तर पर वन मंडल द्वारा मनुष्य एवं वन्य प्राणियों की सुरक्षा की दृष्टि से कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। जागरूक नागरिक वन विभाग को सूचित कर मानव-वन्य प्राणी द्वंद से बचाव के लिए सहयोग कर जान-माल की हानि होने से बचाने में सहभागी बन सकते हैं। उल्लेखनीय है कि वन क्षेत्रों में मानवीय बसाहट, अतिक्रमण, अवैध कटाई, अवैध उत्खनन, वन्य प्राणियों का अवैध शिकार तथा मानव विकास के लिए जंगलों का गैर वानिकी कार्य में व्यावर्तन के चलते वन्य प्राणियों के लिए प्राकृतिक आवास और प्राकृतिक संसाधन सीमित होते जा रहे हैं। इसके चलते वन्य प्राणी वनों से निकलकर मानवीय बसाहट वाले क्षेत्रों में आए दिन भटक कर आ जाते हैं, जिससे मानव-वन्य प्राणी द्वंद की स्थिति निर्मित होती है। इस द्वंद में कभी मनुष्य की जान चली जाती है, तो कभी वन्य प्राणी की जान चली जाती है। कभी फसल की हानि होती है, तो कभी संपत्ति का नुकसान होती है। ऐसे में प्राकृतिक संतुलन के साथ-साथ बहुत से सुनियोजित विकास कार्यों की और सावधानियों की आवश्यकता है, जिसमें मानव-वन्य प्राणी द्वंद को कम से कम किया जा सके।

कवर्धा जिले के डीएफओ ने जिले वासियों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी वन्य प्राणी जैसे, तेंदुआ, जंगली सूअर, लकड़बग्घा, बायसन, बाघ, सोन कुत्ता, जहरीले सांप या अन्य प्रकार के सांप, सियार, चीतल, बायसन, वन भैंसा, सांभर, बार्किंग डियर, नीलगाय, आदि, की मानव आवासीय क्षेत्र में आ जाने की सूचना हेतु कवर्धा वन मंडल के वन्य प्राणी रेस्क्यू सेल का कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।

बायसन आ जाए तो क्या करें - गांव के आसपास गौर या बायसन दिखने अथवा हमला करने की स्थिति में तुरंत वन विभाग को सूचित करें। गौर द्वारा हमला किए जाने पर घायल व्यक्ति को तुरंत निकटतम चिकित्सालय में लेकर जाएं। गौर शर्मिला जानवर होता है। यह दूर से देखकर हमला नहीं करता। बायसन के दिखने पर इससे दूरी बनाए रखें। गौर के समूह के नजदीक ना जाएं एवं इसके आसपास भी? ना लगाएं। मादा गौर अपने बच्चों के साथ हो तो अधिक आक्रमक होती है। अतः ऐसी स्थिति में सतर्क रहें। गौर भोजन तथा पानी की तलाश में जंगल से भटक कर रहवासी क्षेत्र में आते हैं। अतः तालाब आदि के किनारे देखे जाने पर इन्हें अनावश्यक परेशान ना करें। वह स्वयं ही पानी पीकर जंगलों में वापस लौट जाते हैं। गौर के दिखाई देने पर उसे कुछ भी खिलाने का प्रयास ना करें।

# पेट्रोलपंप के पास खड़े ट्रकों की बैटरी चोरी, मामला दर्ज

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

पेट्रोलपंप के पास खड़ी सात ट्रकों के बैटरी चोरी हो जाने की रिपोर्ट धरसींवा थाने में दर्ज की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एलीफेण्ड अशोकाटावर शंकर नगर निवासी प्रवीण विजंन 50 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी इण्डेन ऑयलएच पीसीएलबीपीसीएल में सभी ट्रक सिलेण्डर परिवहन में लगे ग्राम धनेली आरके पेट्रोलपंप के सामने 3 अगस्त को रात्रि 10 बजे से 4 अगस्त के मध्य किसी ने 7 ट्रकों में लग बैटरी चोरी कर लिया। घटना की सूचना पुलिस सहायता केन्द्र सिलतरा थाना धरसींवा में देने पर पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर चोरी गये बैटरी का मुवायना जांच के बाद अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है। चोरी गये अनुमानित कीमत 56 हजार रुपये आंकी गई है। घटना की रिपोर्ट बुधवार को रात्रि 10.30 बजे किया गया है।

# मदिरा दुकान के आसपास शराबखोरी तथा प्लास्टिक के उपयोग पर प्रशासन सख्त

**रायपुर/धमतरी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जय प्रकाश मौर्य के द्वारा कोरोना वायरस के सं मण को रोकने मदिरा दुकान के आसपास प्लास्टिक डिस्पोजल ग्लास तथा पानी पाउच के वि य एवं उपयोग पर पाबंदी लगायी गयी है। साथ ही मदिरा दुकान परिसर में मदिरा का उपभोग पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। उक्त आदेश के अनुपालन में आबकारी तथा खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा सँयुक्त कार्रवाई की गयी। मदिरा दुकान के आसपास शराब पीते पाए जाने पर आरोपी राजकुमार निषाद रांवा, अशोक निषाद रांवा, योगेश साहू भखारा तथा दीपक निर्मलकर रुद्री रोड धमतरी के विरुद्ध धारा 36 (च) आब. एक्ट के तहत कार्रवाई की गयी।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-मोहन राव* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, प्रबंध संपादक-ए.एन. द्विवेदी, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2018-20, दूरभाष नंबर 0771, 2972403